सूर्योदय : 5:39
सूर्यास्त : 6:31
अधिकतम तापमान : 42.4
न्यूनतम : 24.6

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-299 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026
03 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे भारत और द. कोरिया

■ प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ली जे म्युंग संग की बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों पर आधारित होंगे।

बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी दोनों देशों का दृष्टिकोण समान है।

भविष्य की रूपरेखा को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश 'विश्वसनीय साझेदारी' को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने को तैयार हैं। इन सबके आधार पर, पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। उन्होंने कहा, चिप्स से जहाज निर्माण, प्रतिभा से प्रौद्योगिकी और मनोरंजन से ऊर्जा तक हम सभी क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे। आज हम अगले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं।

बैठक की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें 'भारत-कोरिया डिजिटल सेतु' की घोषणा महत्वपूर्ण है जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना है। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत कर 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया जो पिछले वर्ष 25.7 अरब डॉलर था।

आधिकारिक सूचना के अनुसार यह बैठक पीएम मोदी और ली के बीच तीसरी आमने-सामने की मुलाकात थी, जो द्विपक्षीय संबंधों में तेजी को दर्शाती है। इस दौरान जहाज निर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में मोदी ने कहा कि यह साझेदारी व्यापक महत्व रखती है और दोनों देश मिलकर शांति और स्थिरता का संदेश देते हैं।

उन्होंने दक्षिण कोरिया के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के निर्णय का स्वागत किया। इससे पहले 19 से 21 अप्रैल तक की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे राष्ट्रपति ली का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह यात्रा भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक पूरकता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक सहयोग पर आधारित है। मोदी ने कहा, हम अगले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं, सेमीकंडक्टर और सूचना टेक्नोलॉजी में साझेदारी को गहरा करने के लिए हम भारत-कोरिया डिजिटल ब्रिज शुरू कर रहे हैं।


### मोदी ने किया सांस्कृतिक संबंधों का जिक्र

भारत और कोरिया के बीच सांस्कृतिक संबंध का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और कोरिया के बीच हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक संबंध है। 2000 साल पहले अयोध्या की राजकुमारी सूरी रत्ना और कोरिया के राजा किम सूरो की कहानी हमारी साझा विरासत है। आज भारत में के-पॉप और के-ड्रामा बहुत ही मशहूर हो रहे हैं। उसी तरह कोरिया में भी भारतीय सिनेमा और संस्कृति की पहचान बढ़ रही है। हमें खुशी है कि प्रेसिडेंट ली खुद भारतीय सिनेमा के प्रशंसक हैं। इस कल्चरल कनेक्ट को मजबूत करने के लिए हम 2028 में भारत-कोरिया फ्रेंडशिप फेस्टिवल आयोजित करेंगे। इसके साथ लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए शिक्षा और टूरिज्म को बढ़ावा देंगे। '

# गृह मंत्री ने की 73 ड्रग्स अपराधियों को सजा दिलाने के लिए एनसीबी की सराहना

**नशे पर प्रहार**

■ दोषियों पर 1.22 करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में 73 मादक पदार्थ अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई दी है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे युवाओं को नशीले पदार्थों की महामारी से बचाने के लिए मोदी सरकार दृढ़ता से ड्रग कार्टलों का सफाया करने के साथ ही उनकी सजा भी सुनिश्चित कर रही है। ड्रग रैकेटों की सांस लेने की हर जगह बंद करने के लिए एनसीबी पूरी ताकत के साथ संकल्पबद्ध है।

वर्ष 2026 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च तक, एनसीबी ने 35 मामलों में 73 ड्रग अपराधियों को दोषी करार दिया है। इनमें से चार अपराधियों को अधिकतम 20 वर्ष की सजा सुनाई गई, जबकि 54 अन्य को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा दी गई। दोषियों पर कुल 1.22 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। एनसीबी की मुकदमों की निगरानी पर केंद्रित रणनीति के कारण दोषसिद्धि दर में निरंतर वृद्धि हुई है। यह दर वर्ष 2024 में 60.5 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 65.5 प्रतिशत हो गई और अब वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 68.6 प्रतिशत पहुंच गई है।

महत्वपूर्ण दोषसिद्धियों में वर्ष 2021 में अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 2.757 किलोग्राम हेरोइन जब्ती का अंतरराष्ट्रीय हेरोइन तस्करी मामला और वर्ष 2022 में फाजिल्का इंडो-पाक बॉर्डर पर 4.235 किलोग्राम हेरोइन जब्ती का मामला शामिल हैं। इन दोनों मामलों में दो विदेशी तस्करों को 20 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

एक अन्य महत्वपूर्ण दोषसिद्धि वर्ष 2023 के स्यूडोएफेड्रिन डायवर्सन मामले में प्राप्त हुई, जिसमें हरियाणा का सोनीपत स्थित एम/एस आल्प्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल था। इस मामले में डायरेक्टर समेत तीन आरोपियों को सात वर्ष की कठोर कारावास की सजा के साथ-साथ प्रत्येक पर 1.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। कंपनी को भी दोषी ठहराया गया।

### आधुनिकीकरण के लिए स्वीकृत किए 420 करोड़

मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ चल रही लड़ाई का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार ने फोरेंसिक क्षमताओं के आधुनिकीकरण के लिए एक योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए 420 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# सरकार बनी तो 300 यूनिट मुफ्त बिजली महिलाओं को 40 हजार वार्षिक पेंशन

■ अखिलेश यादव का चुनावी वादा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बड़ा चुनावी ऐलान किया। कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी, जबकि महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये पेंशन के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने सरकार पर बिजली, स्वास्थ्य और महंगाई के मुद्दों पर तीखा हमला बोला। लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में बुंदेलखंड समेत विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और खाद की कमी से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है और बिजली बिलों में अनियमित बढ़ोतरी की जा रही है। सपा मुखिया ने कहा कि स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली की ठगी के खिलाफ जनता में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में ठेके देने से पहले ही कंपनियों से एडवांस कमीशन लिया जाता है, जिसकी भरपाई उपभोक्ताओं से अधिक बिल वसूलकर की जाती है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बिजली मीटर भी ईवीएम की तरह 'हेराफेरी' कर रहे हैं और जनता अब इस व्यवस्था को समझ चुकी है।

# तुष्टीकरण ने राज्य को किया बेहाल : सीएम योगी

**बंगाल चुनाव**

■ मुख्यमंत्री का टीएमसी पर तीखा प्रहार



**पश्चिम मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंगला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है।

भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'जय श्रीराम' के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' का माहौल है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। योगी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के मुद्दों को उठाते हुए विपक्षी दलों-कांग्रेस, टीएमसी और अन्य-पर आरोप लगाया कि उन्होंने इन वर्गों के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया।

उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार जनजातीय समाज को देश के सर्वोच्च पद पर प्रतिनिधित्व मिला है। बंगाल की ऐतिहासिक विरासत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने रवींद्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कई महान विभूतियों को याद किया।

यह भूमि देश को दिशा देने वाली रही है, लेकिन वर्तमान में अराजकता और अव्यवस्था का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी के शासन में राज्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है, उद्योग बंद हुए हैं और बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां बंद होने से युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराया है।

# उ.प्र. सरकार ने 24 आईएएस अधिकारियों का किया तबादला

■ शशांक त्रिपाठी बने अयोध्या के नए जिलाधिकारी


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 24 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में कई जिलों के जिलाधिकारियों को बदला गया है, वहीं शासन स्तर पर भी अहम जिम्मेदारियों में परिवर्तन किया गया है। इसे प्रशासनिक कसावट और कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जारी सूची के अनुसार, कई महत्वपूर्ण जिलों में नए जिलाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अविनाश कुमार को अलीगढ़, अरविंद सिंह को एटा, अमित आसेरी को बांदा और डॉ. अंकुर लाठर को फर्रुखाबाद का जिलाधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में कविता मीना को हापुड़, ईशा प्रिया को अंबेडकर नगर, चंचल गौड़ को सोनभद्र, अनुपम शुक्ला को गाजीपुर, शशांक त्रिपाठी को अयोध्या तथा ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी का डीएम नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने शासन स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण विभागों में फेरबदल किया है। निखिल टीकाराम फुंडे को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव बनाया गया है। प्रेम रंजन सिंह को सर्व शिक्षा अभियान में अपर राज्य परियोजना निदेशक और मध्यान्ह भोजन अधिकरण का निदेशक नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा अभिषेक पाण्डेय को राजस्व परिषद में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, संजीव रंजन को कृषि विभाग में विशेष सचिव तथा जे. रीभा को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। आशुतोष कुमार द्विवेदी को लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जर्मनी जायेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

■ मेक इन इंडिया और रक्षा उद्योग को लेकर व्यापक वार्ता संभव



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रूपरेखा को अंतिम रूप देना है। इस रोडमैप के तहत दोनों देशों के बीच विभिन्न सैन्य उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए एक ढांचा तैयार किया जाएगा। बर्लिन में सिंह अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस और अन्य नेताओं के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

मंत्रालय ने सिंह की यात्रा से पहले कहा, बातचीत के दौरान रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाने, सैन्य संबंधों को मजबूत बनाने और साइबर सुरक्षा, कृत्रिम मेधा तथा ड्रोन निर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसर तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, दोनों रक्षा मंत्रियों की मौजूदगी में रक्षा औद्योगिक सहयोग रूपरेखा और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग से जुड़े क्रियान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों में भी हाल के वर्षों में गर्मजोशी आई है। निर्यात नियंत्रण में ढील और मामलों के त्वरित निपटारे के कारण जर्मनी से भारत को होने वाला रक्षा निर्यात बढ़ा है। दोनों रक्षा मंत्री भारतीय वायुसेना के लिए छह स्टेल्थ पनडुब्बियों की आपूर्ति को लेकर अंतर-सरकारी समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। जर्मनी की रक्षा क्षेत्र की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) और मजागोन डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) रक्षा मंत्रालय के साथ लगभग पांच अरब यूरो के सौदे पर कीमत को लेकर बातचीत कर रही हैं।

# चुनावी लड़ाई भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ : राहुल

■ अन्नाद्रमुक ने भ्रष्टाचार की वजह से इस भगवा पार्टी के सामने घुटने टेके



**चेन्नई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह चुनावी लड़ाई भाजपा की बांटने वाली राजनीति का विरोध करने, उसे हराने और पूरे लोकतंत्र को कमज़ोर करने के खिलाफ है। श्री गांधी ने कन्याकुमारी ज़िले के दक्षिणी छोर पर स्थित कोलाचेल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हर राज्य पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है और तमिलनाडु में भी वही हथकंडे अपना रही है ताकि अपने सहयोगी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के ज़रिए दिल्ली से राज्य पर शासन कर सके।

अन्नाद्रमुक ने अपने भ्रष्टाचार की वजह से इस भगवा पार्टी के सामने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसका फ़ायदा उठाकर आरएसएस परोक्ष रूप से राज्य पर शासन करने की कोशिश कर रही है। भारत को एकजुट करने के लिए इसी ज़िले से शुरू की गई अपनी भारत जोड़ो यात्रा को याद करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सभी राज्यों को समान महत्व मिलना चाहिए और हर भाषा के पीछे एक इतिहास होता है, ठीक वैसे ही जैसे तमिल भाषा का इतिहास हज़ारों साल पुराना है। श्री गांधी ने यह कहते हुए कि संबंधित राज्यों के लोगों को ही अपने राज्य पर शासन करना चाहिए कहा कि तमिलनाडु पर भी उसके अपने लोगों का ही शासन होना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे भारत के हर राज्य को यह तय करने का अधिकार है, जैसा कि संविधान में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। भाजपा पर संविधान को न मानने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह भगवा पार्टी लोकतंत्र और संघीय सिद्धांतों को पूरी तरह से कमज़ोर करना चाहती है और दिल्ली से शासन करना चाहती है।

### मणिपुर में गृहयुद्ध अभी भी जारी

संघर्ष-ग्रस्त मणिपुर में जारी अशांति का ज़िक्र करते हुए श्री गांधी ने कहा कि कभी शांतिपूर्ण रहा यह राज्य अब गृहयुद्ध की चपेट में है और उन्होंने इस पूर्वोत्तर राज्य की मौजूदा स्थिति के लिए भाजपा को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि उन्होंने वहां आग लगा दी है, सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं और मणिपुर में गृहयुद्ध अभी भी जारी है... जहां भी उन्हें मौका मिलता है, वे सत्ता पर कब्ज़ा करने और दिल्ली से राज्य चलाने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने अन्नाद्रमुक पर कब्ज़ा कर लिया है।

## नाज़ुक मोड़ पर रिश्ते : अमरीका ने जब्त किया ईरानी जहाज

# दूसरे दौर की वार्ता से ईरान का इनकार



**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने अमरीका के साथ प्रस्तावित दूसरे दौर की शांति वार्ता में भाग लेने से इनकार कर दिया है, जिसका मुख्य कारण ईरानी बंदरगाहों पर जारी अमरीकी नाकेबंदी बताया गया है। इस बीच, अमरीकी सेना ने एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया, जिससे पश्चिम एशिया में नाजुक दौर से गुजर रही शांति पर और अनिश्चितता व्याप्त हो गई है। ईरान ने पुष्टि की कि अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी जहाज 'टौस्का' को 'हमला कर जब्त' किया, जिसे उसने युद्धविराम का उल्लंघन बताया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी।

ईरान के खत्म उल-अंबिया मुख्यालय ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई ईरानी वाणिज्यिक जहाजों पर हमला है और इसे 'सशस्त्र समुद्री डकैती' करार दिया। ईरान की अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार इस घटना के बाद ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन हमले भी किए, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी शर्तें 'अवास्तविक और अनुचित हैं और जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती, वार्ता संभव नहीं है। उन्होंने अमरीका पर शर्तें बदलने का आरोप भी लगाया। ईरानी मीडिया के अनुसार, मौजूदा परिस्थितियों में वार्ता के सफल होने की 'कोई स्पष्ट संभावना नहीं' है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान में फिर वार्ता की घोषणा की है।

दोनों देशों के बीच जारी दो सप्ताह का युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। इस बीच अमरीकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि अमरीकी बलों ने रविवार को अरब सागर में ईरानी झंडे वाले मालवाहक जहाज को रोका। सेंटकॉम के अनुसार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस स्प्रूअन्स ने 'टौस्का' को रोका, जो ईरान के बंदर अब्बास की ओर जा रहा था। कई चेतावनियों के बावजूद जहाज के चालक दल ने निर्देशों का पालन नहीं किया। इसके बाद अमेरिकी जहाज ने अपनी पांच इंच की तोप से इंजन कक्ष को निशाना बनाकर उसकी गति निष्क्रिय कर दी, जिसके बाद अमेरिकी मरीन बलों ने जहाज पर चढ़कर उसे अपने नियंत्रण में ले लिया। सेंटकॉम ने कहा कि कार्रवाई 'संतुलित और पेशेवर तरीके' से की गयी। उसने यह भी बताया कि नाकेबंदी लागू होने के बाद से 25 वाणिज्यिक जहाजों को वापस लौटने या दिशा बदलने के निर्देश दिये गये हैं।

### जंग में जो हासिल न हो सका, उसे बातचीत की मेज पर भी नहीं ले पाएगा अमरीका

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल की ओर से शुरू किया गया युद्ध अपने किसी भी उद्देश्य को हासिल करने में विफल रहा है। ईरान ने चेतावनी दी कि अमेरिका को बातचीत की मेज पर उस सफलता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जिसे वह युद्ध के मैदान में हासिल करने में नाकाम रहा है। रूस के समाचार पत्र वेदोमोस्ती को दिए साक्षात्कार में रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान हर मोर्चे पर विफल रहा है। उन्होंने अमेरिका-इजरायल के उन दावों को खारिज कर दिया कि वे सैन्य रूप से ईरान को तेजी से हरा सकते हैं और सत्ता परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनका इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। अल जजीरा के साथ एक अन्य साक्षात्कार में युद्ध के नतीजों पर सवाल उठाते हुए श्री जलाली ने कहा कि उन्होंने कहा था कि वे कुछ ही दिनों में ईरान पर कब्जा कर लेंगे। वे अपने किस उद्देश्य में सफल हुए? किसी में नहीं। अमेरिका-इजरायल के हमले नाकाम रहे हैं।

# अभी भारत को 'विश्वगुरु' कहना सही नहीं

■ भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी बोले



**नई दिल्ली।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने सोमवार को संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि 'क्वांटम कंप्यूटिंग' जैसे उन्नत क्षेत्रों में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अब 'विश्वगुरु' कहना उचित नहीं है और इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

जोशी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने की भी जोरदार वकालत की और कहा कि भीम राव आंबेडकर सहित कई लोगों ने अतीत में इसके लिए प्रयास किए थे, लेकिन प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिली। वह से संबद्ध संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री से जब यह पूछा गया कि भारत के विश्वगुरु बनने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पहचान बनाने के साथ संस्कृत के विकास में देश की क्या भूमिका है, तो उन्होंने कहा कि अभी भारत को 'विश्वगुरु' कहना सही नहीं है। उनके अनुसार, हमें फिलहाल इस शब्द का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अभी विश्वगुरु नहीं है, लेकिन हमें भविष्य में विश्वगुरु बनने का लक्ष्य जरूर रखना चाहिए। जोशी ने कहा कि इस दृष्टिकोण से, संस्कृत आज बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संस्कृत भाषा को और अधिक बढ़ावा देने और 'क्वांटम कंप्यूटिंग' सहित आधुनिक वैज्ञानिक कार्यों में इसके उपयोग की वकालत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'संस्कृत केवल भारत की ही नहीं, बल्कि विश्व की विरासत है। यह सबसे प्राचीन भाषा है। यह ज्ञान और विज्ञान की भाषा है। यह आध्यात्मिकता की भाषा है।

### संस्कृत को राजभाषा बनाने पर जोर

संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने का समर्थन करते हुए जोशी ने कहा कि जब अधिकांश कार्य इस प्राचीन भाषा में किया जाएगा, तो यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा, 'संविधान के निर्माण के समय, डॉ. आंबेडकर ने भी संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने का प्रयास किया था। कई व्यक्तियों ने इस संबंध में प्रस्ताव रखे थे।

# 16 एवं 17 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष का रवैया दुर्भाग्यपूर्णः बी एल वर्मा



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** लोकसभा में विगत 16 एवं 17 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को लेकर हुई चर्चा के बाद मचे बवाल के बीच केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विपक्ष के विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया है।

सोमवार को शहर में स्थित एक होटल में श्री वर्मा द्वारा बुलाई गई प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि लोकसभा में 16 एवं 17 अप्रैल की घटनाओं ने कांग्रेस,समाजवादी पार्टी एवं अन्य विपक्षी दलों की महिला विरोधी मानसिकता को समाज के सामने उजागर करके रख दिया है। उन्होंने विपक्ष के रवैया को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए,इसे महिलाओं का हक उन्हें देने में बाधा उत्पन्न करना बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने देश की आदि आबादी के साथ विश्वास घात किया है। उन्होंने कहा यह लोकतंत्र और महिलाओं की भागीदारी के लिए ऐतिहासिक अवसर था।उन्होंने प्रधानमंत्री के बयान को दोहराते हुए कहा कि नीति निर्माण में महिलाओं की भगीदारी उपकार नहीं है बल्कि यह उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म आधारित विधाई प्रक्रिया को टालने का काम सपा द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का यह आचरण शर्मानाक एवं अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से किसी भी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा और दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व भी सुरक्षित रहेगा।उन्होंने विधेयकों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसके जरिए एक व्यक्ति, एक वोट,एक मूल्य के संवैधानिक सिद्धांत को लागू करना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसी भी तरह के बहानों से जन समुदाय को भ्रमित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं सभी बातों को बखूबी भी समझती है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी दल महिलाओं के अधिकार में बाधा डाल रहे हैं, उन्हें उनके आक्रोश का करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इन दो दिनों में केवल विधेयक ही नहीं गिरे बल्कि विपक्ष देश की महिलाओं की नजरों से गिर गया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, शैलेंद्र मोहन शर्मा, अनुभव उपाध्याय, एमपी सिंह राजपूत तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहीं।

# निगम कर्मचारियों के स्वास्थय के प्रति सदैव गंभीरः मृत्युंजय

## वेलमड हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से निगम ने लगाया कर्मचारी स्वास्थय जांच शिविर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज जनमंच परिसर में वेलमड हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से निगम कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने किया। शिविर में करीब डेढ़ सौ कर्मचारियों का स्वास्थय परीक्षण किया गया।



नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर जनमंच परिसर स्थित कुसुम विहार सभागार में आयोजित शिविर में वेलमड हॉस्पिटल द्वारा परामर्श के अलावा ईसीजी, बीपी व शुगर जांच निशुल्क की गयी। हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित चौहान ने निगम कर्मचारियों के हृदय सम्बंधी रोगों की जांच करते हुए हृदय रोगों से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हृदय रोगी समय-समय पर जांच कराने के अतिरिक्त चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाईयां निरंतर लेते रहें। इसके अलावा सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष कंडारी ने भी निगम कर्मचारियों की जांच कर उन्हें स्वास्थय परामर्श दिया। आयुषी ने नेत्र जांच एवं टीम के सहयोगियों स्नेहा, वैभव जोशी, महावीर, परमिन्द्र, आकाश व सतवेंद्र ने ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर आदि की जांच में सहयोग किया।

इससे पूर्व अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने स्वास्थय जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए फ्रंट लाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यो के त्वरित गति से निष्पादन के लिए जरुरी है कि निगम के कर्मचारी स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों को नगर निगम द्वारा समय-समय पर गलब्स, मास्क व अन्य सफाई उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम अपने कर्मचारियों के स्वास्थय के प्रति सदेव गंभीर रहा है, आज का स्वास्थ्य जांच शिविर उसी दिशा में एक कदम है।

अपर नगरायुक्त ने सभी चिकित्सकों की सीट तक पहुंचकर शिविर के सम्बंध में उनकी तैयारियों की भी जानकारी ली। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने भी सम्बोधित किया। वेलमेड के मैनेजर सागर कोहली व डॉक्टर्स टीम का नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने बुके देकर स्वागत किया। शिविर में मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद सहित अनेक सफाई निरीक्षक भी मौजूद रहे।

### क्रेशर मालिक से रंगादारी मांगने वाला एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने क्रेशर मालिक व पट्टे वालों से रंगदारी की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल वादी करण सिंह पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम मण्डौली गागर थाना बुडिया यमुनानगर हरियाणा तथा वादी रणवीर सिंह पुत्र जयमाल सिंह निवासी ग्राम असलमपुर बरथा थाना बेहट की तहरीर पर आरोपी सुरेन्द्र कुमार निवासी नानौली थाना बेहट, प्रिंस पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी नानौली थाना बेहट, ईश्वरपाल, गौरव मिश्रा समेत अन्य व्यक्ति के नाम पता अज्ञात के विरूद्ध थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसके क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दीखित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमें में वांछित अभियुक्त गौरव मिश्रा पुत्र नारायण प्रसाद मिश्रा निवासी भरत विहार नियर जैन मन्दिर मल्हीपुर रोड थाना कोतवाली देहात को बेहट अड्डा से गिरफ्तार कर लिया।

# अर्णव ने अंडर-14 क्रिकेट टीम में बनायी जगह



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आर्थिक तंगी के बीच शहर के बेटे अर्णव ने अपनी मेहनत और जुनून के दम पर यूपी अंडर-14 क्रिकेट टीम में जगह बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है।

विदित हो कि मां व्हीलचेयर पर और पिता पैरालिसिस से जूझ रहे होने के बावजूद अर्णव ने हार नहीं मानी और अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन कर दिया। प्रेरणादायक पहलू यह है कि उसकी विकलांग मां खुद व्हीलचेयर पर बैठकर बेटे को गेंदबाजी कराती हैं, ताकि वह बेहतर बल्लेबाजी की प्रैक्टिस कर सकें। उसका चयन यूपी अंडर-14 टीम में हुआ। अर्णव का सपना है कि वह एक दिन भारतीय टीम में खेलकर अपने माता-पिता, सहारनपुर और देश का नाम रोशन करें। सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और खासतौर पर चेयरमैन मोहम्मद अकरम की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही अर्णव को आगे बढ़ने का सही प्लेटफॉर्म मिला। क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी लतीफ उर रहमान ने बताया कि चेयरमैन मोहम्मद अकरम के नेतृत्व में सहारनपुर में क्रिकेट को नई दिशा मिली है। नालंदा वर्ल्ड स्कूल के एमडी मुकुल चौधरी ने अर्णव की उपलब्धि पर खुशी जतायी है।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर से रही समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

## सर्वदलीय पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल विद्युत अधिकारी से मिला

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने से हो रही आमजन की परेशानियों को लेकर पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में सर्वदलीय पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल विद्युत अधिकारी से मिला।



पार्षद टिंकू अरोड़ा ने विद्युत अधीक्षण अभियंता आरएस वर्मा को बताया कि नगर में अधिकतर जगहों पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। इन मीटरों की वजह से सहारनपुर वासियों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है। 200 रु या 300 रु बिल होने पर भी मीटर की लाइट बंद कर दी जाती है। विद्युत विभाग में संपर्क करने पर और पैसे जमा करवाने पर भी एक या दो दिन तक भी चालू नहीं होती। जो अपना घर ही बड़ी कठिनाई से चलाता है, वह एडवांस पैसे कैसे जमा करवा सकता है। उन्होंने ज्ञापन में मांग की कि तत्काल प्रीपेड स्मार्ट मीटर उतरवाकर पुराने वाले मीटर लगवाये जाये, जिससे सहारनपुर नगर की जनता को निजात मिल सके। अधीक्षण अभियंता आरएस वर्मा ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का निस्तारण किया जाएगा। आईआईटी के इंजीनियर इसकी जांच कर रहे है। जल्द ही समस्या का हल निकाल दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद इमरान सैफी, पार्षद नितिन जाटव, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद फराज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# घंटाघर चौराहे पर यातायात कर्मियों को मिली धूप से राहत

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी में यातायात कर्मियों की सेवा को देखते हुए पार्षद राहुल झाम्ब एवं समाज सेवी राम राजपूत द्वारा आज घंटाघर चौराहे पर छतरियां लगवाई गईं।

पार्षद राहुल झाम्ब ने बताया कि धूप और गर्मी में घंटों खड़े होकर यातायात संभालने वाले पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए यह छोटा सा प्रयास किया गया है। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों ने भी पार्षद का आभार जताया। इस अवसर पर राहुल झाम्ब ने कहा कि जो लोग हमारी सुरक्षा के लिए कड़ी धूप में खड़े रहते हैं, उनकी सुविधा का ध्यान रखना हम सबका दायित्व है।

# सीसीटीवी की निगरानी भी नहीं बचा सकी मासूम जिंदगियां

**कानपुर।** शहर में रविवार तड़के सामने आई एक खौफनाक वारदात ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। एक पिता, जिसे अपनी बेटियों का सबसे सुरक्षित सहारा माना जाता है, वही उनके लिए मौत का कारण बन गया। दवा कारोबारी शशिरंजन मिश्रा ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वा बेटियों की ऐसी निर्ममता से हत्या की, जिसे सुनकर रूह कांप उठे। पुलिस और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने इस जघन्य अपराध की क्रूरता को उजागर किया है। आरोपी ने पहले मासूम बेटियों का गला दबाया, ताकि उनकी आवाज हमेशा के लिए खामोश हो जाए, और फिर चापड़ से वार कर उनकी सांस नली को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। यह सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि बर्बरता की पराकाष्ठा थी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मां रेशमा छेत्री के बयान ने इस त्रासदी को और भी भयावह बना दिया। उसने बताया कि शशिरंजन लंबे समय से नशे का आदी था और उसका व्यवहार लगातार हिंसक होता जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते इतने बिगड़ चुके थे कि दोनों एक ही घर में अलग-अलग कमरों में रहने को मजबूर थे। अनहोनी की आशंका के चलते रेशमा ने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवा रखे थे, लेकिन यह तकनीकी निगरानी भी उस हैवानियत को रोक नहीं सकी, जो कुछ ही मिनटों में सब कुछ खत्म कर गई। पूछताछ के दौरान आरोपी के बयान भी उसकी मानसिक स्थिति की उलझन को दर्शाते हैं। कभी वह अपनी मौत का डर बताता है, तो कभी आर्थिक तंगी का हवाला देता है। पुलिस इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है, लेकिन यह साफ है कि यह अपराध किसी एक वजह का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रहे तनाव, नशे और टूटते रिश्तों का विस्फोट है। इस वारदात के पीछे 12 साल पुरानी प्रेम कहानी का दर्दनाक अंत भी छिपा है। 2014 में परिवार के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह करने वाला यह जोड़ा, समय के साथ रिश्तों के बोझ तले बिखरता चला गया। रेशमा के अनुसार, शशिरंजन नशे में अक्सर मारपीट करता था और संवाद पूरी तरह खत्म हो चुका था। मां की मृत्यु के बाद उसका व्यवहार और असामान्य हो गया था। वह बार-बार बेटियों को अपने साथ ÷ले जाने÷ की बात करता था जो अब एक भयावह सच्चाई बन चुकी है। यह घटना सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि समाज के सामने एक कड़वा सवाल भी है क्या हम घेरलू हिंसा, मानसिक तनाव और नशे की समस्या को समय रहते गंभीरता से लेते हैं?

### 'निर्ममता की जड़ें'

इस घटना में क्रूरता अचानक नहीं आई। लगातार नशा, मानसिक असंतुलन और घरेलू तनाव ने मिलकर एक ऐसी मानसिकता तैयार की, जहां संवेदनाएं खत्म हो गईं। जब परिवार में संवाद खत्म होता है, तो हिंसा की जमीन तैयार होती है।

### 'सीसीटीवी भी बेबस'

तकनीक सुरक्षा का माध्यम हो सकती है, समाधान नहीं। यहां सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद अपराध नहीं रुक सका। यह दिखाता है कि असली सुरक्षा जागरूकता, समय पर हस्तक्षेप और सामाजिक समर्थन में है, सिर्फ निगरानी में नहीं।

### 'चेतावनी के संकेत जिन्हें नजरअंदाज किया गया'

बार-बार हिंसक व्यवहार, नशे की लत, ÷सब खत्म कर देने÷ जैसी बातें ये सभी गंभीर चेतावनी संकेत थे। अगर समय रहते मनोवैज्ञानिक या कानूनी मदद ली जाती, तो शायद यह त्रासदी टल सकती थी।

### सेंध लगाकर लाखों की चोरी कर चोर फरार, पुलिस जांच में जुटी

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में बेखौफ चोरों ने दिया लाखों की चोरी को अंजाम। नजीबाबाद के चौक बाजार में स्थित हरिओम कपड़े, गजरे और ऊन की मशहूर दुकान से लाखों रुपए की नकदी और सामान लेकर कर फरार हो गए। दुकानस्वामी भाजपा नेता लवी अग्रवाल ने बताया कि जब सुबह उनके पिता ने दुकान खोली तो गल्ले का ताला टूटा हुआ और दुकान का सारा सामान गायब मिला उन्होंने बताया कि चोर नए नोटो के सारे गजरे और अन्य कीमती सामान लेकर रफू चक्कर हो गए। चोरी की वारदात से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नजीबाबाद सीओ अंजनी कुमार पुलिस बल के साथ मौके का जायज़ा कर कार्यवाही के आदेश दिए उन्होंने कहा कि जल्द ही शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### फर्जी लैटर पर पुलिस स्कोर्ट लेने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने फर्जी लैटर पर पुलिस स्कोर्ट लेने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को वादी उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडना थाना कोतवाली देहात की तहरीर पर अभियुक्त मौ.अनस पुत्र मौ.यासीन निवासी ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर द्वारा केन्द्रीय लोक शिकायत जाँच आयोग संगठन भारत सरकार के कानूनों के अधीन भारतीय न्याय अधिनियम राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहैल खान सुक्ष्म लघु एव मध्यम उधम मंत्रालय रजि. द्वारा जारी जनपद सहारनपुर भ्रमण कार्यक्रम एक फर्जी लैटर पर पुलिस स्कोर्ट लेने के सम्बंध मे थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा व उपनिरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में आज वांछित अभियुक्त मौ.अनस को बेहट रोड गोयल ढाबे के पास से गिरफ्तार किया गया।

# मुकुट चोरी कांड का पुलिस ने किया खुलासा

## पति-पत्नी समेत तीन गिरफ्तार, चांदी गलाकर बनाए बिस्कुट

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र के घंटाघर चौराहे स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में 11 अप्रैल को हुई मुकुट चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने चोरी को अंजाम देने वाले एक पति-पत्नी और चोरी का माल खरीदने वाले एक सुनार को गिरफ्तार किया है।



घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंचे और जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों ने मंदिर से भगवान के पांच बड़े और दो छोटे चांदी के मुकुट चोरी किए थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि कुछ समय पहले हुए एक सड़क हादसे में उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ था। इसी नुकसान की भरपाई के लिए उन्होंने इस वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने शहर के तीन प्रमुख मंदिरों को निशाना बनाने की साजिश भी रची थी।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि चोरी किए गए मुकुट एक स्थानीय सुनार को बेच दिए गए थे। सुनार ने इन मुकुटों को गलाकर चांदी के बिस्कुट में तब्दील कर दिया। पुलिस ने सुनार के कब्जे से चांदी के बिस्कुट और नकदी बरामद कर ली है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य संभावित मामलों की भी पड़ताल की जा रही है।

# साहिब जी नगर में 15 एचपी जल पंप रिबोर कार्य का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर के वार्ड 18 स्थित साहिब जी नगर में 15 एचपी क्षमता के जल पंप के रिबोर कार्य का पूजा अर्चना के साथ विधिवत् शुभारंभ किया गया। जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल मानी जा रही है। लंबे समय से जलापूर्ति संबंधी समस्याओं से जूझ रहे स्थानीय लोगों को इस कार्य से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर संबंधित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उद्घाटन में मुख्य रूप से पार्षद संजय सैनी, भाजपा नेता संदीप रावत,राकेश कल्याण पार्षद, सुलेख चंद्र पार्षद, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार, विजय, राकेश कुमार के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# सोमनाथ आस्था यात्रा को हरी झंडी, कानपुर से रवाना हुए श्रद्धालु



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोमती नगर रेलवे स्टेशन से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत विशेष आस्था ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में प्रदेशभर से चयनित 1008 श्रद्धालु और प्रतिनिधि शामिल हैं, जो सोमनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए।

लखनऊ से रवाना होकर जैसे ही यह विशेष ट्रेन कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-8 पर पहुंची, वहां श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल के जवान पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए भोजन, पेयजल और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं रेलवे प्रशासन की ओर से सुनिश्चित की गईं।

ट्रेन में सवार श्रद्धालुओं ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने आस्था से जुड़ी भावनाओं का सम्मान किया है। कई यात्रियों ने इसे जीवन का यादगार अवसर बताया और कहा कि इस तरह की योजनाओं से आम लोगों को बड़े तीर्थ स्थलों तक पहुंचने में सहूलियत मिलती है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार यह ट्रेन शाम करीब 4ः30 बजे लखनऊ से रवाना होकर कानपुर होते हुए 21 अप्रैल की सुबह लगभग 6 बजे सोमनाथ मंदिर स्टेशन पहुंचेगी।

श्रद्धालु वहां पूजा-अर्चना करने के बाद 24 अप्रैल को वापसी यात्रा शुरू करेंगे और 26 अप्रैल को लखनऊ लौटेंगे।

**ट्रेन का टाइम-टेबल**

-प्रस्थानः लखनऊ - 19 अप्रैल शाम 4:30 बजे

-कानपुर सेंट्रल आगमनः 19 अप्रैल शाम 6:30

-सोमनाथ पहुंचने का समयः 21 अप्रैल, सुबह 6:00 बजे

वापसी प्रस्थानः 24 अप्रैल

लखनऊ आगमनः 26 अप्रैल

## भगवान परशुराम जयंती की पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधुओ ने भाग लिया



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** भगवान परशुराम वेलफेयर ट्रस्ट आदर्श नगर नजीबाबाद की ओर से शिव मंदिर से भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा प्रारम्भ हुई जो कि आदर्श नगर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई गली नंबर ए.. 10 से साहू जैन कॉलेज आकाशवाणी राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए आदर्श नगर बिजली घर मार्ग से होते हुई पुन शिव मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में भगवान परशुराम के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाती कई झाकी आकर्षण का केंद्र रहीं। साथ चल रहे बैंड-बाजे पर भगवान परशुराम के जीवन की महत्ता बताने वाले भजन गूंजते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस भी मुस्तैद रही। शोभायात्रा से पूर्व एक हवन का आयोजन किया गया जिसमें शोभायात्रा के पदाधिकारियो ने भाग लिया कार्यक्रम के अपराध प्रसाद का आयोजन भी किया गया । कार्यक्रम संयोजको ने शोभायात्रा में आए सभी बंधुओ का का आभार व्यक्त किया ! शोभायात्रा में कार्यक्रम संयोजक सौरभ भारद्वाज, बलराज त्यागी, नितेश त्यागी, वरुण आत्रे,अतुल शर्मा, पूर्व प्रधान प्रभा शर्मा, अमन त्यागी, पूर्व प्रधानाचार्य महेशबल शर्मा, पंकज शर्मा, दीपक शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नितिन त्यागी, दीपक शर्मा, सुनील शर्मा, नवीन शर्मा, अंशिका,रश्मि आदि ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# डीएम ने अधिशासी अभियंता को सभी सीमावर्ती ग्रामों में पाइप पेयजलापूर्ति शत प्रतिशत रूप से सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** डीएम साहिबा जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला तकनीकी इकाई, जल निगम ग्रामीण की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिशासी अभियंता एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी सीमावर्ती ग्रामों में पाइप पेयजल टंकी का निर्माण कर हर घर में पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमावर्ती गांवों में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत घरों के साथ-साथ ग्राम स्थित स्कूल, बरात घर, पंचायत घर एवं मंदिर में पानी का कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में जल की उपलब्धता एक बड़ी समस्या है, अधिकांश क्षेत्रों में जल स्रोत मानक के अनुरूप उपलब्ध न होने के कारण ग्रामीण लोग हैंडपंपों का निर्माण भी करने में असमर्थ हैं, जिसके कारण पानी की उपलब्धता उनके लिए एक कठिनाई का कारण बनी हुई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमावर्ती गांव में से कोई भी ग्राम पानी की टंकी बनाने और घर-घर जल पहुंचने से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि टंकी के निर्माण कार्य में की जाने वाली सड़कों की खुदाई की भी तत्काल मरम्मत पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराएं, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन में दुश्वरी न हो। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ग्रामीण जल निगम तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम के विजन का कमाल, कूड़े के पहाड़ को बना दिया पर्यटन स्थल

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे ईको पार्क का लोकार्पण
- 23 अप्रैल को होगा जनता को समर्पित

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** नजर बदलने से नजारा कैसे बदलता है, इसका जीवंत उदाहरण राप्ती नदी का एकला बंधा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से जो एकला बंधा कूड़े का पहाड़ बन गया था, वह अब शहर के एक नए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो गया है। लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर एकला बंधा पर नगर निगम ने ईको पार्क बना दिया है। इसके सामने की सड़क को भी फोरलेन बना दिया गया है। इस ईको पार्क और इसके सामने से बाघागाड़ा तक जाने वाली फोरलेन सड़क को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अप्रैल (गुरुवार) को लोकार्पित करेंगे। इस समग्र परियोजना पर 41.50 करोड़ रुपये की लागत आई है।

### समग्र परियोजना पर आई 41.50 करोड़ की लागत

लिगेसी वेस्ट के निस्तारण, ईको पार्क के विकास और फोरलेन सड़क निर्माण पर नगर निगम ने कुल 41.50 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विशाल कूड़े के ढेर को निस्तारित करने में 9 करोड़ रुपये जबकि ईको पार्क बनाने में 4.50 करोड़ रुपये की लागत आई। फोरलेन सड़क बनाने में 28 करोड़ रुपये व्यय हुए हैं।

राप्ती नदी पर राजघाट पुल के समीप एकला बंधा पर कूड़े का विशाल ढेर पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन गया था। इस लिगेसी वेस्ट में मीथेन गैस उत्सजर्न के कारण कई बार स्वतः आग भी लग जाती थी। दुर्गंध और वायु प्रदूषण आसपास की आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ था। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल बताते हैं कि दशकों से इकट्ठा कूड़े के निस्तारण के लिए सीएम योगी के मार्गदर्शन में नगर निगम ने एक कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया और सुखद परिणाम आज सामने है। नगर आयुक्त के अनुसार बायो रेमेडिएशन के माध्यम से नगर निगम ने 2.26 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कराकर 40 एकड़ भूमि को मुक्त कराया। इतने बड़े क्षेत्रफल में जमीन कूड़ामुक्त हुई तो इसे सिटी फॉरेस्ट और ईको पार्क के रूप में विकसित किया गया। अब लोग यहां प्राकृतिक एवं स्वच्छ वातावरण में पिकनिक मनाने आ सकेंगे। यहां वाकिंग ट्रैक और फुटपाथ बनाए गए हैं, जहां लोग मॉर्निंग और इवनिंग वाक कर सकेंगे। योग और ध्यान के लिए अलग स्थान हैं। बच्चों के लिए भी सुरक्षित किड्स जोन का विकास किया गया है। इसके अलावा नगर निगम ने ईको पार्क के सामने से होकर बाघागाड़ा तक जाने वाले 2.90 किमी लंबे मार्ग पर फोरलेन सड़क बनवा दिया है। इस फोरलेन सड़क के डिवाइडर पर ग्रीन बेल्ट भी विकसित किया गया है।

### ईको पार्क में स्वच्छ स्कूल अभियान का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

ईको पार्क एवं फोरलेन सड़क के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। यह अभियान, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सिटी लीडरशिप का विशेष कार्यक्रम है। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव का कहना है कि स्वच्छ स्कूल अभियान केवल स्वच्छता का कार्यक्रम मात्र नहीं है बल्कि यह आने वाली पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी माध्यम है। स्वच्छ स्कूल अभियान के जरिये स्थायी व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता एवं सफाई, रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल, मासिक धर्म स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इस अभियान में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए वार्ड, जोन और नगर स्तर पर वेस्ट टू आर्ट, निबंध, क्विज, रील्स जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल स्टार रेटिंग प्रणाली के माध्यम से स्कूलों को 1 स्टार, 3 स्टार या 5 स्टार स्वच्छ स्कूल का दर्जा प्रदान किया जाएगा। इसके मूल्यांकन के लिए तृतीय पक्ष से आकलन कराया जाएगा।

# एसपी सिटी बदायूं के खिलाफ याचिका खारिज

- पत्नी ने दिया था कोर्ट में अर्जी, धोखा देकर तलाक की अर्जी पर हस्ताक्षर कराने का लगाया था आरोप

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** पुलिस अधीक्षक शहर बदायूं अभिषेक कुमार सिंह द्वारा पत्नी ऋषिका सिंह को धोखा देकर तलाक देने के मामले में मुकदमा दर्ज करने की याचिका मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार ने खारिज कर दी। अदालत में एसपी सिटी बदायूं अभिषेक कुमार सिंह की ओर से अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने पक्ष रखा।

प्रकरण के अनुसार टकटकपुर निवासिनी ऋषिका सिंह ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की अदालत में बीएनएनएस की धारा-173(4) के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि उसकी शादी वर्तमान में एसपी सिटी बदायूं अभिषेक कुमार सिंह का विवाह 24 फरवरी 2012 में हुआ था। उस दौरान अभिषेक कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कैंट वाराणसी के पद पर कार्यरत थे। ऋषिका सिंह ने तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस पति अभिषेक कुमार सिंह के विरुद्ध लखनऊ में धारा 498, का मुकदमा सरोजनी नगर थाने में किया था, जिसे अभिषेक कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दी तथा उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ द्वारा मामले को सुलह समझौता केंद्र संदर्भित कर दिया गया। जहां दोनों पक्ष द्वारा 46 लाख रुपए और फ्लैट पर समझौता कर लिया गया। जिसके बाद उच्च न्यायालय ने अभिषेक कुमार सिंह के विरूद्ध दर्ज आपराधिक मुकदमा को विखंडित कर दिया।

अभिषेक कुमार और उनकी पूर्व पत्नी द्वारा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय लखनऊ में सहमति से तलाक का मुकदमा दाखिल कर उच्च न्यायालय लखनऊ से कूलिंग पीरियड समाप्त करवाकर अपने सभी लंबित मुकदमों को वाराणसी और लखनऊ से बल न देकर निस्तारित करवा लिया। जिसके उपरांत परिवार न्यायालय लखनऊ से द्वितीय मोशन की प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान को ऋषिका सिंह ने प्राप्त कर लिया। जिसके बाद परिवार न्यायालय लखनऊ द्वारा उभयपक्ष का विवाह विखंडित कर दिया। जिसके कुछ माह उपरांत अभिषेक कुमार सिंह की पूर्व पत्नी द्वारा थाना शिवपुर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी के न्यायालय में अभिषेक कुमार सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का प्रार्थना पत्र दिया कि अभिषेक कुमार सिंह द्वारा बहला-फुसलाकर धोखे से पेपर पर हस्ताक्षर करवा कर तलाक दे दिया है। जिसके बाद न्यायालय द्वारा अभिषेक कुमार सिंह को नोटिस जारी की गई,जिसपर अभिषेक कुमार सिंह के अधिवक्ता अंशुमान द्वारा न्यायाल में लिखित आपत्ति देते हुए उनका पक्ष रखा की समझौते की प्रक्रिया उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में हुई थी।

# मुख्यमंत्री अरोग्य मेले में 102 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, दी गई नि:शुल्क दवाएं



- गर्मी में होने वाली बीमारियों और उनके उपचार के बावत ग्रामीणों को दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** विकासखंड जैतपुर के अजनर और खमा गांव में मुख्यमंत्री अरोग्य मेले के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लगाए गए शिविरों में चिकित्सकों की टीम ने 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यतानुसार दवाओं का वितरण किया। उमस भरी गर्मी के चलते सबसे ज्यादा मरीज उल्टी, दस्त, पेट दर्द और फूड प्याइजिंग से संबन्धी आए, जिनका टीम ने बेहतद उपचार कर आराम करने और धूप से बचाव की सलाह दी। इस मौके पर गर्मी में होने वाली बीमारियों और उनके उपचार के बावत ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके चौरया के निर्देशन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। अजनर में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. रामकुमार, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र, अरुण तथा स्टाफ नर्स भगवती की टीम ने 52 मरीजों का पंजीकरण करते हुए उनकी जांच की। वहीं खमा गांव में आयोजित मेले में डॉ. पवन राजपूत, डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. जेपी पास्तोर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, स्टाफ नर्स किरन, भानकुंवर, उमा और माया की टीम ने 50 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद दवा देकर समय से खाने की सलाह दी।

स्वास्थ्य मेले दौरान सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि गर्मी के महीनों में भोजन से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि गर्म मौसम में कच्चे मांस और मुर्गी उत्पादों पर रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। बताया कि गर्मी में उल्टी होने का मुख्य कारण पानी की कमी, लू लगना और खराब या बासी खाना (फूड पॉइजनिंग) है। तेज धूप और गर्मी से शरीर के इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाती है।

# शादी में खाना खाने के बाद 13 लोगों को फूड प्वाइजनिंग, अस्पताल में भर्ती

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही खाद्य विषाकक्ता के चलते मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगता है। इसी क्रम में जिले में अलग अलग क्षेत्रों में शादी समारोह कार्यक्रम दौरान भोजन करने के बाद नौ और दही खाने के बाद दो बच्चों सहित चार लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर बीमार पड़ गए। सभी बीमारों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों की देखरेख में उपचार किया ज रहा है।

रतौली गांव निवासी राममिलन प्रजापति की बेटी करिश्मा की शादी की रस्में चल रही थीं। 21 अप्रैल को टीका समारोह होना था। घर में रिश्तेदार और मेहमान आए हुए थे। बीती शाम को आए हुए मेहमानों को आलू टमाटर की सब्जी और चावल परोसी गई। खाना खाने के कुछ देर बाद सबसे पहले बच्चों में उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण दिखे, जिसके बाद कुल 9 लोग इसकी चपेट में आ गए। बीमारों में लक्ष्मण (60) समेत मध्य प्रदेश के बजरंगपुर और धावरी गांव से आए रिश्तेदार शामिल हैं। प्रभावित लोगों में 5 बच्चे, 3 महिलाएं और एक पुरुष हैं। पहले उन्हें पसवारा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर सभी को जिला अस्पताल लाया गया। डॉ. शिशुपाल ने बताया कि यह फूड पॉइजनिंग के चलते लोगों की तबीयत बिगड़ी है।

वहीं थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के लाड़पुर निवासी जय सिंह (36) ने अपने परिवार के साथ भोजन किया। इस भोजन में घर का बना दही भी परिजनों ने सेवन किया। दही खाने के लगभग आधे घंटे बाद जयसिंह के अलावा उसकी पत्नी हीरेंश, सात वर्षीय बेटा प्रतीक और सात वर्षीय बेटी निधि की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें पेट में तेज दर्द के साथ लगातार उल्टियां होने लगीं।

# वन विभाग के कार्यों का उच्च अधिकारियों ने निरिक्षण कर लिया जायजा

- मृदा कार्य, पौधशाला कार्य का जायजा लेते हुए कार्य को समय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के दिए गए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** पौधारोपण को लेकर वन विभाग के अफसरों ने नर्सरियों का दौरा शुरू कर दिया है। इसी क्रम में खंड जोन झांसी के मुख्य वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला वन रेंज के अंतर्गत आने वाले वन ब्लाक में चल रहे एसएमसी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अग्रिम मृदा कार्य, पौधशाला कार्य का जायजा लेते हुए कार्य को समय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

प्रभागीय वनाधिकारी, ने जिला वन रेंज के अंतर्गत सिजहरी वन ब्लॉक तृतीय व चतुर्थ में एसएमसी कार्य एवं सिजहरी वन ब्लॉक 10 व 15 में अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बरा गांव में पौधशाला और वन ब्लॉक द्वितीय 20 के अलावा दिकवाहा 20 में अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान प्रभागीय वनाधिकारी ने पौधशाला में पौधों के रखरखाव, निराई, गुड़ाई एवं साफ सफाई आदि कार्यों को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभागीय वनाधिकारी ने निरीक्षण कर पौधों की ग्रेडिंग करने का निर्देश दिया। ग्रेडिंग के आधार पर ही विभाग खुद पौधारोपण करने के साथ अन्य विभागों को उपलब्ध कराएगा। वहीं, किसानों को वन विभाग फलदार पौधे उपलब्ध कराएगा जिससे उनकी रुचि बनी रहे। उधर, प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी वन क्षेत्राधिकारी से नर्सरी में तैयार पौधों की प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी के अलावा वन कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मोडिफाइड साइलेन्सर लगे वाहनों पर कार्यवाही

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी जी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार द्वारा रोडवेज बस अड्डे पर मोडिफाइड साइलेन्सर लगे वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम द्वारा 54 वाहनों के साइलेन्सर तथा ध्वनि प्रदूषण की जांच की गई। जांच में एक बुलेट मोटरसाइकिल मोडिफाइड साइलेन्सर लगे पाई गई, इसका बीमा भी वर्ष 2020 से समाप्त था। बुलेट मोटरसाइकिल का चालान कर रू0 17 हजार का जुर्माना लगाया गया। वाहन स्वामी को निर्देशित किया गया कि वह साइलेन्सर को सही कराकर कार्यालय में निरीक्षण करायें अन्यथा आर0सी0 सस्पेण्ड कर दी जायेगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इससे पूर्व परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के निर्देशानुसार दिनांक 18-04-2026 को एआरटीओ कार्यालय फर्रूखाबाद में एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव द्वारा वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** 'मिशन वात्सल्य' के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आज जिलाधिकारी श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड एवं ग्राम स्तर पर गठित समितियों की बैठक हेतु रोस्टर जारी करते हुए प्रत्येक त्रैमास में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी ब्लॉक स्तर की बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों की बैठकों का एक वर्ष का रोस्टर तैयार कर नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी नगर को श्रम विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ संयुक्त टीम बनाकर बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों का सत्यापन उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कराते हुए समिति के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत सभी पात्र बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनवाए जाएं। साथ ही जनपद के होटल, ढाबों एवं कारखानों में बाल श्रम की रोकथाम हेतु श्रम विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाए। ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन, विशेषकर स्कूटी एवं ई-रिक्शा चलाने की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई हेतु सघन अभियान चलाया जाए। बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक विद्यालय में प्रति माह गोष्ठी आयोजित कर विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से अपील की गई कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, आपातकालीन सेवा 112 अथवा विभागीय सीयूजी नम्बर 7518024057 पर दें।

# 1100 बटुकों ने एक साथ धारण किया यज्ञोपवीत, अक्षय तृतीया पर धर्मसंघ में हुआ का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की तपोभूमि श्रीधर्मसंघ, मणि मन्दिर (दुर्गाकुण्ड) में सोमवार को एक साथ 1100 बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र यज्ञोपवीत धारण किया। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह ही इस बार भी धर्मसंघ पीठाधीश्वर स्वामी शंकरदेव चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के पावन सानिध्य में बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार पूर्ण किया गया। यज्ञोपवीत के निमित्त प्रातः सात बजे से ही धर्मसंघ प्रांगण में विविध आयोजन प्रारम्भ हो गए थे। सबसे पहले मुख्य यजमान एवं बटुकों द्वारा संकल्प लिया गया, तत्पश्चात सविधि पंचांग पूजन किया गया, इसके उपरांत

बटुकों का स्नानादि और छौरकर्म कराया गया तत्पश्चात पीले वस्त्रों में बटुकों ने सम्पूर्ण वैदिक रीति रिवाज के साथ यज्ञोपवीत धारण किया। सभागार में बने 101 वेदियों पर मुख्य आचार्य पंडित शिवपूजन पाण्डेय, सह आचार्य पं. रामानन्द पाण्डेय के आचार्यत्व में 111 सहआचार्यो ने बटुकों से प्रक्रिया पूर्ण करवायी। बटुकों ने परिजनों से भिक्षा मांगकर रिवाज निभाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलायें लोकाचार के मंगल गीत का गान करती रही। कार्यक्रम संयोजक धर्मसंघ के महामंत्री पण्डित जगजीतन पाण्डेय ने बताया कि ब्राह्मणों में यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ही वेद अध्ययन का प्रावधान है, इसलिए शिक्षारम्भ से पूर्व उन्हें यज्ञोपवीत कराना अनिवार्य है, अन्यथा वे वेद के अध्ययन के अधिकारी नही होंगे।

उन्होंने बताया कि यज्ञोपवीत की पवित्रता ही ब्रह्म को पूर्णता प्रदान करती है। इस अवसर पर शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी सहित अन्य गणमान्य जनों ने भी बटुकों को आशीर्वाद दिया। मुख्य यजमान रामप्रकाश दुबे ने अन्य अनुष्ठान संपन्न कराये। मणि मंदिर में श्री धर्मसंघ शिक्षा मण्डल के वैदिक बटुकों को शास्त्रीय संगीत का निःशुल्क प्रशिक्षण भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुरू हुआ। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की प्रेरणा से इस प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉकड्रिल का आयोजन, लोगों को दी गई आग से बचाव की जानकारी



**फैजान अली, महोबा।** शशांक सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत तथा ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न होटलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान होटल स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अग्निशमन यंत्रों के सही एवं प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के उपायों का प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा यह संदेश दिया गया कि गर्मी के मौसम में छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, अतः सभी नागरिक सतर्क रहें एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। महोबा पुलिस एवं अग्निशमन विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे जनपद में अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाई जा सके।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर 28 अप्रैल को आ रहे काशी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे काशी को ?6500 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे, जिसमें गंगा पर सिग्नेचर ब्रिज का शिलान्यास भी शामिल है।

# सीएम ग्रिड से महानगर में तैयार हो रही स्मार्ट सड़कों की श्रृंखला

- नव शहरी विकास में स्मार्ट रोड कनेक्टिविटी की महत्वाकांक्षी परियोजना है सीएम ग्रिड

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्मार्ट रोड कनेक्टिविटी की जरूरत को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में शुरू की गई सीएम ग्रिड योजना नव शहरी विकास में गेम चेंजर बनने जा रही है। पर्यावरण को बिना कोई नुकसान पहुंचाए इस योजना के तहत गोरखपुर में स्मार्ट सड़कों की नई श्रृंखला तैयार हो रही है। शहर में सीएम ग्रिड के तहत पहले चरण की स्मार्ट सड़क लगभग बन गई है जबकि दूसरे चरण में चयनित सड़कों पर काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा तीसरे चरण के मुख्य और पूरक सूची में कुल छह मार्गों पर स्मार्ट सड़क बनाने के धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। स्मार्ट सड़कों के लिए गोरखपुर के हिस्से अबतक करीब 340 करोड़ रुपये की धनराशि आ चुकी है।

सीएम ग्रिड (चीफ मिनिस्टर ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट), स्मार्ट सिटी के विजन से जुड़ी योगी सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। गोरखपुर के नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल का कहना है कि सीएम ग्रिड के तहत ऐसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है जो सुरक्षित, बार-बार तोड़फोड़ से मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल होंगी। सीएम ग्रिड में मार्ग के किनारे के वृक्षों को हटाया नहीं जा रहा है, इससे हरियाली भी बरकरार रहेगी। इसके साथ ही पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ और बेहतर स्ट्रीट लाइटिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। स्मार्ट सड़क में स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट के साथ ही यूटिलिटी डक्ट भी बनाया जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि सड़क बनने के कुछ ही दिनों बाद बिजली, टेलीफोन या गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए उसे खोद दिया जाता है। सीएम ग्रिड के तहत सड़कों के किनारे विशेष डक्ट बनाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को खोदने की जरूरत नहीं होगी। स्मार्ट सड़क इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यूटिलिटी डक्ट नगर निगम के लिए निश्चित आय का आधार भी बनेगा। यूटिलिटी डक्ट का उपयोग जिन संस्थाओं द्वारा अपने कार्य के लिए पाइपलाइन (बिजली, गैस) आदि डालने के लिए किया जाएगा, वे नगर निगम को इसके लिए किराया देंगी।

### सीएम ग्रिड : एक नजर में

**प्रथम चरण** : राप्तीनगर क्षेत्र की तीन सड़कें। स्वीकृत धनराशि 44 करोड़, भौतिक प्रगति कार्य 90 प्रतिशत से अधिक।

**द्वितीय चरण** : छात्रसंघ चौक से अंबेडकर चौक होते हुए शास्त्री चौक, शिवाय होटल से विजय चौक होते हुए गणेश चौक, कालीमंदिर से गोलघर होते हुए कचहरी चौक, ऐशप्रा तिराहा से अंबेडकर चौक, हरिओम नगर तिराहा से होटल शिवाय। स्वीकृत धनराशि 53.68 करोड़ रुपये, भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत से अधिक।

**तृतीय चरण** : **1.** गणेश चौक से विश्वविद्यालय चौक एवं अलंकार ज्वेलर्स से एचपी स्कूल, डीएम आवास होते हुए हरिओम नगर तिराहा तक। स्वीकृत धनराशि 45.68 करोड़ रुपये। निविदा प्रक्रिया में। **2.** पोर्ट्स कॉलेज रोड से जायसवाल मार्ट होते हुए पुलिया तक। स्वीकृत धनराशि 23.43 करोड़ रुपये। निविदा प्रक्रिया में। **3.** कचहरी चौक से शास्त्री चौक होते हुए बेतियाहाता चौक तक। स्वीकृत धनराशि 21.60 करोड़ रुपये। निविदा प्रक्रिया में।

**तृतीय चरण (अनुपूरक)** : **1.** बेतियाहाता चौक से अलहदादपुर तिराहा, टीडीएम तिराहा से टीपीनगर तक एवं रैन बसेरा रोड से एनएच 28 तक। स्वीकृत धनराशि 63.97 करोड़ रुपये। निविदा प्रक्रिया में। **2.** टीडीएम तिराहा से पांडेयहाता पुलिस चौकी होते हुए बर्फखाना रोड से हाबर्ट बंधा तक। स्वीकृत धनराशि 62.09 करोड़ रुपये। निविदा प्रक्रिया में। **3.** अलहदादपुर तिराहा से रायगंज होते हुए घंटाघर तक। स्वीकृत धनराशि 25.45 करोड़ रुपये। निविदा प्रक्रिया में।


# अल्पकालीन निविदा/कोटेशनसूचना 2026-27

कार्यालय ग्राम पंचायत- रामगढ़ — विकास खंड- चतरा जिला-सोनभद्र

पत्रांक- 99 — दिनांक- 20/4/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामगढ़... में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/VI-G-RAM-CG योजना/राज्य वित्त/केन्द्रीय विस/ SLWM SBM RGSA अन्य विधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, टैंकर क्रय, टैंकर मरम्मत, बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, सीमेंट, पटिया, टीन शेड, ऐजबेस्टेस सीट, शोचालय निर्माण सामग्री, PVC पाईप, बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर/बोर, पेन्टिंग सामग्री, ई.गाडी-ढेला, रिक्शा हयूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल, पाईप), समरसिबल पंप, सोलर पंप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, वाटर कूलर, RO, पेय जल आपूर्ति, अन्य सामग्री। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा फार्म दिनांक- 20/4/2026 से 29/4/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 10:00 से 04:00 बजे तक प्राप्त कर, जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 30/4/2026 को 3:00 बजे निविदा दाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला आयेगा।

प्रतिबंध और शर्ते- 1-निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2- जमानत धनराशी और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। 3-खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी। 4-सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं की जायेगी। 5- बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- रामगढ़
विकास खंड- चतरा, सोनभद्र

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत- रामगढ़
विकास खंड- चतरा, सोनभद्र

# नगर पंचायत में जनगणना प्रशिक्षण शुरू, कर्मचारियों को दिया गया आवश्यक मार्गदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज में जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 20 से 22 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जिसमें गणनाकर्मियों एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, आंकड़ों के सटीक संकलन, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों को पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

इस अवसर पर अपर सीनियर अधिकारी आलोक श्रीवास्तव, जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि पाल सिंह, नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी सीमा राय, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल तथा जलकर प्रभारी शिव शंकर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाएं बनाई जाती हैं, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को पूरी तरह दक्ष बनाया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में जनगणना कार्य बिना किसी त्रुटि के संपन्न हो सके।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों से अपेक्षा की गई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को व्यवहार में लागू करें और जनगणना अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## छोटे किसान शोभाराम बने मिसाल, बहुफसली खेती से बदली तस्वीर

**अयोध्या।** सोहावल विकास खंड के मंगलसी गांव के सीमांत किसान शोभाराम ने महज 2 एकड़ जमीन में नवाचार कर खेती की नई मिसाल पेश की है। पारंपरिक खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने बहुफसली मॉडल अपनाया, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।अब उनके खेत में गेहूं, धान, चना, आलू, केला, मिर्च, लहसुन, धनिया, हल्दी, आम, मक्का और गेंदा जैसी विविध फसलें एक साथ उगाई जाती हैं। सह-फसल तकनीक अपनाकर उन्होंने जोखिम कम किया और जमीन का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया।शोभाराम मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए मल्चिंग व बेस्ट डीकम्पोजर का प्रयोग करते हैं, वहीं कीट नियंत्रण हेतु रासायनिक दवाओं के बजाय IPM तकनीक के तहत ग्लू ट्रैप और फेरोमोन ट्रैप का इस्तेमाल कर लागत घटा रहे हैं।खेती के साथ बकरी पालन से उन्हें अतिरिक्त आय और जैविक खाद मिल रही है। आज उनकी अधिकांश जरूरतें उनके खेत से ही पूरी हो रही हैं और वे आसपास के किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

# उज्ज्वला योजना से अयोध्या में 2.27 लाख परिवारों को मिला लाभ

## महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का अयोध्या जनपद में व्यापक असर देखने को मिला है। नरेंद्र मोदी की इस योजना के तहत अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक जिले में कुल 2,27,226 परिवार लाभान्वित हुए हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए। पहले जहां रसोई में लकड़ी, गोबर और कोयले जैसे पारंपरिक ईंधनों का उपयोग होता था, जिससे धुएं के कारण महिलाओं और बच्चों में श्वास संबंधी समस्याएं बढ़ती थीं, वहीं अब गैस कनेक्शन मिलने से उन्हें धुएं से राहत मिली है। इससे न केवल स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि खाना बनाने की प्रक्रिया भी तेज और सुविधाजनक हुई है। जनपद में राशन कार्ड योजना के तहत भी बड़े स्तर पर लाभ पहुंचाया गया है। अप्रैल 2017 से मार्च 2020 तक 18,30,535 राशन कार्ड धारक पंजीकृत रहे, जबकि अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक निःशुल्क राशन वितरण के अंतर्गत 12,92,88,887 कुंतल खाद्यान्न वितरित किया गया। इससे गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उज्ज्वला योजना के प्रभाव से ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी की खपत में कमी आई है, जिससे जंगलों पर दबाव घटा है। महिलाओं को अब धुएं भरे वातावरण से मुक्ति मिली है और वे स्वस्थ जीवन जी रही हैं। अयोध्या जैसे धार्मिक नगरी में स्वच्छ ऊर्जा का यह कदम शहर की छवि को और सुदृढ़ कर रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया है। जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा के अनुसार, इस योजना ने महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ परिवारों के स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार किया है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है, जिससे विकास को गति मिली है। आने वाले समय में भी ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं गरीबों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाती रहेंगी।

## स्कूलों में टिटनेस-डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान शुरू, 30 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम

**अयोध्या।** जनपद में 20 अप्रैल 2026 से टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चंद ने अवध इंटरनेशनल स्कूल में अभियान की शुरुआत की।इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पी.सी. भारती, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ. अजय पंवार, पूराबाजार अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. अरविंद श्रीवास्तव तथा वैक्सीन प्रबंधक कौशलेंद्र सिंह सहित शिक्षा विभाग और विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।अभियान के तहत 20 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक जनपद के 1758 सरकारी, निजी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में टीकाकरण किया जाएगा। इसमें 5 वर्ष के बच्चों को डीपीटी तथा 10 व 16 वर्ष के बच्चों और किशोरों को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया जाएगा।

# ज़ैदपुर नगर पंचायत मे अब जन्म व मृत्यु प्रमाण बनवाना हुआ मुश्किल



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत जैदपुर मे एक बार फिर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र में लापरवाही देखने को मिल रही है। नगर पंचायत जैदपुर मे जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र की इतनी धीमी गति आम जनमानस परेशान है। आदर्श नगर पंचायत जैदपुर मे पिछले तीन से चार माह हो गये है लेकिन अभी तक जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाने से लोग मे नाराजगी नजर आ रही हैं वहीं लोगों का कहना है की स्कूल में बच्चों के नाम लिखाने पर जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है और बच्चों के स्कूल में नाम दर्ज कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र भी उतना ही जरूरी दस्तावेज है सिद्ध करने के लिए नगर पंचायत जैदपुर के सभासद ताहिर अंसारी ने आदर्श नगर पंचायत जैदपुर शिकायत भी की है लेकिन नगर पंचायत जैदपुर के अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी इस विषय पर सुनने को तैयार नहीं है। सभासद का कहना है की इतना विलम्ब कार्य किस लिए हो रहा है यह तो हमें मालूम नहीं है। लेकिन ऐसा लगता है की बच्चों के भविष्य से खेल रहीं हैं नगर पंचायत जैदपुर।

## काली माता मन्दिर पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजित

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा बड़ागांव के मोहल्ला मँझपटिया स्थित काली माता मंदिर पर आयोजित 9 वे विशाल भंडारे मे सैकड़ो भक्तो ने पूड़ी सब्जी खीर बुंदी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर मे जय माता दी के उद्घोष से इलाका गुंजाम्यान हो गया। बताते चले कि कस्बा के बड़ागांव के मोहल्ला मँझपटिया स्थित काली मंदिर का वर्ष 2018 मे जीर्णोद्धार करने के बाद प्रतिवर्ष 20 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है रविवार को आयोजित भंडारे मे शामिल सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया तथा जय माता दी का उद्घोष किया। भंडारे मे भक्तो को पूड़ी सब्जी खीर बुंदी का वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजक राम प्रताप रावत, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, राजू वर्मा, रामसरन जयसवाल, राजन जयसवाल, श्यामचरण गुप्ता, सोनू वर्मा, दीपू वर्मा, सुरज यादव कल्लू यादव, सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे अयोध्या, भाजपाईयों ने किया स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सोमवार को अयोध्या पहुंचे, जहां सहादतगंज क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में उन्हें इक्यावन किलो की माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।इस अवसर पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रामनगरी आज देश और दुनिया में अपनी नई पहचान स्थापित कर रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से यहां विकास कार्यों को नई गति मिली है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ ही शहर का स्वरूप लगातार बदल रहा है। आने वाले समय में अयोध्या धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी देश के प्रमुख शहरों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगी।

स्वागत करने वालों में विजयंत जायसवाल, दिवाकर सिंह, बृजेन्द्र सिंह पार्षद, तेजेंद्र पाल सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, अरविंद सिंह गोलू, दिलीप सिंह, सुरेंद्र यादव, अखिल प्रताप निषाद, अक्षत श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बहन की शादी की तैयारी क दौरान भाई का शव पेड़ से लटकता मिला, मचा कोहराम



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** चार दिन बाद बहन को लाल जोड़े मे विदाई की तैयारी मे जुटे भाई का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे एक बाग मे पेड़ से लटकता मिलने से घर मे कोहराम मच गया मृतक रविवार की देर शाम घर से शौच के लिए निकला था जो वापस नहीं लौटा पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मदरहा मजरे डूडी मे सोमवार को उस समय यह खबर लोगो के दिलों को झकझोर दिया कि जिस घर में चार दिन बाद शहनाई बजनी थी, वहां अब सिर्फ चीखें और सिसकियां गूंज रही हैं। रविवार की देर शाम ग्राम मदरहा मजरे डूडी निवासी पवन कुमार वर्मा का 22 वर्षीय पुत्र शिवम वर्मा घर से शौच के लिए निकला लेकिन वापस नहीं लौटने पर घर के लोगो ने ढूढ़ने का काफी प्रयास किया लेकिन पता नहीं चला सोमवार की सुबह शिवम का शव गांव के बाहर एक बाग़ मे बेल्ट से लटकता मिला शिवम की मौत की खबर फैलते ही गांव मे कोहराम मच और जो अपनी बहन की शादी की तैयारियों में दिन-रात लगा थाज आज उसी घर से उसकी अर्थी उठने की तैयारी होने लगी जिस बहन ने अपने भाई के हाथों से शादी का कार्ड बंटवाने का सपना देखा थाज अब उसी भाई के निर्जीव शरीर को देखकर बेसुध है। जिस घर में मेहंदी और गीतों की गूंज होनी थी, वहां मातम का सन्नाटा है। मां नीलम देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। ÷मेरे बेटे को किसी ने मारकर लटका दियाज हमारा किसी से क्या बैर था यह सिर्फ एक मौत नहीं यह एक परिवार के सपनों की हत्या है। यह उस बहन के अरमानों का गला घोंटना है, जो लाल जोड़े में सजने का ख्वाब देख रही थी और अब सफेद चादर में लिपटे भाई को देख रही है। सवाल क्या यह आत्महत्या है या सुनियोजित हत्या जो एक हंसते-खेलते घर को मातम में बदला गया।

## जलती सिगरेट बांसवाड़ी मे फैकने क चलते लगी आग, दमकल ने किया काबू



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** राहगीरों द्वारा सिगरेट पीकर फेंके गये टुकड़े से आम की बाग़ की बांसवाड़ी मे लगी आग अपना विकराल रूप धारण करती कि डायल 112 की तत्परता सोमवार दोपहर ग्राम करसण्डा में मजार के पास आम की बाग के किनारे स्थित बांसवाड़ी में आग लग गई। तेज गर्मी के बीच आग तेजी से फैलने लगी, जिसे समय रहते काबू कर लिया गया। गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट यह घटना लगभग एक बजे की है। बताया जाता है कि शाद अल्ताफउररहमान किदवाई की आम की बाग के किनारे किसी अराजक तत्व द्वारा जलती सिगरेट फेंक दिए जाने से सूखी बांसवाड़ी में आग भड़क उठी। धुआं उठता देख एक राहगीर ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआर वी 8650 मौके पर पहुंची। कांस्टेबल प्रदीप सिंह, अमित यादव व चालक होमगार्ड मैनुद्दीन ने स्थिति की गंभीरता देखते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक जवानों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग रोकने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## चाइल्ड लाइन द्वारा रुकवाया गया बाल विवाह

# बालिग होने पर विवाह करने का सीडब्ल्यूसी ने लिया निर्णय




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** एक उभरती महाशक्ति राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर देश के लिए बाल विवाह जैसी बुराइयों का होना एक परेशान करने वाली और चिंताजनक वास्तविकता है शादी के उपरांत लड़की को अपना घर छोड़ना पड़ता है और दूसरे के घर जाना पड़ता है जहां उसे कई तरह की जिम्मेदारियां निभाने के लिए मजबूर होना पड़ता है जिसके लिए वह मानसिक रूप से तैयार और परिपक्व नहीं होती हैं इस प्रक्रिया में उसका बचपन खो जाता है और खेलने और सीखने की आजादी छिन जाती है बाल विवाह मानव अधिकार हनन के साथ-साथ सामाजिक रूप से स्वीकृत किया हुआ महिलाओं का शोषण का एक सशक्त माध्यम है हालांकि इसके लिए कई कानून एवं निरंतर व्यापक प्रयास के बावजूद वैश्विक स्तर पर यह प्रथा जारी है हम इस प्रथा के उन्मूलन की दशा में कठिनाई एवं चुनौतियां का सामना करते हैं जिसका प्रमुख कारण समाज में व्याप्त गरीबी अशिक्षा सामाजिक असमानता आदि है लिंग असमानता बाल विवाह न केवल लड़कियों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए खतरा है बल्कि यह उनके भविष्य की संभावनाओं को भी सीमित करता है। सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में बाल विवाह करवाना एक संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है इसके लिए 2 वर्षों तक कारावास अथवा एक लाख रुपए जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है भारत देश में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह ज्यादा होने की संभावनाएं होती हैं जिसके लिए शासन प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाती है। महिला कल्याण विभाग में जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के दिशा निर्देशन में बाल विवाह रुकवाने हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर एक बाल विवाह रुकवा कर बड़ी सफलता हासिल की है चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना प्राप्त होती है कि एक बालिका का विवाह 15 वर्ष की उम्र में होने जा रहा है जो हरि नारायणपुर गणेशपुर रामनगर से होने जा रहा है चाइल्ड हेल्पलाइन तुरंत सक्रिय होकर कॉलर से बात करती है और तत्काल लक्ष्मी नाम की लड़की से मिलने जाती है बालिका रहीमपुर सेमरावा थाना कोठी बाराबंकी की थी टीम को पता चला कि बालिका व उसकी माता घर छोड़कर कहीं चली गई है, जानकारी करने पर पता चला कि वह जेठौती कुर्मियांन दरियाबाद में है तत्काल टीम वहां पहुंचती है पर बालिका नहीं मिलती है पूछने पर कहा गया कि हम बालिका के बारे में कुछ नहीं जानते हैं चाइल्ड हेल्पलाइन के सूझबूझ से काफी देर बातचीत के बाद पता चला कि वह लालपुर गुमान दरियाबाद में हैं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा तत्काल उन्हें बुलाया जाता है और बाल विवाह होने की बात किया जाता है तो उन्होंने बताया कि हमारी लड़की की शादी है लड़की का आयु प्रमाण के लिए दस्तावेज मांगे जाते हैं, परंतु घर वाले कोई प्रमाण नहीं दे पाते हैं बालिका की मां काफी रोने चिल्लाने लगती है और कहती है कि हम विवाह की सारी व्यवस्था किए हैं और हमारा बहुत नुकसान हो जाएगा और समाज में हमारी प्रतिष्ठा गिर जाएगी बालिका और उनके परिवार को काउंसलिंग के माध्यम से समझाया जाता है उन्हें टीम द्वारा न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बाराबंकी के समक्ष आवश्यक कागजात व बालिका व उनके माता-पिता के साथ बुलाया जाता है और मामले की सूचना न्यायपीठ बाल कल्याण समिति को दी गई बालिका एवं उसकी माता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती बाला चतुर्वेदी, सदस्य राजेश शुक्ला व दीपशिखा श्रीवास्तव द्वारा मामले की सुनवाई की गई। न्यायपीठ समिति द्वारा बालिका के बालिग होने के पश्चात विवाह करने का निर्णय लिया गया। बालिका व उसकी माता ने भी 18 वर्ष के बाद शादी करने की बात कही। जिसके लिए वह शपथ पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रयास से जनपद में बाल विवाह रुकवाने में प्रभारी अमित कुमार, सुपरवाइजर अवधेश कुमार व सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार ने सहयोग किया।

## भुगतान अटका, काम ठपः प्रधानों ने बढ़ाया दबाव चुनाव टलने पर प्रशासनिक अधिकार की मांग



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता )** जनपद में ग्राम पंचायतों के विकास कार्य भुगतान के अभाव में प्रभावित होने लगे हैं। इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जोशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं सांसद पंकज चौधरी को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने बताया कि मनरेगा के तहत सामग्री मद का भुगतान पिछले दो वर्षों से लंबित है, जिससे पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि भुगतान न मिलने से आर्थिक दबाव बढ़ रहा है और कई कार्य अधूरे रह गए हैं। इसके साथ ही प्रधानों ने संभावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में देरी की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि यदि चुनाव निर्धारित समय पर नहीं हो पाते हैं, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी दी जाए, ताकि विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। प्रधानों का तर्क है कि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति से स्थानीय स्तर पर समन्वय और कार्य की गति प्रभावित हो सकती है, जबकि वर्तमान जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जरूरतों से भली-भांति परिचित होते हैं। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद मंत्री पंकज चौधरी ने संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित स्तर पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं पर सख्त हुए सांसद, गैस आपूर्ति और सड़क सुरक्षा पर दिए कड़े निर्देश

## दिशा की बैठक में उठे स्थानीय मुद्दे, अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं सांसद पंकज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नौतनवा क्षेत्र में रसोई गैस की कमी का मुद्दा उठने पर सांसद ने जिला पूर्ति अधिकारी को आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। वहीं सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए हेलमेट जैसे सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। रोजगार सेवकों के कार्य बहिष्कार के संदर्भ में उपायुक्त स्वतः रोजगार को संबंधित पक्षों से वार्ता कर समाधान निकालने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तारों को लेकर विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्राम पंचायत सदस्यों के लंबित भत्तों के भुगतान के लिए डीपीआरओ को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को बाजार से जोड़ने और उनके उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन कराया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय में दवाओं की कमी से मरीज परेशान



**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मिठौरा इन दिनों दवाओं की भारी कमी से जूझ रहा है। इसके चलते इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक मरीजों की जांच तो कर रहे हैं, लेकिन दवाएं उपलब्ध न होने के कारण उन्हें बिना दवा लौटना पड़ रहा है। दवा के अभाव में मरीजों को मजबूरन निजी मेडिकल स्टोर्स से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। हरपुर खुर्द के सोनू ने कहा कि उन्हें पूरी दवा नहीं मिली, जिससे बाहर से दवा लेनी पड़ी। इलाज कराने आईं किरन देवी ने भी बताया कि महिलाओं से जुड़ी बीमारियों की दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन करीब 30 से 40 मरीज चिकित्सालय पहुंचते हैं, लेकिन दवाओं की कमी के चलते उन्हें निराश लौटना पड़ता है। इस स्थिति से गरीब और जरूरतमंद मरीजों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। इस संबंध में चिकित्सालय के चिकित्सक मृत्युंजय प्रसाद पांडेय ने बताया कि दवाओं की कमी को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी, जिससे मरीजों को राहत मिल सकेगी।

# जनगणना की तैयारियां तेज़, 22 मई से शुरू होगा प्रथम चरण

दानिश मेहदी



**अम्बेडकरनगर।** आगामी जनगणना को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनगणना कार्य को सुचारु और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) व जिला जनगणना अधिकारी ज्योत्सना बंधु के साथ तहसील अकबरपुर स्थित बीएनकेबी महाविद्यालय और तहसील भीटी के राम लखन पीजी कॉलेज में चल रहे सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, कार्मिकों की सहभागिता और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों से संवाद कर जनगणना के महत्व को समझाया और कहा कि यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। सटीक आंकड़ों के आधार पर ही शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क, बिजली और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की रूपरेखा तैयार होती है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को सरल, व्यवहारिक और स्पष्ट बनाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के बाद टेस्ट आयोजित किया जाएगा, जिसमें 70 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले कार्मिकों को पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा।सुविधाओं का भी लिया जायजा निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्रों पर भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, प्रतिदिन जांच कराने और महिला प्रगणकों के छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को डिजिटल उपकरणों, प्रपत्रों और नवीन मॉड्यूल की पूरी जानकारी देने पर जोर दिया गया।

**इस तारीख से शुरू होगा कार्य :** जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। इससे पहले 7 मई से 21 मई तक नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से लोग स्वयं ऑनलाइन अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और प्रगणकों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

## दर्जनों लोगों ने ग्रहण की एआईएमआईएम की सदस्यता

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम की एक नुक्कड़ सभा अंसार नगर दरियाबाद मे हुई। सभा में समाजसेवी तौसीफ़ अहमद अंसारी के पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में तौसीफ़ अहमद अंसारी ने अपने दर्जनों साथियों के साथ एआईएमआईएम पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर और बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को अपना रहबर मानते हुए पार्टी मे शामिल हुए। महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को माला पहनाकर उनका स्वागत करते हुए सभी सदस्यों की हौसला अफजाई किया और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। सभा में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में महानगर संगठन मंत्री सैयद इरशाद आलम, महानगर प्रवक्ता इफ्तेखार अहमद मंदर, महानगर उपाध्यक्ष इफ्तेखार अंसारी, महानगर उपाध्यक्ष रियाजुल हक़ चौधरी,एजाज़ नकवी, विधानसभा शहर दक्षिणी अध्यक्ष तनवीर शाकिर तन्नू आदि लोग थे।

# मॉडल शॉप और दो रेस्टोरेंट में आधी रात लगी भीषण आग, तीन मंजिला इमारत जली

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र स्थित पत्रिका चौराहे पर देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते 15 फीट ऊंची लपटों ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो रेस्टोरेंट के साथ एक अंग्रेजी मॉडल शॉप लाखों की शराब के साथ पूरी तरह जलकर खाक हो गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि आग पत्रिका चौराहे पर स्थित अंग्रेजी वाइन शॉप की बिल्डिंग में लगी थी। यह बिल्डिंग तीन मंजिला थी, जिसमें बेसमेंट और फर्स्ट फ्लोर पर रेस्टोरेंट संचालित हो रहे थे, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर अंग्रेजी मॉडल शॉप की दुकान थी। आग लगने के बाद कुछ ही देर में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पूरी तरह आग की चपेट में आ गए और देखते ही देखते सब कुछ जलकर राख हो गया।

पत्रिका चौराहा स्थित नारायण रेस्टोरेंट की तीन मंजिला बिल्डिंग में लगी आग में कुर्सी, टेबल, फ्रीज, प्लास्टिक समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू। यह नारायण रेस्टोरेंट कटरा के रहने वाले दिनेश चंद्र का है। घटना की सूचना रात करीब 2:30 बजे फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। आग की भयावहता को देखते हुए फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। प्रशासन और फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने में जुटी हुई है।

# लूट गिरोह का पर्दाफाश 6 आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के थाना जहांगीरगंज क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए अंतरजनपदीय शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ?5.45 लाख नकद, अवैध तमंचा, कारतूस, लूट का बैग तथा घटना में प्रयुक्त दो कारें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल को नेवारी दूराजपुर निवासी मो. रईस और उनके साथी मो. जलाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने स्विफ्ट कार से आकर कट्टे के बल पर रुपये से भरा बैग लूट लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्यामदेव और क्षेत्राधिकारी आलापुर प्रदीप सिंह चंदेल के पर्यवेक्षण में थाना जहांगीरगंज, जलालपुर, स्वाट, सर्विलांस और एसओजी की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 20 अप्रैल को तिलकटांडा पुल के पास घेराबंदी कर सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि पीड़ित मो. जलाल के सगे भाई मो. शाहिद ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी और घटना को अंजाम दिया था।गिरफ्तार आरोपियों में अरमान उर्फ छोटू, मो. शाहिद, शिवनंदन यादव, मनीष वर्मा, आयुष वर्मा और अभिषेक यादव शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से कुल ?5,45,000 नकद, एक अवैध तमंचा (.315 बोर), दो जिंदा कारतूस, लूट का बैग तथा स्विफ्ट और अर्टिगा कार बरामद की है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। वहीं, मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं।

# डीएम ने किया एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा सोमवार को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में बने एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि थाना इटवा क्षेत्र में मिली नवजात बच्ची, जिसको बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा एसएनसीयू में भर्ती कराया गया है। उसके इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए बच्ची के पूर्ण स्वस्थ्य होने तक डिस्चार्ज न करें। इसके साथ ही इमरजेन्सी वार्ड को भी देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटी चार्ट पर डाक्टर का मोबाइल नम्बर नही लिखा था। जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डाक्टर का मोबाइल नम्बर लिखाने का निर्देश दिया। इमरजेन्सी में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर अयाज खान अनुपस्थित थे। जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ही 1 दिन का रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लोग निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके झा, व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## शिवलिंग स्थापना के लिए धूम धाम से निकली कलश यात्रा

**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के कृष्णा नगर वार्ड में शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंदिर स्थल से रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पंडित अश्वनी कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ कराया।

मुख्य यज्ञमान ओमकार पाण्डेय सहित अन्य श्रद्धालु कलश लेकर क्षेत्र के नौखनिया घाट जहा कूड़ा, बूढ़ी राप्ती और राप्ती नदियों का संगम है वहा गाजे बाजे के साथ पहुंचे। संगम स्थल पर पहुंच कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भर कर सभी श्रद्धालु मंदिर स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा कस्बा के विभिन्न वार्डो से भ्रमण करते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। इस दौरान धार्मिक जय करे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में रामायण मिश्र, हरिशंकर सिंह, प्रदीप पाण्डेय, सनद पाण्डेय, हरिशंकर सिंह , मुन्नू दुबे, अतुल दुबे, मदन,रोहित त्रिपाठी गुंजन पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# डीएम ने किया मकवि द्वारा संचालित बाल कल्याण समिति का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल कल्याण समिति, खजुरिया रोड, कार्यालय का सोमवार को औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर यह पता चला कि श्रीमती राधा श्रीवास्तव (सदस्य) विगत 5 दिवस, श्रीमती प्रकाशनी श्रीवास्तव (सदस्य ) बाल कल्याण समिति, 1 दिवस और श्री सुनील कुमार बाल कल्याण समिति अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय श्रीमती अपर्णा श्रीवास्तव (अध्यक्ष) बाल कल्याण समिति, विरेन्द्र मिश्र और इलमा सिद्धिकी (पैरा लीगल वलंटियर) उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान माह में समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों की सूचना/ अभिलेख दिखाये जाने को कहा गया जिस पर अपर्णा श्रीवास्तव बाल कल्याण समिति सूचना उपलब्ध नहीं करा पायी तथा कार्य में लापरवाही किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यवाही हेतु निदेशक महिला कल्याण लखनऊ को पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

# एनटीपीसी टांडा ने ग्राम हकीमपुर में बनाया नया विद्यालय भवन का डीएम ने किया लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा की सामुदायिक विकास पहल के तहत अम्बेडकर नगर जनपद के ग्राम हकीमपुर में ?1.67 करोड़ (166.97 लाख रुपये) की लागत से निर्मित आधुनिक प्राथमिक विद्यालय भवन का आज भव्य समारोह में लोकार्पण कर दिया गया। मुख्य अतिथि अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी, अम्बेडकर नगर ने इस नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जयदेव परिदा, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टांडा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह पहल स्थानीय क्षेत्र में शैक्षिक सुविधाओं को मजबूत करने और बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में एनटीपीसी टांडा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।समारोह में डॉ. शशि शेखर (एसडीएम, टांडा), शैलेश कुमार पटेल (बेसिक शिक्षा अधिकारी, अम्बेडकर नगर), डॉ. मनीषा पांडेय (सीएमओ, एनटीपीसी टांडा), पी.के. गोयल (एजीएम, मेंटेनेंस) तथा रजनीश कुमार खेतान (एजीएम, एचआर) सहित जनपद प्रशासन और एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और आधारभूत संरचना विकसित करने के लिए एनटीपीसी टांडा की सराहना की। नवीन विद्यालय भवन से हकीमपुर और आसपास के गांवों के सैकड़ों बच्चों को आधुनिक कक्षाएं, बेहतर सुविधाएं और अनुकूल शैक्षिक वातावरण मिलेगा।

## पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियारों के साथ किया गिरफ्तार

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नेपाल देश के कपिलवस्तु जिला अन्तर्गत बुद्धभूमि नगरपालिका वार्ड संख्या-09, एमिलिया में 34 वर्षीय सूरज कुंवर उर्फ ??श्याम कुंवर के बारें में पुलिस से मिली विशेष सूचना के आधार पर कि वह पिस्तौल और नशीले पदार्थ ले जा रहा है। कपिलवस्तु जिला पुलिस कार्यालय और गोरुसिंघे क्षेत्र पुलिस कार्यालय की संयुक्त पुलिस टीम ने 2083.01.05 की देर सायं 6.30 बजे सूरज कुंवर की तलाशी ली गई। जिसको लेकर दुमरा इलाके से सूरज कुंवर को विधिवत गिरफ्तार किया गया और उसके घर और कमरे की तलाशी भी ली गई। इस दौरान सूरज कुंवर के शयनकक्ष में एक स्टील की दराज से 'मेड इन चाइना' अंकित 7 इंच लम्बी लोहे की पिस्तौल बरामद हुई। कपिलवस्तु जिला न्यायालय ने सोमवार को शस्त्र और गोला-बारूद से सम्बन्धित एक मामले में सूरज कुंवर को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने रविवार से पहली बार समय सीमा को पांच दिनों के लिए बढ़ाया है।

# धर्म, सत्य और न्याय प्रतीक भगवान परशुराम : पूर्व मंत्री

एजाज़ सिद्दीक़ी

**भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम हुआ आयोजन**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के अंतर्गत नगर पंचायत इटवा के सभागार में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभागार को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरे वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा का संचार हो रहा था। उपस्थित अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के आदर्शों को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए वक्ता ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और न्याय के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने जीवन में अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज को संतुलन और न्याय का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म की स्थापना और समाज के कल्याण के लिए होना चाहिए।

पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन त्याग, तपस्या और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब भगवान परशुराम के आदर्श और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाएं तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

समारोह के दौरान वरिष्ठजनों को सम्मानित करने का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र, पुष्पमालाएं एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित वरिष्ठजनों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी सम्मान और एकता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। वक्ताओं ने इस अवसर पर भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## ट्रक अनियंत्रित होने से विजली के दो खंभे टूटे

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के सिकरी बजार के मुख्य चौराहे पर रविवार रात मे ट्रक अनियंत्रित होने से सड़क के किनारे लगे विजली के खंभे में टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि दो खंभे टूट गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। खंभे टूटने के बाद तार सड़क पर गिर गया । तार सड़क पर गिरने के बाद विद्युत सप्लाई जारी रही। रात होने के नाते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर मोहाना पुलिस पहुंच गई पावर हाउस सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।

## यश सोनकर ने संभाला एनटीपीसी पीआरओ का कार्यभार

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर यश सोनकर ने कल अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन से परियोजना के जनसंपर्क एवं संचार गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ता मिलने की अपेक्षा है। यश सोनकर इससे पूर्व TOI.com, नई दिल्ली में कंसल्टेंट (एडिटोरियल) के रूप में कार्यरत थे, जहां उन्होंने मीडिया एवं संचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। उनके पास पत्रकारिता एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है।एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने श्री सोनकर का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके अनुभव एवं कौशल से संगठन की छवि को और मजबूती मिलेगी तथा जनसंपर्क गतिविधियों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

## नेपाल देश में सुरक्षा कर्मियों पर लोगों से अमानवीय व्यवहार का आरोप



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नेपाली देश में सुरक्षा कर्मियों पर लोगों से अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि नेपाल देश में बालेन्द्र शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद उम्मीद थी कि दोनों देशों के सम्बन्धों में फिर से गर्माहट आयेगी, लेकिन उन्होंने भारत से 100 रुपये से अधिक के सामान की खरीद पर टैक्स (कर) लगा दिया। नेपाल में नेपाली सुरक्षा बल फुटकर खरीदी गई खाद्य सामग्री भी बिना टैक्स (कर) के नहीं ले जाने दे रहे हैं। वहीं लोगों द्वारा आरोप लगाया है कि जांच के दौरान महिलाओं द्वारा खाने-पीने की वस्तुएं और दैनिक उपयोग का सामान ले जाने पर उनसे जब्त कर लिया जाता है। ऐसा ही एक दृश्य रुपईडीहा सीमा पर दिखा, जिसमें नेपाल के सुरक्षा जवान के पैर पकड़कर खाद्य सामग्री वापस करने की गुहार लगाती महिला दिख रही है।

## अनियंत्रित होकर बाइक गिरी दो घायल एक को आई गंभीर चोट

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालीपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर उमरन निवासी लाल जी अपने साथी रामजी उपाध्याय (लगभग 68 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से जलालपुर तहसील की ओर जा रहे थे।

बताया जाता है कि जैसे ही वे मलूकपुर चौराहे के पास पहुंचे, अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। हादसा इतना तेज था कि बाइक पर सवार दोनों लोग सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में रामजी उपाध्याय को गंभीर चोटें आई, जबकि लाल जी को हल्की चोटें लगी हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों की मदद की और तत्काल डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर (नगपुर अस्पताल) पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा बाइक के अचानक असंतुलित होने के कारण हुआ। वहीं चिकित्सकों की देखरेख में घायल रामजी उपाध्याय की हालत पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। क्षेत्र में इस घटना के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# एनसीसी कैडेट ने रखे भारत निर्माण के विचार

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिखा उत्साह**

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मुलायम सिंह यादव महिला पीजी कॉलेज जलालपुर में सोमवार को 'जिम्मेदार और प्रगतिशील भारत निर्माण में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संयोजन एनसीसी विभाग की सीटीओ हर्षिता गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद आफताब अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को अनुशासित, जिम्मेदार और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाना है। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को समय की पाबंदी, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे गुण सिखाए जाते हैं, जो उन्हें समाज और देश के लिए उपयोगी बनाते हैं।

एनसीसी विभाग की ओर से उपस्थित थल सेना के सूबेदार कमल सिंह और नीति सिंह ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और युवाओं को सही दिशा मिलती है।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष रखते हुए कैडेट सोनम यादव ने कहा कि एनसीसी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो युवाओं को बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। वहीं विपक्ष में कैडेट प्रज्ञा मिश्रा ने कहा कि एनसीसी में देश को प्रगतिशील दिशा देने की अपार क्षमता है, लेकिन इसके व्यापक विस्तार की आवश्यकता है, तभी इसका पूरा लाभ मिल सकेगा। प्रतियोगिता में कैडेट्स श्वेता, ऐश्वर्या, रुनझुन, मोनिका और प्रेमलता ने भी अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक शुभम यादव, सोनाली यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नियाज सिद्दीकी ने किया।

## ब्यूटी पार्लर जाने के बहाने निकली युवती लापता गुमशुदगी दर्ज

**अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 23 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इस संबंध में उसके भाई ने मालीपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार उसकी बहन 17 अप्रैल को सुबह करीब 10:30 बजे ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी समय बीत जाने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

थक-हार कर परिजन मालीपुर थाने पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। युवती की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही उसे बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

# फीस बढ़ोत्तरी और महंगी किताबों से अभिभावकों में रोष

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जनपद में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने और स्कूल परिसर या चिह्नित दुकानों से महंगे दामों पर किताबें-कॉपियां बेचने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। जलालपुर, अकबरपुर, टांडा, बसखारी, आलापुर, कटेरी, जहांगीरगंज समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अभिभावक शिक्षा के नाम पर खुली लूट से परेशान हैं।कई स्कूलों में एडमिशन फीस के नाम पर 10 से 20 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा वार्षिक शुल्क, यूनिफॉर्म, ड्रेस और अन्य मदों में भी बिना उचित आधार के इजाफा किया जा रहा है। किताबों और कॉपियों को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें हैं–स्कूल अभिभावकों को अपनी तय दुकान या बुक स्टॉल से ही सामग्री खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जहां बाजार मूल्य से 2-3 गुना या उससे अधिक दाम वसूले जाते हैं। कुछ स्कूल सामान्य किताबों पर अपना कवर लगाकर भी महंगे दाम पर बेच रहे हैं। बाजार से सस्ती किताब लाने पर एडमिशन रद्द करने की धमकी दी जा रही है। एक अभिभावक ने बताया, 'बच्चे की पढ़ाई के नाम पर हर तरफ से लूट हो रही है। फीस बढ़ रही है, किताबें महंगी, ड्रेस अलग से। शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती।' मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर टूट रही है, लेकिन स्कूल प्रबंधन की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के तहत अंबेडकर नगर में भी जिला शुल्क नियामक समिति कार्यरत है। इस समिति की अध्यक्षता जिलाधिकारी (डीएम) करते हैं तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सदस्य सचिव के रूप में कार्य करते हैं। समिति में चार्टर्ड अकाउंटेंट, पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और अभिभावक प्रतिनिधि आदि सदस्य शामिल होते हैं।अभिभावक अब सामूहिक रूप से आवाज उठाने की तैयारी कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि जिला शुल्क नियामक समिति सक्रिय होकर नियमित निरीक्षण करे।

## 'आधी आबादी' की लड़ाई शेष

महिला आरक्षण बिल नहीं गिरा। टीवी चैनलों के कुछ अधपके, गौरवर्णा एंकरों को यह जानकारी ही नहीं है कि सामान्य विधेयक, कानून और संविधान संशोधन बिल में क्या फर्क हैं। महिला आरक्षण बिल तो सितंबर, 2023 में संसद सर्वसम्मति से पारित कर चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 सितंबर, 2023 को पारित बिल पर हस्ताक्षर कर उसे कानून बना दिया था। हालांकि 932 दिनों के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब लोकसभा में 131वें संविधान संशोधन बिल पर बहस जारी थी। अब 17 अप्रैल, 2026 को वह संविधान संशोधन बिल लोकसभा में पारित नहीं हो पाया, जो बुनियादी तौर पर महिला आरक्षण के मुद्दे से जुड़ा था। बिल पारित कराने के लिए 352 सांसदों का समर्थन अनिवार्य था, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा-एनडीए के पक्ष में 298 वोट ही आए और विपक्ष की 230 सांसदों के समर्थन के बावजूद 'राजनीतिक जीत' हुई। संविधान संशोधन के लिए सदन में दो-तिहाई सांसदों का बहुमत अनिवार्य होता है। मोदी सरकार के करीब 12 साल के कार्यकाल में यह पहला मौका है, जब उसका कोई बिल अथवा संविधान संशोधन लोकसभा में गिरा है। नवंबर, 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने, किसान आंदोलन के मद्देनजर, तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी, जिसकी प्रक्रिया संसद में ही पूरी की गई थी। बहरहाल संविधान संशोधन गिरने के बाद जो भी व्याख्याएं की जाएं, लेकिन महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर लटक कर रह गया है। 1996 से महिला आरक्षण बिल की यही नियति देखते रहे हैं। बिल गिरने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और फिर विपक्ष के अन्य नेताओं ने यह आग्रह करना शुरू कर दिया है कि प्रधानमंत्री 2023 वाला कानून संसद में ले आएं, जरूरी संशोधन भी करा लें और उसके आधार पर ही महिलाओं का 33 फीसदी आरक्षण लागू कर दें। यह नहीं हो सकता, क्योंकि 2023 के कानून के साथ जनगणना और परिसीमन की अनिवार्यता भी नत्थी हैं।

यदि लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों पर ही आरक्षण लागू करना था, तो यह बिल 2010 में ही यूपीए सरकार पारित करा सकती थी। तब राज्यसभा में भाजपा के सहयोग, समर्थन से बिल पारित कराया गया था। मई, 2014 तक कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी, विपक्षी भाजपा भी समर्थन देने को तैयार थी, तो बिल लोकसभा में पेश क्यों नहीं किया गया? अंततः बिल 'लैप्स' हो गया। लोकसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी थी। तब 'पुरुष वर्चस्ववादी' दलों के उन्हीं नेताओं ने पुरजोर विरोध किया था, जो शुरू से ही महिला आरक्षण के विरोधी थे और अलग-अलग सवाल, संदेह, आशंकाएं जता रहे थे। मनमोहन सरकार गिर भी सकती थी, लिहाजा बिल को नेपथ्य में फेंक दिया गया। अब उन्हीं के 'विरासती नेता' 543 सीटों पर महिला आरक्षण लागू करने की मांग कर रहे हैं। बहरहाल बिल गिरने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश की माताओं, बहनों, बेटियों से बात करने का बहाना बना कर राष्ट्र को संबोधित कर महिला आरक्षण को एक 'राजनीतिक मोहरा' बनाने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने नारी-शक्ति के सपनों, अरमानों को कुचलने, रौंदने और अंततः भ्रूण-हत्या करने सरीखे शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कांग्रेस, सपा, तृणमूल, द्रमुक सरीखे विपक्षी दलों को निशाना बनाया और उन्हें नारी-शक्ति के गुनहगार, संविधान के अपराधी, पापी आदि करार दिया। प्रधानमंत्री ने उन सभी बदलावों, सुधारों को भी गिनाया और खासकर कांग्रेस को सुधार-विरोधी, महिला-विरोधी, परजीवी, देश में दरारें पैदा करने वाली पार्टी भी करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी संविधान संशोधन गिरने के बाद गुस्से में लगते हैं, पराजय के कारण आक्रोश में भी हैं, लेकिन उन्होंने माताओं-बहनों से क्षमा भी मांगी है, क्योंकि वह बिल पारित नहीं करा सके।

## एकात्म धाम बन रहा एकात्मता का दिव्य केंद्र

भारत की आध्यात्मिक भूमि पर ऐसे अनेक तीर्थ स्थल हैं, जहाँ प्राचीन ज्ञान और आधुनिक संकल्प एक साथ जुड़कर मानवता को नई दिशा देते हैं। इन्हीं में से एक है एकात्म धाम, जो मध्यप्रदेश के पावन ओंकारेश्वर में स्थित है। यह धाम आदि गुरु शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत दर्शन और एकात्मता के सार्वभौमिक संदेश को समर्पित है। नर्मदा नदी के किनारे मांधाता पर्वत पर स्थित यह स्थल न केवल एक तीर्थ है, बल्कि सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक जागरण और वैश्विक सद्भाव का प्रतीक भी बन रहा है।


हर्षवर्धन पान्डे

12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का विशेष स्थान है। नर्मदा नदी के बीच स्थित यह ओम आकार का द्वीप प्राचीन काल से ही तीर्थयात्रियों का प्रमुख केन्द्र रहा है। किंवदंती है कि विन्ध्य पर्वत ने यहां शिव की आराधना की और शिव स्वयं ओमकारेश्वर रूप में प्रकट हुए। 8वीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य का जीवन से इस स्थल का गहरा संबंध है। यहीं गुरु गोविंद भगवत्पाद से दीक्षा पाने के साथ ही उन्होंने अद्वैत दर्शन की गहराई प्राप्त की। शंकराचार्य ने पूरे भारत में चार मठों की स्थापना कर सनातन धर्म का पुनरुत्थान किया और 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' जैसे महान सिद्धांत दिए। एकात्म धाम इसी योगदान को याद दिलाता है और इन दिनों उनके दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है। मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना के रूप में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के तहत एकात्म धाम का इन दिनों विकास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अद्वैत वेदांत को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करना, सांस्कृतिक एकता को मजबूत करना और मानवता में एकत्व का भाव जगाना है। आचार्य शंकर ने भारतवर्ष का भ्रमण कर सम्पूर्ण राष्ट्र को सार्वभौमिक एकात्मता से आलोकित किया। आचार्य शंकर की एकात्मता की प्रतिमा 108 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा बहुधातु से निर्मित है। यह आदि शंकराचार्य को समर्पित है और एकात्मता का सन्देश दे रही है। 21 सितंबर 2023 को इसका अनावरण हुआ था। नर्मदा नदी और मांधाता पर्वत के सुरम्य वातावरण में यह प्रतिमा दूर से ही दर्शन देती है। यहाँ स्थित अद्वैत लोक एक आधुनिक संग्रहालय है, जिसमें आचार्य शंकर के जीवन, उनके दर्शन, शास्त्रार्थ और सनातन धर्म की विभिन्न वीथिकाएं, लेजर-लाइट शो, फिल्म और प्रदर्शनियां होंगी। यहां सृष्टि की एकता को समझाने वाले केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान में वेदांत दर्शन, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कला पर शोध केंद्र, शंकर कलाग्राम, नर्मदा विहार,ध्यान केंद्र, ग्रंथालय, गुरुकुल और विस्तार केंद्र शामिल हैं। मोहन सरकार द्वारा इसे महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है 2028 तक जिसके मुख्य निर्माण कार्य पूरे होने की उम्मीद है। एकात्मधाम के अंतर्गत दूसरे चरण में 2195 करोड़ रूपये की लागत से आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर केंद्रित अद्वैत लोक संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आचार्य शंकर के जीवन, उनके भाष्यों, पांडुलिपियों,दर्शन एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित व प्रदर्शित करना है। परियोजना में संग्रहालय, शोध-केंद्र, शैक्षिक सुविधाएँ तथा तीर्थ और सांस्कृतिक पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे का विकास शामिल करने की रूपरेखा रखी गयी है जिससे न केवल आध्यात्मिक-अध्ययन को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक यहां पांच दिवसीय अनुष्ठान का बड़ा आयोजन हो रहा है जहां 700 से अधिक शंकर दूत के रूप में दीक्षा लेकर एकात्मता के संदेश को रेखांकित कर रहे हैं। इस अनुष्ठान में भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के अनेक शीर्ष संत,आर्ष चिंतक और विशिष्टजन की विशेष सहभागिता हो रही है। मौजूदा दौर में जब पूरी दुनिया में भेदभाव, संघर्ष और अलगाव बढ़ रहा है ऐसे में एकात्म धाम यह बताता है कि आत्मा की एकता से ही समाज, राष्ट्र और विश्व की एकता संभव है। मोहन सरकार एकात्म धाम के माध्यम से आचार्य शंकर के दर्शन को वैश्विक फलक पर स्थापित करने के प्रयासों में जुटी हुई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग केवल रचनात्मक और सकारात्मक कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है। इसके माध्यम से झूठी सूचनाओं का निर्माण, नकली चित्रों और ध्वनियों का सृजन तथा जनमत को प्रभावित करने के प्रयास तेजी से बढ़े हैं। चुनावी प्रक्रियाओं में इसका उपयोग लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकता है। जब कोई मतदाता यह समझ ही नहीं पाता कि जो वह देख रहा है या सुन रहा है वह सत्य है या निर्मित भ्रम, तब उसकी निर्णय क्षमता प्रभावित होती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को कमजोर करती है।**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता: सुविधा का वरदान या मूल्यों का संकट

मानव सभ्यता के विकास का इतिहास यदि देखा जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हर नई तकनीक अपने साथ संभावनाओं और संकटों का एक द्वंद्व लेकर आती है। आज का समय भी इसी द्वंद्व से गुजर रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के रूप में विकसित हो रही नवीन तकनीक ने जीवन को सरल, तीव्र और सुविधाजनक बनाया है, किंतु इसके साथ ही यह मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक संतुलन के लिए एक गंभीर चुनौती भी बनकर उभर रही है। समाज के चिंतकों, दार्शनिकों और आध्यात्मिक नेतृत्व ने समय-समय पर इस विषय पर चिंता व्यक्त की है और हाल ही में पोप लियो 14 द्वारा व्यक्त आशंकाओं ने इस चिंता को वैश्विक विमर्श का केंद्र बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इस तकनीक का उपयोग नैतिक मर्यादाओं से परे जाकर किया गया, तो यह विश्व में विभाजन, भय, हिंसा और संघर्ष को बढ़ावा दे सकती है। यह चेतावनी केवल एक धार्मिक नेता की भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि यह उस गहरी चिंता का संकेत है जो आज पूरी मानवता के भीतर कहीं न कहीं विद्यमान है। तकनीक अपने आप में न तो नैतिक होती है और न ही अनैतिक, किंतु उसका उपयोग उसे किसी भी दिशा में ले जा सकता है।


ललित गर्ग

वर्तमान समय में यह देखा जा रहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग केवल रचनात्मक और सकारात्मक कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है। इसके माध्यम से झूठी सूचनाओं का निर्माण, नकली चित्रों और ध्वनियों का सृजन तथा जनमत को प्रभावित करने के प्रयास तेजी से बढ़े हैं। चुनावी प्रक्रियाओं में इसका उपयोग लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकता है। जब कोई मतदाता यह समझ ही नहीं पाता कि जो वह देख रहा है या सुन रहा है वह सत्य है या निर्मित भ्रम, तब उसकी निर्णय क्षमता प्रभावित होती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को कमजोर करती है। आज सोशल माध्यमों पर ऐसी अनेक घटनाएँ सामने आती हैं, जहाँ किसी व्यक्ति को नरेंद्र मोदी जैसे बड़े नेताओं के साथ दिखाया जाता है, जबकि वास्तविकता में ऐसा कभी हुआ ही नहीं होता। यह केवल व्यक्तिगत भ्रम नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर विश्वास की संरचना को कमजोर करने वाला प्रवाह है। जब झूठ और सत्य के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समाज में संशय, अविश्वास और अस्थिरता का वातावरण बनता है।




कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक और चिंताजनक पक्ष है साइबर अपराधों में इसका बढ़ता उपयोग। आज अपराधी किसी व्यक्ति की आवाज की नकल करके उसके परिचितों को धोखा देने में सक्षम हो गए हैं। परिवार के सदस्य या अधिकारी बनकर धन की ठगी करना अब अत्यंत सरल हो गया है। इस प्रकार की घटनाओं ने अनेक लोगों की जीवन भर की कमाई को पल भर में समाप्त कर दिया है। यह केवल आर्थिक क्षति नहीं, बल्कि विश्वास और सुरक्षा की भावना पर गहरा आघात है। वित्तीय क्षेत्र में भी इस तकनीक का दुरुपयोग गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है। स्वचालित हमलों के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था की कमजोरियों का लाभ उठाया जा सकता है। यदि इस प्रकार के हमले व्यापक स्तर पर होते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत हानि तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी अस्थिर कर सकते हैं। यह स्थिति उस समय और भी गंभीर हो जाती है जब नियामक संस्थाएँ इन जटिल तकनीकों की गति और स्वरूप को समझने में पीछे रह जाती हैं।

पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह तकनीक पूरी तरह निर्दोष नहीं है। विशाल आंकड़ा केंद्रों की स्थापना, ऊर्जा की अत्यधिक खपत, तथा खनिज संसाधनों का दोहन-ये सभी प्रकृति पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं। कोबाल्ट और लिथियम जैसे खनिजों की बढ़ती मांग पर्यावरणीय असंतुलन और मानवीय शोषण दोनों को जन्म देती है। इस प्रकार यह तकनीक केवल सामाजिक या नैतिक ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय चुनौती भी बन रही है। इन सभी चिंताओं के बीच यह समझना आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नकारा नहीं जा सकता। यह आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है और चिकित्सा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन तथा उत्पादन के क्षेत्र में इसके योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता। समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के स्वरूप में है। यदि इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा जाए, तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकती है।

इसके लिए सबसे पहले आवश्यक है कि इसके विकास और उपयोग के लिए स्पष्ट और सशक्त नियम बनाए जाएं। सरकारों और संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तकनीक का उपयोग पारदर्शी, सुरक्षित और उत्तरदायी तरीके से हो। कंपनियों को अपने तंत्र में ऐसी व्यवस्थाएँ विकसित करनी चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक सामग्री की पहचान और नियंत्रण संभव हो सके। साथ ही नागरिकों की जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल साक्षरता के बिना कोई भी समाज इस चुनौती का सामना नहीं कर सकता। लोगों को यह समझना होगा कि जो कुछ वे देख या सुन रहे हैं, वह हमेशा सत्य नहीं हो सकता। सत्यापन की प्रवृत्ति को विकसित करना समय की आवश्यकता है। नैतिकता के स्तर पर यह भी आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले आंकड़े निष्पक्ष और उच्च गुणवत्ता वाले हों। यदि आधार ही पक्षपाती होगा, तो परिणाम भी पक्षपाती होंगे। इससे सामाजिक असमानता और भेदभाव को बढ़ावा मिल सकता है। इसलिए निष्पक्षता, पारदर्शिता, गोपनीयता और उत्तरदायित्व जैसे सिद्धांतों को इसके विकास का आधार बनाना होगा।

सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह ध्यान रखना आवश्यक है कि तकनीकी विकास हमारी परंपराओं और मूल्यों के साथ संतुलन बनाए रखे। हमारी सांस्कृतिक धरोहर का डिजिटलीकरण और संरक्षण इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, किंतु यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इसका उपयोग सम्मानपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। साररूप में यह कहा जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली साधन है, जो मानव जीवन को नई दिशा दे सकता है। किंतु यदि इसे नैतिकता से अलग कर दिया जाए, तो यह उसी गति से विनाश का कारण भी बन सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के विकास के साथ-साथ अपने नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करें। विज्ञान और मानवीय संवेदना के बीच संतुलन ही वह मार्ग है, जो हमें सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकता है।

# भारतीय सिविल सेवा दिवस का महत्व

**भारतीय सिविल सेवा आई.सी.एस. का आरम्भ 1853 के चार्टर अधिनियम द्वारा किया गया, उस समय से यह प्रतिष्ठित सिविल सेवाएं भारतीयों के लिये भी खुलीं। उल्लेखनीय है कि हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को राष्ट्र निर्माण में लोक सेवकों (आई.ए.एस., आई.पी.एस., आई.एफएस. आदि) को उनके योगदान के पश्चात लोक प्रशासन में उत्कृष्टता हेतु, प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किये जातें हैं जो केन्द्र और राज्य सराकरों को उन -जनपदों/इकाईयों के लिए दिये जाते हैं।**

सर्वप्रथम 21 अप्रैल, 1947 को सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भारत में सिविल सेवकों के पहले बैच को मेटकाफ़ हाउस में सम्बोधित किया था। अपने इस प्रेरणा दायक भाषण में उन्होनें सिविल सेवको को 'भारत का इस्पात ढांचा बताया था। तब से भारत सरकार, प्रतिवर्ष,'21 अप्रैल के दिनको' 'नागरिक सेवा दिवस'की मान्यता देती आयी है। यह दिन सरकारी कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए, नागरिकों के हितों में स्वयं को समर्पित करने तथा सर्वाजनिक सेवा एवं कार्यो मे उत्कृष्ठता लाने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किये जाने का उपयोगी अवसर है। सरदार पटेल को अखिल भारतीय सेवाओं का जनक कहा जाता है। उन्होनें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) तथा भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सत्येन्द्र नाथ टैगोर, सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पहले भारतीय थे, जिनका जन्म 01 जून, 1842 को हुआ था। वह आईसीएस में शामिल होने वाले भारत के आई.ए.एस. अधिकारियों की नियुक्त 1863 में नियुक्त ब्रिटिश शासन काल मे प्रथम बैंच में थे। जिसकें बाद फि़र भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवाओं पर ब्रिटिश अधिकारियों का एकाधिकार समाप्त हो गया। हाल की स्थित पर नज़र डाली जाय तो, अनुज अग्निहोत्री ने यू.पी.एस.सी. सिविल सेवा परीक्षा 2025 में, अखिल भारतीय रैंक 1 हासिल किया। जबकि भारत के सबसे युवा आई.ए.एस. असांर शेख़ हैं जिनकी आयु मात्र 21 वर्ष है। प्रसंगत विषय में छत्तीसगढ़ के अमित कटारिया 2004 बैच के ऐसे आई.ए.एस. अधिकारी हैं, जिनकी कुल सम्पत्ति 8.90 करोड़ रू0 मात्र है। वह सरलपूर्वक एक आलीशान जीवन जी सकते थे, मगर इसके बजाय वह हर माह केवल एक रूपया वेतन लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में तल्लीन है। इसी क्रम में गूगल पर काम करने वाले एक टेक्नीशियन ने 32 वर्ष की आयु में, उस वर्ष की यू.पी.एस.सी. सिविल सेवा परीक्षा पास की। इनका नाम है पियुष कपूर, इनकी सफ्लता पर उत्तर प्रदेश मे जश्न का माहौल है। जबकि मडेम अन्ना राजम मल्होत्रा, भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रथम महिला अधिकारी थीं। इन्जीनियर पीयूष ने यूपीएससी सिविल सेवा 2005 में 402 नं0 की रैंक हासिल की। भारत के संविधान के अनुच्छेद 311(1) के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही किसी आई.ए.एस. अधिकारी को बर्खास्त कर सकता है।


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

यद्यपि 23 अलग अलग सिविल सेवाएं अपने देश में प्रचलित हैं, परन्तु सबसे लोकप्रिय सेवाएं-भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा(आई.पी.एस.) भारतीय राजस्व सेवा (आई.आर.एस.) में शामिल है। सफ्ल उम्मीदवारों कों सेवाओं का आवंटन, परीक्षा में प्राप्त रैंकिंग पर निर्भर करता है। भारतीय सिविल सेवा आई.सी.एस. का आरम्भ 1853 के चार्टर अधिनियम द्वारा किया गया, उस समय से यह प्रतिष्ठित सिविल सेवाएं भारतीयों के लिये भी खुलीं। उल्लेखनीय है कि हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को राष्ट्र निर्माण में लोक सेवकों (आई.ए.एस., आई.पी.एस., आई.एफएस. आदि) कोउनके योगदान के पश्चात लोक प्रशासन में उत्कृष्टता हेतु, प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किये जातें हैं जो केन्द्र और राज्य सराकरों को उन -जनपदों/इकाईयों के लिए दिये जाते हैं, जहाँ जनहित में उन्होनें असाधारण कार्य किया हो, यह दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा सन् 1947 मे प्रशासनिक अधिकारियों से किये गये एतिहासिक सम्बोधन की याद में मनाया जाता है।




आईये अब राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस से जुड़े विभिन्न पहलूओं का जायज़ा लिया जायः-सबसे पहले जानते है कि यू.पी.एस.सी. परीक्षा के लिये कितने प्रयास किये जा सकते हैं। ऐसे प्रयासों हेतु तीन श्रेणियां आवंटित है-(सामान्य/ओ.बी.सी. व एस.सी.,एस.टी.) जिसके अर्न्तगत ओ.बी.सी. श्रेणी के उम्मीदवार, इस परीक्षा में 01 अगस्त को 35 वर्ष की आयु तक, 9 मरतबा परीक्षा दे सकते हैं, जबकि सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को यू.पी.एस.सी. सिविल सेवा परीक्षा में 32 वर्ष की आयु तक, छः (6) मरतबा परीक्षा देने की अनुमति है। जबकि अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारोंको 37 वर्ष की आयु तक, असीमित प्रयास प्राप्त हैं, हालिया आकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, सबसे अधिक आई.ए.एस. अधिकारी तैयार करता रहा है। ब्रिटिश राज के दौरान 'वारेन हास्टिग्स' ने सिविल सेवा की नींव रखी थी तथा चार्ल्स कार्नवालिस ने इसमें आवश्यकतानुसार सुधार व आधुनिकीकरण लाकर, इसे युक्ति संगत बनाया, इसीलिये उनकों 'भारत में सिविल सेवा का जनक' भी कहा जाता है। कार्नवालिस ने भारतीय सिविल सेवा के दो अनुभाग स्थापित किये- (1) अनुबन्धित (2) गैर अनुबन्धित।

पहला अधिकारिक सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल, 2006 को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रशासनिक सुधार संघ एवं लोक शिकायत विभाग व।त्ष्ळद्वारा आयोजित किया जाता है। प्रत्येक सिविल सर्वेन्ट का वेतन इस प्रकार निर्धारित होता है, सेलेक्शन ग्रेड रू0 1,18,500/- प्रतिमाह़भत्ते, सुपर टाइम स्केलः- 2,50000/- .भत्ते। सुपर टाइम स्केल से ऊपर रू0 2,50,000/- प्रतिमाह़भत्ते। सिविल सेवा दिवस के अवसर, पर लोक प्रशासन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार हर वर्ष प्रदान किये जाते हैं, जिसमें मेडल स्क्राल और नकद धनराशि शामिल होती है यह पुरस्कार, सिविल सेवकों को उनके कार्यशैली में सुधार तथा नवाचार हेतु प्रोत्साहित करता है। यह दिन देश के प्रशासनिक कार्यो में तल्लीन अधिकारियों को, राष्ट्र सेवा हेतु अपने अगले समर्पण की समुचित दिशा हेतु प्रेरित करता है। साथ ही यह दिन, जनहित में सरकार के सुचारूसंचालन मेंयोगदान देने वाले अधिकारियों को सम्मानित किये जाने का महत्वपूर्ण मंच है। इस दिन न केवल उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है बल्कि बदल रही चुनौतियों के अनुसार भविष्य की रणनीतियां बनाने पर भी ध्यान केन्द्रीयत किये जाने की परम्परा रही है। यह दिवस ऐसे अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है जिनमें सिविल सेवा की एक अविचलित प्रशासनिक रीढ़ माना जाता है। इस दिन की स्थापना, केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा किये गये उत्कृष्ट एवं नवोन्मेषी कार्यो को मान्यता दिये जाने हेतु, स्थापित किया गया। समस्त सरकारी अधिकारी और संगठन इसके लिये पात्र हैं। चयन प्रक्रिया में एक्रीनिंग कमेटी द्वारा व विशेषज्ञ कमेटी द्वारा मूल्यांकन के अतिरिक्त व कैबिनेट सचिव एवं प्रधान मंत्री द्वारा अनुमोदन भी जरूरी होता है।

# बंगाल में एसआईआर निशाने पर मुसलमान!

**स्थानीय स्तर पर गुंजरिया ग्राम पंचायत के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए, तो स्थिति और भी गंभीर नजर आती है। विभिन्न पार्ट नंबरों में हटाए गए मतदाताओं का विवरण इस प्रकार हैः पार्ट नंबर 181 में 221 मतदाता हटाए गए जबकि 767 सक्रिय हैं; पार्ट नंबर 182 में 91 हटाए गए और 439 सक्रिय, पार्ट नंबर 183 में 170 हटाए गए और 718 सक्रिय; पार्ट नंबर 184 में 89 हटाए गए और 702 सक्रिय; तथा पार्ट नंबर 185 में 168 मतदाता हटाए गए जबकि 683 सक्रिय हैं।**

पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (SIR) ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपलब्ध आंकड़े यह संकेत देते हैं कि इस प्रक्रिया के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से मुसलमानों को असंगत रूप से निशाना बनाया जा रहा है, जो न केवल चुनावी न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है बल्कि संवैधानिक अधिकारों का भी स्पष्ट उल्लंघन है।


मोहम्मद हफीज़ुद्दीन

आंकड़ों के विश्लेषण से जो तस्वीर सामने आती है, वह बेहद चिंताजनक है। नंदीग्राम जैसे संवेदनशील क्षेत्र में, जहां मुस्लिम आबादी लगभग 25 प्रतिशत है, वहां हटाए गए मतदाताओं में से 95.5 प्रतिशत मुसलमानों का होना महज संयोग नहीं लगता, बल्कि यह एक सुनियोजित और पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया की ओर इशारा करता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची वह बुनियादी दस्तावेज होती है जो नागरिकों के मतदान के अधिकार की गारंटी देती है, लेकिन जब उसी सूची के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाए, तो पूरा चुनावी ढांचा अपनी विश्वसनीयता खो देता है।

यह समस्या केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में इसकी गूंज सुनाई दे रही है। जानकारी के अनुसार लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जिनमें बड़ी संख्या अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित है। विशेष रूप से मुर्शिदाबाद जैसे मुस्लिम बहुल जिले में सबसे अधिक नामों का हटाया जाना इस आशंका को और मजबूत करता है कि यह प्रक्रिया महज तकनीकी या प्रशासनिक त्रुटियों का परिणाम नहीं, बल्कि एक विशेष समुदाय को राजनीतिक रूप से कमजोर करने की कोशिश हो सकती है।

इसी संदर्भ में उत्तर दिनाजपुर जिले की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। अगर इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों पर नजर डालें, तो स्थिति और स्पष्ट हो जाती है। उपलब्ध डेटा के अनुसार इस्लामपुर सब-डिवीजन में प्रारंभिक मतदाताओं की संख्या 8,47,352 थी, जिसके बाद पुनरीक्षण प्रक्रिया में 3,34,344 मामलों को जांच (adjudication) के लिए लिया गया। इनमें से 2,13,759 को स्वीकार किया गया, जबकि 1,19,840 आवेदन खारिज कर दिए गए। कुल 3,33,599 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 745 अभी भी लंबित हैं। इस पूरी प्रक्रिया के बाद मतदाताओं की कुल संख्या 10,61,111 बताई गई है। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया असामान्य रूप से मुसलमानों को प्रभावित कर रही है। अगर स्थानीय स्तर पर गुंजरिया ग्राम पंचायत के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए, तो स्थिति और भी गंभीर नजर आती है। विभिन्न पार्ट नंबरों में हटाए गए मतदाताओं का विवरण इस प्रकार हैः पार्ट नंबर 181 में 221 मतदाता हटाए गए जबकि 767 सक्रिय हैं; पार्ट नंबर 182 में 91 हटाए गए और 439 सक्रिय, पार्ट नंबर 183 में 170 हटाए गए और 718 सक्रिय; पार्ट नंबर 184 में 89 हटाए गए और 702 सक्रिय; तथा पार्ट नंबर 185 में 168 मतदाता हटाए गए जबकि 683 सक्रिय हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि एक ही ग्राम पंचायत में सैकड़ों मतदाताओं को सूची से बाहर कर दिया गया है, जो यह दर्शाता है कि यह प्रक्रिया जमीनी स्तर तक कितनी व्यापक रूप से लागू की जा रही है।




ये स्थानीय और राज्य स्तरीय आंकड़े मिलकर एक बड़ी तस्वीर पेश करते हैं, जिसमें मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने की प्रक्रिया दिखाई देती है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां मुस्लिम आबादी अधिक है, इस तरह की कार्रवाइयां लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ाने के बजाय राजनीतिक हाशियाकरण को बढ़ावा देती हैं। यह स्थिति न केवल चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है, बल्कि प्रतिनिधित्व के संतुलन को भी बिगाड़ सकती है।

इस पूरे मामले का सबसे चिंताजनक पहलू वह है जो न्यायिक हस्तक्षेप के बाद सामने आया है। कांग्रेस उम्मीदवार महताब शेख के नाम की बहाली इस बात का प्रमाण है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में गंभीर खामियां मौजूद हैं। जब चुनाव आयोग किसी उम्मीदवार का नाम हटाने के लिए उचित कारण देने में असफल रहता है, तो इससे संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं और जनता का भरोसा भी कमजोर होता है।

इसके अलावा, लाखों मतदाताओं को पूरी तरह से सूची से बाहर कर देना एक ऐसा कदम है जो लोकतांत्रिक अधिकारों की नींव को हिला देता है। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक संवैधानिक अधिकार है, और इस अधिकार से वंचित करना उसकी राजनीतिक पहचान को खत्म करने के समान है। जब किसी विशेष समुदाय को बड़े पैमाने पर इस अधिकार से वंचित किया जाता है, तो यह प्रक्रिया न केवल अलोकतांत्रिक बल्कि भेदभावपूर्ण भी मानी जाती है। यह स्थिति इस बात की मांग करती है कि इस पूरी प्रक्रिया की तुरंत और निष्पक्ष जांच कराई जाए। एक स्वतंत्र जांच आयोग ही यह निर्धारित कर सकता है कि नाम वास्तव में तकनीकी कारणों से हटाए गए या इसके पीछे कोई सुनियोजित रणनीति थी। साथ ही यह भी आवश्यक है कि मतदान से पहले सभी पात्र मतदाताओं के नाम बहाल किए जाएं, ताकि कोई भी नागरिक अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान की यह जिम्मेदारी है कि वह न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करे, बल्कि जनता के विश्वास को भी बहाल करे।

इस मुद्दे का एक और महत्वपूर्ण पहलू सामाजिक और राजनीतिक सद्भाव से जुड़ा है। जब किसी समुदाय को यह महसूस होता है कि उसे व्यवस्थित रूप से लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर किया जा रहा है, तो स्वाभाविक रूप से असंतोष और अविश्वास पैदा होता है। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए बल्कि राष्ट्रीय एकता के लिए भी हानिकारक हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि सभी लोकतांत्रिक शक्तियां इस मुद्दे को गंभीरता से लें और इसके समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं। यह कहना गलत नहीं होगा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया ने लोकतांत्रिक मूल्यों की परीक्षा की स्थिति पैदा कर दी है। यदि इस मुद्दे को समय रहते निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हल नहीं किया गया, तो इसके प्रभाव न केवल वर्तमान चुनावों पर बल्कि भविष्य के लोकतांत्रिक ढांचे पर भी पड़ सकते हैं। समय की मांग है कि न्याय, समानता और पारदर्शिता के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी जाए और हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के उसके मतदान के अधिकार की पूरी गारंटी दी जाए।

# विपक्ष ने महिलाओं के सम्मान पर किया कुठाराघात: केशव प्रसाद

अवधनामा संवाददाता



■ सपा और कांग्रेस महिला विरोधी, नारी शक्ति के उत्थान में विपक्ष बना रोड़ा: उपमुख्यमंत्री

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मीडिया से वार्ता करते हुए विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि विपक्ष की मानसिकता सदैव महिला विरोधी रही है और इन पार्टियों ने देश की आधी आबादी के हक और सम्मान पर हमेशा कुठाराघात किया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की माताओं और बहनों के सर्वांगीण उत्थान और उन्हें विधायी कार्यों में उचित भागीदारी देने के लिए महिला आरक्षण बिल का मसौदा पटल पर रखा था। लेकिन, विपक्ष ने अपनी गहरी चालों और नकारात्मक राजनीति के जरिए इसे विफल करने का कुत्सित प्रयास किया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष की यह साजिश देश की नारी शक्ति को कमजोर करने की कोशिश थी, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी।

नारी शक्ति के अपमान और विपक्ष के अडियल रवैये के खिलाफ प्रदेश सरकार 'नारी शक्ति वंदना' अभियान के तहत कल एक विशाल 'जन आक्रोश रैली' का आयोजन करने जा रही है। श्री मौर्य ने बताया कि यह रैली उन ताकतों को जवाब देगी जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों को रोकने का काम किया है। सपा के 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे पर प्रहार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता अब इस खेल को पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा 'आज समाज का हर वर्ग, हर धर्म और हर जाति के लोग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। विपक्ष के पास न कोई विजन है और न ही जनता के प्रति ईमानदारी।

### जन आक्रोश रैली आज

- उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'नारी शक्ति वंदना अधिनियम' तक महिलाओं को सशक्त बनाया है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था और विकास के दम पर महिलाओं में सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है। तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति करने वाले दल अब हाशिए पर हैं।
- उपमुख्यमंत्री ने अंत में आह्वान किया कि कल की जन आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी और यह नारी शक्ति के स्वाभिमान की एक नई इबारत लिखेगी।

## कृषि विभाग ने हरी खाद के प्रयोग पर दिया जोर

लखनऊ। कृषि निदेशक डॉ0 पंकज त्रिपाठी ने प्रदेश के किसानों से मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए हरी खाद को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि फसलों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए मिट्टी में जीवांश कार्बन की उपलब्धता अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश की मृदा में जीवांश कार्बन की मात्रा मात्र 0.2 से 0.3 प्रतिशत रह गई है, जिसे बढ़ाकर 0.8 से 1 प्रतिशत तक ले जाने की आवश्यकता है। रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया और डी.ए.पी. के अत्यधिक प्रयोग तथा गर्मी में जुताई न करने के कारण मिट्टी से मित्र कीट और केंचुए गायब हो रहे हैं, जिसका सीधा असर उत्पादन और उर्वरकों की बढ़ती मांग पर पड़ रहा है। कृषि निदेशक डॉ0 पंकज त्रिपाठी ने जानकारी दी कि दलहनी और गैर-दलहनी फसलों को उनकी वानस्पतिक वृद्धि के समय मिट्टी में दबाना ही हरी खाद है। इसके लिए ढैंचा, सनई, लोबिया, ग्वार और मक्का जैसी फसलों का चयन किया जा सकता है।

# अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता





■ 100 मीटर तक घसीटता रहा कार सवार, मौके से हुआ फरार

फतेहपुर। जनपद के बहुआ क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना सामने आई है, जहां तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान कानपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, ललौली थाना क्षेत्र के रेंय गांव निवासी बीरेंद्र सिंह का 19 वर्षीय पुत्र आदित्य सिंह 4 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे स्कूटी से अपनी मौसी प्रिया सिंह के घर, नौधीखेड़ा (बिंदकी) जा रहा था। जैसे ही वह बांदा-कानपुर हाईवे पर बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के छीछा मोड़ के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चालक युवक को स्कूटी समेत करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। इतना ही नहीं, कार का अगला पहिया युवक के ऊपर चढ़ गया, जिससे वह काफी देर तक वाहन के नीचे फंसा रहा। आरोप है कि इस दौरान कार सवार संवेदनहीनता दिखाते हुए मोबाइल पर बात करता रहा और बाद में मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से परिजन घायल आदित्य को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिंदकी ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां रविवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुत्र की मौत से मां पिंकी सिंह और पिता बीरेंद्र सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई नमन सिंह और बहन दीपाली सिंह भी गहरे सदमे में हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य अपने पिता के साथ अजमतपुर गांव में गिट्टी-मौरंग के व्यवसाय में हाथ बंटाता था। घटना के संबंध में परिजनों ने कोतवाली बिंदकी में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उपमुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ जन-समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी के सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर आज 'जनता दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री के समक्ष गुहार लगाई। मौर्य ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले नीर पान कराया फिर एक-एक कर सभी की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्य रूप से जमीन से जुड़े विवाद, फौजदारी मामले, पैमाइश, सड़क निर्माण और नाली की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

उपमुख्यमंत्री ने इन शिकायतों के आधार पर मौके पर ही निम्नलिखित जिलों के आला अधिकारियों को निर्देशित किया। विद्युत विभाग: विद्युत कॉर्पोरेशन लखनऊ के चेयरमैन श्री आशीष गोयल को बिजली से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया गया। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आए गंभीर मरीजों की सहायता को प्राथमिकता दी। चिकित्सा सहायता की गुहार लगाने वाले पीड़ितों के लिए तुरंत प्रबंध किए गए: कैंसर पीड़ित शिवसहारे को तत्काल इलाज हेतु सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं अन्य दो गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा की जनता की शिकायतों का समय पर और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक स्मार्ट मीटर पर रोक

लखनऊ। ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। मंत्री श्री शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि तथा उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

# आज सनातनी मातृशक्तियां करेंगी बाबा सोमनाथ का दिव्य और भव्य दर्शन

अवधनामा संवाददाता



■ सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में मातृशक्तियां पहुंची सोमनाथ

लखनऊ। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां आज गुजरात के सोमनाथ मंदिर में महादेव के दर्शन करेंगी। यात्रा के दौरान गोमती नगर स्टेशन से लेकर ट्रेन की बोगी तक सनातनी मातृशक्तियों के जयकारों और भजन सें गूंजती रही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते रविवार को लखनऊ स्थित गोमती नगर के स्टेशन से सोमनाथ यात्रा की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। इस अभियान के तहत प्रदेश भर से 1008 चयनित श्रद्धालुओं को बाबा सोमनाथ के दर्शन करवाए जा रहे हैं। यह यात्रा 21 अप्रैल की सुबह 6 बजे, सोमनाथ स्टेशन पहुंचेगी। 24 अप्रैल को वहां से वापसी के लिए ट्रेन रवाना होगी और 26 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी। सोमनाथ गुजरात के वेरावल - प्रभास पाटन, में स्थित भगवान शिव का पहला और अत्यंत पवित्र ज्योतिर्लिंग है। यह मंदिर अपनी अटूट आस्था, सदियों के आक्रमणों को झेलकर पुनर्जीवित होने और अपनी भव्य वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, जिसे लौहपुरुष सरदार पटेल ने पुनर्गठित करवाया था। यह हिंदू धर्म के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। सपना गोयल ने सोमवार को बताया कि उनका एकमात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, 'भारत' एक बार पुनः 'विश्व गुरु' के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति हेतु ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, करवाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम रविंद्र का तबादला, निधि गुप्ता बनीं नई जिलाधिकारी



फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने कई जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) का तबादला किया है। इसी क्रम में फतेहपुर के डीएम रविंद्र सिंह का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनकी जगह निधि गुप्ता को फतेहपुर का नया डीएम नियुक्त किया गया है। डीएम रविंद्र सिंह ने दो साल पहले जिले में कार्यभार संभाला था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने लगातार विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने 'बेस्ट एआई वैक्सीनेशन सिस्टम' नामक एक ऐप विकसित किया था, जिसके माध्यम से निगरानी की जा सकती है। इस ऐप को डीएम द्वारा बनाए जाने के बाद शासन ने पूरे प्रदेश में लागू किया था। डीएम रविंद्र सिंह का किसी भी जनप्रतिनिधि से कभी कोई विवाद नहीं रहा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए। शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए उन्होंने नए वाहनों की व्यवस्था कराई।

### कलेक्ट्रेट में धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जयंती



फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)। जनपद में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर उपभोक्ता फोरम के पीछे कलेक्ट्रेट कंपाउंड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। आयोजन की जानकारी देते हुए ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष दिलीप चंद शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में भगवान परशुराम के स्वरूप में सजे प्रदुम राज दीक्षित का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके बाद विधिवत आरती उतारी गई, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# हम सबका संकल्प है हर गांव, हर गरीब तक विकास की किरण पहुंचाना : डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता



चन्दौली। अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने रविवार की देर शाम मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास, मूलभूत बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, सड़क, पेय जल, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सृजन जनकल्याणकारी योजनाओं के तेज़ एवं प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा सांसद डॉ विनोद बिंद ने की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी का दूरदर्शी नेतृत्व और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने की दिशा में निरंतर ऊर्जा प्रदान कर रहा है। हम सबका संकल्प है हर गाँव, हर गरीब और हर युवा तक विकास की किरण पहुँचाना। सांसद डॉ विनोद बिंद ने बताया कि अपने लोकसभा क्षेत्र भदोही के विकास को लेकर हर संभव प्रयास करते है । कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, जैसे सड़कों का निर्माण, पुलों का विकास, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व पानी की सुविधा व नौजवानों के लिए रोजगार का सृजन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही, वे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई परियोजनाएं भी ला रहे हैं। हमारा ध्यान स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। वहीं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में लगे हुए हैं।

बताते चले कि अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद हर संभव प्रयास करते रहते है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री, वित्तमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री, रेलमंत्री व मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के विकास व समस्याओं के समाधान को लेकर हर संभव प्रयास करते रहते है।

# 'अभियंताओं के देखरेख में कैसे हो पाएगी स्वतंत्र जांच'

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता परिषद ने उठाया सवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की तकनीकी जांच के लिए गठित कमेटी द्वारा गुपचुप तरीके से कार्य शुरू करना पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम (लेसा) की लैब में मीटरों के सैंपल की जांच की तैयारी की जा रही है, जबकि यह लैब स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सभी आवश्यक तकनीकी जांचों के मानकों पर खरी नहीं उतरती और न ही वहां पर्याप्त हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। एमडीएम हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की जांच करने का कोई एक्सपर्ट नहीं है।

उपभोक्ता परिषद का स्पष्ट मत है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सभी कंपोनेंट्स, एमडीएम (मीटर डेटा मैनेजमेंट), एचईएस आईटी एवं ओटी सिस्टम, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की गहन और स्वतंत्र जांच आवश्यक है। साथ ही, 45 डिग्री तापमान में कार्यक्षमता, वोल्टेज के उतार-चढ़ाव पर प्रदर्शन, तथा 35 केवी सर्ज टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण भी अनिवार्य रूप से किए जाने चाहिए।

वर्मा ने यह भी स्मरण कराया कि वर्ष 2012 में उपभोक्ता परिषद के दबाव के बाद आईआईटी कानपुर में दो मीटर कंपनियों के मीटरों की जांच कराई गई थी, जिसमें दोनों असफल पाए गए थे। ऐसे में यह सवाल उठता है कि पावर कॉरपोरेशन अपनी ही लैब में निष्पक्ष जांच कैसे सुनिश्चित करेगा। पावर कारपोरेशन को याद होगा कि जो दोनों मी कंपनियां असफल पाई गई थी आज वह स्मार्ट प्रीपेड मीटर भी बना रही है।

# भगवान परशुराम शस्त्र के साथ शास्त्र के भी रहे पुरोधा : रासबिहारी

अवधनामा संवाददाता



■ धूमधाम से मना परशुराम जयंती

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत हाटा गांव में रविवार को भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पूजन-अर्चन कर भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रासबिहारी राय ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम केवल शस्त्र के ही नहीं बल्कि शास्त्र के भी प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज में न्याय, साहस और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षा, संगठन और संस्कार के माध्यम से मजबूत करना समय की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए कृष्णानन्द राय ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से समाज की एकता और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। संचालन नारायण राय ने किया। आयोजक एवं नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष विशाल राय ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में एकजुटता बढ़ती है। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को मजबूत और संगठित करने के लिए हर गांव में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य कर सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रमोद राय, राकेश रंजन राय, जिला महामंत्री हिमान्शु राय, जिला प्रवक्ता नारायण राय, अश्विनी कान्त राय, सुजीत राय, राजेश राय, रत्नेश राय, जिला सह कोषाध्यक्ष अभिषेक राय, जिला मीडिया सेल प्रभारी सुधीर राय, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी विवेकानंद तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी अभिषेक राय सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# पत्रकारों का दायित्व जनसरोकार के मुद्दे मजबूती से उठाएं : डॉ. अनुराग

अवधनामा संवाददाता



गाजीपुर। पत्रकारिता सिर्फ आजीविका का साधन मात्र नहीं, बल्कि यह समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। इसका मूल उद्देश्य जनता की आवाज़ बनना, समाज में चेतना का विस्तार करना और शासन प्रशासन की जवाबदेही तय करना है। उक्त वक्तव्य जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने पत्रकारों की वर्चुअल बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे जनसरोकार से जुड़े मुद्दों की आवाज को दबाने के बजाय उसे मजबूती से उठाएं ताकि शासन प्रशासन द्वारा उस पर यथोचित कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता, निर्भीकता और सत्यता के साथ बगैर किसी प्रलोभन व दबाव के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए, ताकि समाज में पारदर्शिता और जागरूकता बनी रहे। ऐसे में हर पत्रकार को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। वहीं वर्तमान समय में जब सूचनाओं का प्रवाह तेजी से हो रहा है, तब पत्रकारों की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने सभी पत्रकारों का आह्वान किया कि वे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज बनें तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। बैठक में विभिन्न प्रदेशों व जनपदों से जूड़े पदाधिकारियों व पत्रकारों ने बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने सत्य निष्ठा के साथ, बगैर भेद-भाव के कार्य करने का आह्वान सभी पत्रकारों से किया। कहा गया कि संगठन पत्रकार हितार्थ पूरी तरह सजग है और पत्रकारों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक उठाकर उसका निराकरण कराने में सक्षम है।

# बात नहीं सुनी गई तो सपा का बहिष्कार की चंद मुस्लिमों की चेतावनी

## फतेहपुर में चाय वाले विवाद पर गरमाई सियासत, मुस्लिम समुदाय ने बैठक कर दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता





फतेहपुर। जनपद में चर्चित 'आर्यन चाय वाले' प्रकरण को लेकर सियासी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर उनके विरोध में बात करते हुए पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि अखिलेश यादव ने हाल ही में लखनऊ में आर्यन चाय वाले और उसके पिता से मुलाकात कर उनकी बात सुनी, लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय के पक्ष को नजरअंदाज कर दिया गया। इससे समुदाय के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चाय दुकान पर हुए विवाद के बाद दर्ज मुकदमे में अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ युवकों के नाम शामिल किए गए हैं, जिसे प्रदर्शनकारियों ने 'फर्जी' बताया। उनका कहना है कि बिना पूरी जांच के केवल एक पक्ष की बात सुनकर कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। बैठक में काफी लोग शामिल हुए। इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की बात करने वाली सपा को सभी वर्गों की आवाज सुननी चाहिए, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक बैठक के बाद एक उपद्रवी तत्व द्वारा पुतला लाया गया जिसे लोगों को उकसाकर और विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया गया। हालांकि, मौके पर मौजूद कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पुतला दहन की घटना अचानक हुई और इसमें सीमित लोग ही शामिल थे। वहीं प्रदर्शन में शामिल कुछ युवकों ने कहा कि जब तक उनकी बात नहीं सुनी जाएगी, वे समाजवादी पार्टी का बहिष्कार जारी रखेंगे। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए मुकदमे से निर्दोष लोगों के नाम हटाने की भी बात कही। प्रेमनगर में आयोजित इस सभा का नेतृत्व इजूरा बुजुर्ग ग्राम पंचायत के प्रधान नदीमउद्दीन और इश्तियाक बेग उर्फ भुट्टू भाई ने किया। सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द ही मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह पूरा मामला अब स्थानीय विवाद से आगे बढ़कर राजनीतिक रूप ले चुका है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर सियासी बयानबाजी और तेज होने की संभावना जताई जा रही है और ये भी सपा सूत्रों द्वारा बताया गया है कि ये भीड़ महज एक व्यक्ति विशेष के इशारे पर हो रहा है और यहां आई भीड़ महज व्यक्ति विशेष से जुड़े व्यक्ति हैं जो कहीं न कहीं उनके साथ जुड़कर क्षेत्र में अनैतिक कार्य करते हैं और न तो सपा से इनका कोई लेना देना है और न ही मुस्लिम समुदाय में इनकी कोई पकड़ व पैठ है। साथ ही बताया गया कि मुस्लिम समाज के जिम्मेदारों का सपा और अखिलेश यादव के प्रति न तो कोई कमी आएगी

## रेलवे देशभर में 18,262 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा

लखनऊ। भारतीय रेलवे ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रेनें चला रहा है। रेलवे ने देश भर में बड़ी संख्या में विशेष ट्रेन सेवाओं को मंजूरी देकर गर्मी के चरम मौसम में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 15 अप्रैल, 2026 से 15 जुलाई, 2026 तक की अवधि के लिए कुल 908 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों को मंजूरी दी गई है, जो बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 18,262 ट्रिप संचालित करेंगी।

इनमें से 660 ट्रेनों को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है, जिनमें 11,294 यात्राएं शामिल हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि नियोजित सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा यात्रियों के लिए बुकिंग और यात्रा योजना बनाने के लिए काफी पहले से ही उपलब्ध है।

# सांसद आवास पर हमले के विरोध में सपा का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

- भाजपा महिला कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की उठी मांग
- कलेक्ट्रेट पहुंचकर सपाइयों ने जताया विरोध



**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** जनपद में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर स्थित आवास पर हुए कथित हमले के विरोध में सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। सपाइयों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जब सांसद नरेश उत्तम पटेल संसद सत्र में व्यस्त थे, उसी दौरान उनके कानपुर के दामोदर नगर (थाना नौबस्ता क्षेत्र) स्थित आवास पर भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं और नेताओं की भीड़ ने पहुंचकर अभद्रता की। ज्ञापन में कहा गया कि उस समय घर पर सांसद की पत्नी विजयलक्ष्मी उत्तम अकेली थीं।

आरोप है कि प्रदर्शनकारी महिलाएं हाथों में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में तख्तियां लिए हुए नारेबाजी कर रही थीं और घर के बाहर धक्का-मुक्की कर नेम प्लेट तोड़ दी गई। साथ ही सांसद की पत्नी के साथ भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। सपा नेताओं ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इसे उन्होंने लोकतंत्र और कानून-व्यवस्था पर हमला बताया। सपाइयों ने राज्यपाल से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, संतोष द्विवेदी, सुहैल खान हेमू, विपिन सिंह यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव, अरूणेश पाण्डेय, रामनरेश पटेल, नंद किशोर पाल, डॉ. अमित पाल, रामतीर्थ परमहंस, संदीप कुमार श्रीमाली, आसिफ मकसूद एडवोकेट, सुरिज पाल रावत, रणधीर सिंह यादव, सुरेश कुमार दिवाकर, सुनील उमराव एडवोकेट, संगीता राज पासी, अंकित यादव, सुशील दोषी, निसार अहमद, सुघर लाल यादव एडवोकेट, रीता प्रजापति और योगेश कुमार एडवोकेट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गले की हड्डी बने प्रीपेड स्मार्ट मीटर, विरोध तेज

**उरई (जालौन)।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर जनता का सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। कस्बे की कांशीराम कॉलोनी में मजदूर वर्ग की महिलाओं व लोगों ने अत्यधिक बिलिंग की समस्या को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है और बिलिंग की समस्या के समाधान की मांग की। साथ ही, लोगों ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पब्लिक की जेब पर डाका बताते हुए इन्हें हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर दोबारा लगाने की मांग उठाई। लोगों का आरोप है कि नए लगाए गए प्रीपेड स्मार्ट मीटर में दो हजार से पांच हजार रुपये तक मासिक बिजली बिल आ रहा है, जबकि पुराने पोस्टपेड मीटरों में 100 से 200 रुपये तक ही बिल आता था। लोगों का कहना है कि 'स्मार्ट' सुविधा जनता के लिए आफत बनती जा रही है और बिलों से तगड़ा झटका लग रहा है। महिलाओं का आरोप है कि बिजली विभाग बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगा रहा है, स्मार्ट मीटर में बिलिंग गड़बड़ी के कारण ही विरोध हो रहा है और बिजली अधिकारी पुराने मीटर हटाकर जबरन नए मीटर लगा रहे हैं। बिजली विभाग के एसडीओ रवींद्र कुमार ने बताया कि उपभोक्ता लगातार समस्याएं लेकर आ रहे हैं और विभाग उनके समाधान का प्रयास कर रहा है। अब तक 100 से अधिक शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें अत्यधिक बिलिंग से संबंधित हैं।

# सेवा और आध्यात्मिक समरसता का पावन अवसर है मानव एकता दिवस

- संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान की विश्वव्यापी श्रंखलाओं का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संत निरंकारी मिशन के पूर्व मार्गदर्शक बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में 24 अप्रैल मानव एकता दिवस पर श्रद्धा, समर्पण और प्रेममय वातावरण में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, इस मौके पर दिल्ली में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में भव्य एवं दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा, वहीं विश्व के लगभग 500 स्थानों पर होने वाले विश्वव्यापी रक्तदान शिविरों की श्रंखला का भी शुभारंभ होगा।

मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेन द्वारा मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश की लगभग 35 ब्रांचों सहित पांच सौ से ज्यादा शहरों में मानवकल्यार्थ रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें लगभग 50 हजार से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई हेतु रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, जबकि मथुरा में हाइवे स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर 24 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 9 बजे से आध्यात्मिक वातावरण में सत्संग के साथ ही रक्तदान भी होगा, जिसमें जिला अस्पताल के ब्लड बैंक टीम के नेतृत्व में ब्रज के निरंकारी भक्त उत्साह के साथ रक्तदान करेंगे।

मथुरा के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा जी ने बताया कि जब मानव हृदय में प्रेम की मधुर धारा अविरल प्रवाहित होती है और आत्मा एकत्व के दिव्य स्पंदन से आलोकित होती है, तभी मानवता का वास्तविक और पावन स्वरूप प्रकट होता है। यह वही स्थिति है जहाँ समस्त भेदभाव स्वतः विलीन हो जाते हैं और करुणा, समरसता तथा सार्वभौमिक भाईचारे का भाव जीवन्त हो उठता है। इसी दिव्य आध्यात्मिक चेतना को साकार करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में ' मानव एकता दिवस ' संपूर्ण मानव जाति को एकत्व, सेवा और सद्भाव का अमूल्य संदेश प्रदान करेगा। इस मौके पर आयोजित दिव्य सत्संग में श्रद्धालु भक्त प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिकता के अद्वितीय संगम का अनुभव करेंगे। यह पावन अवसर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का उत्सव होगा, जो प्रत्येक हृदय को ईश्वरीय एकत्व के अनुभव से जोड़ते हुए आंतरिक शांति और संतोष की अनुभूति कराएगा।

## टीबी के लक्षण दिखें तो तुरंत कराएं जांचः चौधरी

**मथुरा।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत प्रदेशवासियों से टीबी के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर निःशुल्क जांच करानी चाहिए। मंत्री ने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। समय पर पहचान और नियमित उपचार से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बीमारी को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय तत्काल चिकित्सा सहायता लें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विधायकों, ग्राम प्रधानों और आमजन से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाएं और संदिग्ध लक्षण वाले लोगों को जांच के लिए प्रेरित करें। चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

# हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई परशुराम जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज स्थित एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल में परशुराम जयंती का पावन पर्व बड़े ही उत्साह, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं महान विभूतियों के जीवन से परिचित कराना रहा।

इस अवसर पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। उन्होंने बच्चों को परशुराम जी के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में बताते हुए कहा कि वे भगवान विष्णु के अवतार, महान योद्धा एवं ऋषि के रूप में पूजनीय हैं, जिनका जीवन हमें साहस, धर्म और कर्तव्य का पालन करने की प्रेरणा देता है।

इसके पश्चात संस्था द्वारा सभी बच्चों को प्रसाद स्वरूप उनकी पसंदीदा सामग्री–पेटीज और फ्रूटी–वितरित की गई। प्रसाद प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे परिसर में आनंदमय वातावरण बन गया।

संस्था की अध्यक्ष शिखा बंसल ने बताया कि परशुराम जयंती हमें धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

वहीं संस्था के संस्थापक पियूष बंसल ने कहा कि एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल बिना किसी समझौते के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे भविष्य में राष्ट्र के योग्य एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा को जनपद ने किया शुभारंभ

- जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जनपद में आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब कलेक्ट्रेट परिसर से श्रद्धालुओं के दल को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुरक्षित एवं सफल यात्रा की हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के अंतर्गत जनपद से चयनित 10 श्रद्धालुओं को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ धाम के दर्शन हेतु भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और पुनर्निर्माण की गौरवगाथा का प्रतीक है, जिसका आयोजन प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इस पर्व के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व की भावना सुदृढ़ हो सके। सोमनाथ मंदिर भारतीय इतिहास में संघर्ष और पुनर्निर्माण का प्रतीक रहा है। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता और गौरव को भी सशक्त करने का माध्यम है। शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर द्वारकाधीश मंदिर में छाया उल्लास

**मथुरा।** ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष सेवा-पूजा का आयोजन किया गया, जिसकी जानकारी मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने साझा की। अक्षय तृतीया के पावन दिन से ठाकुर जी की सेवा पद्धति में ऋतु परिवर्तन के अनुरूप बदलाव किए गए। ठाकुर जी के श्रीअंग पर शीतल चंदन का लेप किया गया और अब से उन्हें गर्मी के मौसम के अनुरूप ठंडी वस्तुओं का भोग लगाया जाएगा। विशेष रूप से सत्तू, शरबत और शीतल जल अर्पित किया गया।

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए ठाकुर जी को हल्के और शीतल वस्त्र धारण कराए गए। साथ ही उनकी सुख-सुविधा के लिए पंखा भी लगाया गया, जिससे मंदिर में ग्रीष्मकालीन सेवा का शुभारंभ हुआ।

राकेश तिवारी ने बताया कि 'अक्षय' का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो, इसलिए इस दिन किए गए दान-पुण्य का फल अनंतकाल तक मिलता है।

# अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती पर आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** अक्षय तृतीया महापर्व एवं भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्य दिवस के पावन अवसर पर शहर के महिला थाना के पास, उज्जीवन बैंक भटवलिया चौराहा पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ भगवान श्री परशुराम जी के पूजन-अर्चन से हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके पराक्रम, धर्म के प्रति समर्पण और समाज में न्याय की स्थापना के उनके संदेश को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरस्वती नन्दन मिश्रा, विवेकान्द मिश्रा,सौरभ मिश्रा,अखिलेश पाण्डेय, रामकुमार पाण्डेय,अभिषेक पाण्डेय, दुर्गेश दूबे विरेन्द्र नाथ तिवारी सतीश, संजय तिवारी जी तथा अधिवक्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच भव्य रूप से महाप्रसाद का वितरण किया गया। लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन स्थल पर व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और स्थानीय लोगों का सहयोग भी सराहनीय रहा।

पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# श्री अक्रूर स्मृति भवन का हुआ शिलान्यास

- 8.5 करोड़ की लागत से बनेगा वार्ष्णेय समाज का भव्य केंद्र



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वात्सल्य ग्राम के निकट अक्रूर धाम रोड पर श्री अक्रूरजी चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वाकांक्षी परियोजना 'श्री अक्रूर स्मृति भवन' का विधिवत नींव पूजन और शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। इस भवन के निर्माण से देश भर के वार्ष्णेय समाज के लोगों को मांगलिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए एक बड़ा और सुविधायुक्त केंद्र उपलब्ध होगा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ नींव पूजन समारोह के मुख्य अतिथि अलीगढ़ के पूर्व मेयर आशुतोष वार्ष्णेय, सासनी के चेयरमैन राजीव वार्ष्णेय और आरके गुप्ता रहे। आचार्य अभिनव शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नींव का पूजन और शिलान्यास संपन्न कराया गया।

ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री नेमी चन्द वार्ष्णेय ने बताया कि 550 वर्ग गज क्षेत्र में बनने वाले इस भवन का निर्माण कार्य आगामी दो वर्षों में पूरा होगा। 8.5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले इस भवन की विशेषताएं इस प्रकार हैंः 44 वातानुकूलित (AC) कमरे, रेस्टोरेंट, आधुनिक किचन और एक विशाल हॉल। भवन परिसर में भगवान अक्रूरजी की एक भव्य मूर्ति की स्थापना की जाएगी। परियोजना का मानचित्र मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता 'तूफान' ने बताया कि भवन की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है और अब निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। कोषाध्यक्ष मनोज कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक कमरे के निर्माण हेतु डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने 11 लाख रुपये की घोषणा की।

इसके अतिरिक्त, नन्नूमल गुप्ता, कपिल कुमार, एच. एस. वार्ष्णेय, ई. दिनेश वार्ष्णेय, राजेश्वरी अत्रि और चंद्रकला अत्रि ने पांच-पांच लाख रुपये के कमरे निर्माण का संकल्प लिया। समारोह में गिरीश गुप्ता, मनोज कुमार वार्ष्णेय, प्रेमचन्द वार्ष्णेय, ई. तपेंद्र कुमार गुप्ता, महेश वार्ष्णेय, योगेश कुमार वार्ष्णेय, कुंजबिहारी गुप्ता, मुनेश कुमार गुप्ता, भुवनेश कुमार वार्ष्णेय, अनिल कुमार वार्ष्णेय, जयकिशन गुप्ता, जेएम अत्री, एसके वार्ष्णेय, अनिता गुप्ता, मधु गुप्ता, वंदना गुप्ता, शारदा गुप्ता और डिंपल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## बढ्ते तापमान के कारण विद्यालयों 07 से 12 बजे तक होगा संचालन

**कन्नौज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद में निरंतर बढ़ते तापमान एवं लू की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं हित को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है। इसी क्रम में जनपद कन्नौज में संचालित प्री-प्राइमरी से कक्षा 08 तक के समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त, अशासकीय सहायता प्राप्त, आई.सी.एस.ई., सी.बी.एस.ई. बोर्ड, मदरसा एवं अन्य बोर्ड से संचालित सभी विद्यालयों का संचालन छात्र हित में दिनांक 21 अप्रैल 2026 से अग्रिम आदेशों तक प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त अवधि में प्रातः 09:30 बजे से 10 बजे तक मध्यान्ह भोजन अवकाश रहेगा। यह निर्णय विद्यार्थियों को भीषण गर्मी एवं लू के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखने तथा अध्ययन-अध्यापन की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और शिक्षण कार्य भी सुचारु रूप से संचालित होता रहे।

# ओरिएंटेशन कार्यशाला में कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया

- जनगणना 2027 के प्रथम चरण को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें-ईओ



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय नगर पालिका परिषद सभागार में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा सभासदगणों एवं पालिका कर्मचारियों हेतु जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफ्ल संचालन को लेकर दूसरे दिन भी ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। सोमवार को अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संपादित किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है तथा उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को घर-घर जाकर आंकड़े संकलन, डिजिटल माध्यम से सूचनाएं दर्ज करने, नागरिकों से समन्वय स्थापित करने तथा समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बताया गया कि जनगणना के दौरान मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियां एकत्र की जाएंगी। अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है, इसलिए सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यशाला में मौजूद कर्मचारियों ने भी सफ्ल संचालन के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। दूसरे दिन भी कार्यशाला में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता अभियान



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रोफेसर चंदना डे और नोडल अधिकारी (स्कॉलरशिप) डॉ. मोहम्मद अकमल के मार्गदर्शन में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत लखनऊ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में प्रोफेसर चंदना डे और डॉ. मोहम्मद अकमल ने विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ चक्र पुरवा गांव और यादव चौराहा का दौरा किया। वहां उन्होंने महिलाओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, आर्थिक सहायता और आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रोफेसर चंदना डे ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जो एक मजबूत समाज की नींव रखता है।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त को पकड़ा

- थाना इन्दरगढ़ में बलात्कार व आईटी एक्ट के अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष नीलम सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना इन्दरगढ पुलिस टीम द्वारा बलात्कार व आईटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को 315 बोर तमंचा व 02 कारतूस सहित गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

सोमवार को इन्दरगढ थानाध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि विगत 08 जनवरी को वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना इन्दरगढ पर अंश उर्फरिकंल पुत्र वेदप्रकाश निवासी ग्राम बदनपुर थाना विधुना जनपद औरैया के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 बी0एन0एस0 व पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी थी। दिनांक 01 फरवरी को अभियुक्त अंश उर्फ रिकंल ने उपरोक्त पीड़िता को गन्दे गन्दे फोटो व्हाटसअप व इस्टाग्राम पर वायरल कर मोबाइल फोन से परिवारवालो को जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके सम्बन्ध में पीडिता द्वारा दिनांक 11 मार्च को थाना इन्दरगढ पर नीतीश उर्फ अशं उर्फ रिकल 2. धीरेन्द्र पुत्र गणेश निवासी ग्राम नकटपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। सोमवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक राहुल पाल, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह ने कांस्टेवल सुमित कुमार व नितिन कुमार के साथ संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त नीतीश उर्फ अशं उर्फ रिकल को कटैया पुल से करीब 20 मीटर दूर नहर पटरी पर ग्राम कटैया से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

# निहिलेंट ने अयोध्या चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ साझेदारी की



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** निहिलेंट एक वैश्विक कंसल्टिंग और टेक्नोलॉजी सर्विस कंपनी है, जो भारत में अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) कार्यों को मजबूत कर रही है। कंपनी वंचित और कम सुविधा वाले समुदायों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सभी के लिए समान अवसर देने पर काम कर रही है। अपने मानव-केंद्रित विकास के दृष्टिकोण के तहत, निहिलेंट टेक्नोलॉजी, बुनियादी ढांचे और साझेदारी की मदद से समाज में मौजूद कमियों को दूर करने का प्रयास कर रही है।

शिक्षा क्षेत्र में, निहिलेंट ने पुणे स्थित भटक्या विमुक्त जाती शिक्षण संस्था (बीवीजेएसएस) के आवासीय स्कूल में डिजिटल शिक्षा को बेहतर बनाने का काम किया है। इसके तहत कंपनी ने इंटरनेट सुविधा के साथ एक पूरी तरह से सुसज्जित कंप्यूटर लैब स्थापित की है और एक डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम भी शुरू किया है। इस पहल से घुमंतू और आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों के बच्चों को डिजिटल कौशल सीखने में मदद मिल रही है, जिससे वे तकनीक आधारित भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।

निहिलेंट ने बीवीजेएसएस कैंपस में रहने की सुविधाओं को भी बेहतर बनाया है। इसके लिए आधुनिक स्वच्छता सुविधाएं बनाई गई हैं और पोषण तथा चिकित्सा सामग्री जैसी जरूरी चीजों में भी मदद दी गई है। इन प्रयासों से स्वच्छता में सुधार हुआ हैं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कम हुए हैं और आवासीय छात्रों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।

इन पहलों पर टिप्पणी करते हुए निहिलेंट लिमिटेड के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एल.सी. सिंह ने कहा, 'निहिलेंट में सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारा दृष्टिकोण मानव-केंद्रित विकास के हमारे विश्वास पर आधारित है। हम टेक्नोलॉजी को सिर्फ व्यवसाय का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, अवसर और समावेशन को बढ़ाने का एक मजबूत माध्यम मानते हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने प्रयासों के जरिए हम बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में सीख सकें, आगे बढ़ सकें और सफल हो सकें।

# उत्पीड़न विवाद में बड़ा एक्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति ने कोच नवल सिंह को मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के आरोपों के बाद बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई सुमित अंतिल समेत कई एथलीट्स की शिकायत के बाद की गई, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पास दर्ज कराया गया था।


भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच नवल सिंह को उत्पीड़न के आरोपों के बाद पद से हटा दिया है। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने रविवार को इस फैसले की पुष्टि की। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता सुमित अंतिल ने कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाया था। इस मामले में उन्होंने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) से औपचारिक शिकायत भी की थी।

सुमित अंतिल को इस मुद्दे पर टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का भी समर्थन मिला। शिकायत में देश के कई शीर्ष एथलीट्स ने भी हस्ताक्षर किए, जिसमें कोच पर बार-बार अपमानजनक भाषा और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए गए। यह लिखित शिकायत 10 अप्रैल को साइ को सौंपी गई थी। सुमित अंतिल ने बताया कि उन्होंने पहले साइ अधिकारियों से इस मुद्दे पर बात की थी, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश भी की गई, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया।

नवल सिंह को पिछले साल द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह भारतीय जैवलिन थ्रो एथलीट्स को ट्रेनिंग देने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, लगातार शिकायतों के बाद पीसीआई बोर्ड ने उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया।

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने पैरा-एथलीटों द्वारा द्रोणाचार्य अवॉर्ड विजेता भाला फेंक कोच नवल सिंह पर लगाए गए मानसिक उत्पीड़न और अभद्र भाषा के आरोपों की तेज और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, चैंपियनों को मैदान में पसीना बहाना चाहिए, न कि उत्पीड़न से जूझना चाहिए।

# ब्रॉक लेसनर-सेबल की प्रेम कहानी



**लास वेगस।** वर्ल्ड रेसलिंग इंटरटेनमेंट यानी WWE की दुनिया में ब्रॉक लेसनर सिर्फ एक रेसलर नहीं, बल्कि एक दौर का नाम रहे हैं। एक ऐसा बीस्ट जिसने रिंग में हर दिग्गज को धूल चटाई, लेकिन दिल हार बैठे सेबल पर। यह वही कहानी है जहां एक 10 साल बड़ी, शादीशुदा महिला से लेसनर को प्यार हुआ, विवाद हुए, रिश्ते टूटे और फिर उसी प्यार ने एक परिवार का रूप लिया। आज लेसनर 48 साल के हैं और सेबल 58 की और अब जब रिंग में उनके बूट छूट गए हैं, तो लगता है जैसे एक युग का अंत हो गया। यह सिर्फ एक

## क्या ब्रॉक लेसनर हुए रिटायर?

रेसलर की विदाई नहीं, बल्कि उस इंसान की कहानी है जिसने रिंग के अंदर और बाहर दोनों जगह इतिहास लिखा। रेसलमेनिया-42 का नाइट-2 रोमांच, टाइटल बदलाव और बड़े मुकाबलों से भरा रहा, लेकिन जब लास वेगास की रोशनी धीमी हुई, तो एक तस्वीर सबके दिलों में रह गई- रिंग के बीच पड़े बूट्स, खामोशी और थैंक यू ब्रॉक लेसनर के गूंजते नारे।

**ओबा फेमी से हार, लेकिन कहानी कुछ और थी**

लेसनर का मुकाबला ओबा फेमी से था। यह मैच एकतरफा रहा, फेमी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और लेसनर को आसानी से हराया। लेकिन असली कहानी मैच के बाद शुरू हुई। जैसे ही घंटी बजी, लेसनर ने बिना कुछ कहे अपने ग्लव्स और बूट्स रिंग में छोड़ दिए, एक ऐसा संकेत जिसे रेसलिंग की दुनिया में रिटायरमेंट का प्रतीक माना जाता है।

**थैंक यू ब्रॉकः भावुक हुआ पूरा एरीना**

रिंग में यह दृश्य देखते ही पूरा एरीना गूंज उठा थैंक यू ब्रॉक, थैंक यू लेसनर लेसनर ने चारों तरफ देखा, तालियों को महसूस किया और जैसे अपने सफर को आखिरी बार जी लिया। यह सिर्फ एक मैच का अंत नहीं था, बल्कि एक युग के खत्म होने का एहसास था। उनके लंबे समय के साथी और मैनेजर पॉल हेमन रिंग में आए। दोनों के बीच एक भावुक पल देखने को मिला। लेसनर ने हेमन को गले लगाया और फिर रोते दिखाई दिए। हेमन भी अपने सबसे खास दोस्त को विदा होते देखकर भावुक हो गए। यह एक ऐसा रिश्ता रहा, जिसमें अनगिनत यादें समाई हुई थीं। यह शायद आखिरी बार था जब बीस्ट और उनका वाइसमैन साथ रिंग से बाहर जा रहे थे। हालांकि, डब्ल्यूडब्ल्यू की ओर से आधिकारिक तौर पर रिटायरमेंट की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस तरह से लेसनर ने अपने रेसलिंग गियर को रिंग में छोड़ा, उसने साफ इशारा दे दिया कि उनका सुनहरा दौर अब खत्म हो चुका है। यह एक पासिंग द टॉर्च मोमेंट भी था, जहां लेसनर ने नई पीढ़ी के स्टार ओबा फेमी को मंच सौंप दिया। ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज कर्ट एंगल ने भी लेसनर को भावुक अंदाज में विदाई दी। उन्होंने लिखा, तुमसे प्यार है मेरे भाई। तुम्हारे जैसा सिर्फ एक ही होगा। रिटायरमेंट का आनंद लो, ब्रॉक।

**रिंग के बाहर की कहानी भी खास**

रेसलिंग में कई बार शब्दों से ज्यादा इशारे बोलते हैं और लेसनर ने वही किया। ओबा फेमी से हार के बाद रिंग के बीच गियर छोड़ना इस बात का संकेत था कि आधुनिक रेसलिंग इतिहास का सबसे दबदबे वाला दौर अब खत्म हो चुका है। जहां रिंग में लेसनर ने इतिहास रचा, वहीं बाहर उनकी और सेबल की लव स्टोरी भी किसी फिल्म से कम नहीं रही। विवादों से शुरू हुआ रिश्ता आज 20 साल की शादी में बदल चुका है। अब जब रेसलिंग करियर खत्म होता नजर आ रहा है, तो शायद लेसनर अपने परिवार और निजी जिंदगी पर ज्यादा ध्यान देंगे।

**पहली मुलाकात और सेबल की शुरुआती जिंदगी**

बात करते हैं, 1990 के दशक की। डब्ल्यूडब्ल्यूई की दुनिया में सेबल एक ऐसा नाम थीं, जिन्होंने रिंग में एक अलग पहचान बनाई थी। तब ब्रॉक लेसनर भी उभर रहे थे। जहां एक तरफ सेबल एटिट्यूड एरा की सबसे चर्चित महिला सुपरस्टार बनीं, वहीं ब्रॉक लेसनर ने रूथलेस एग्रेसन दौर में आते ही डब्ल्यूडब्ल्यूई पर राज किया। लेकिन इन दोनों की असली कहानी रिंग के बाहर शुरू होती है, जहां दोस्ती, विवाद, दूरी और फिर शादी तक का सफर शामिल है।

**सेबल का असली नाम रेना मार्लेट, दो शादी कर चुकी थीं**

सेबल, जिनका असली नाम रेना मार्लेट है, 1996 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में नजर आईं। उस समय वह ट्रिपल एच के साथ रेसलमेनिया-12 में दिखीं। उसी रात उनके दूसरे पति मार्क मेरो ने भी डेब्यू किया। दोनों की शादी को उस समय तीन साल हो चुके थे। इससे पहले वह 1987 में वेन रिचर्डसन नाम के व्यक्ति से शादी कर चुकी थीं, जिनका 1991 में निधन हो गया था। उनसे उनकी एक बेटी मारिया भी है।

**करियर की ऊंचाइयों पर WWE से मिला था धोखा**

डब्ल्यूडब्ल्यूई में सेबल के रूप में उन्होंने एटिट्यूड एरा के दौरान जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की। उस दौर में महिलाओं को अक्सर ग्लैमर और आकर्षण के रूप में पेश किया जाता था और सेबल इस दौर की सबसे बड़ी स्टार्स में से एक बन गईं। शुरुआत में उन्हें मार्क मेरो के साथ जोड़ा गया, लेकिन जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ी, उन्हें अलग पहचान दी गई। इसी दौरान सेबल विमेंस चैंपियन बनीं और एक एडल्ट मैगजीन के कवर पर भी नजर आईं। हालांकि 1999 में बैकस्टेज विवादों और माहौल से परेशान होकर उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई छोड़ दिया और कंपनी के खिलाफ 110 मिलियन डॉलर का यौन उत्पीड़न का मुकदमा दायर किया।

**सेबल ने लेसनर के कहने पर छोड़ा था डब्ल्यूडब्ल्यूई**

कुछ साल बाद, 2003 में उन्होंने स्मैकडाउन में वापसी की, जहां उस समय ब्रॉक लेसनर का दबदबा था। हालांकि उस वक्त सेबल अभी भी मार्क मेरो से शादीशुदा थीं, लेकिन इसी दौरान उनकी और ब्रॉक लेसनर की नजदीकियां बढ़ीं और दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया।

# ब्रेकर ने सेथ रॉलिंस का किया बुरा हाल

**लॉस वेगस।** रेसलमेनिया 42 की नाइट 1 में कोडी रोड्स-रैंडी ओर्टन का जबरदस्त मुकाबला, पेज की वापसी और बियांका बेलैर की प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट जैसे बड़े सरप्राइज देखने को मिले। शानदार मुकाबलों और इमोशनल पलों से भरी यह रात फैंस के लिए यादगार बन गई। रेसलिंग के सबसे बड़े मंच रेसलमेनिया के 42वें संस्करण का क्या धमाकेदार आगाज हुआ है। इवेंट के पहले दिन ने फैंस को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लास वेगास के एलिगियेंट स्टेडियम में खेले गए इस इवेंट में 50 हजार से ज्यादा दर्शकों को कड़े मुकाबले, सरप्राइज रिटर्न और भावुक कर देने वाले पलों का जबरदस्त मेल देखने को मिला। इस रात ने साफ कर दिया कि डब्ल्यूडब्ल्यू में कुछ भी कभी भी हो सकता है। अभी रेसलमेनिया का दूसरा दिन बाकी है और इसका सबसे अहम मुकाबला डब्ल्यूडब्ल्यूई हेवीवेट चैंपियन सीएम पंक और ओटीसी यानी रोमन रेंस के बीच होना है। अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल मैच में कोडी रोड्स फैंस के फेवरेट के तौर पर उतरे थे, लेकिन रिंग में उनका अंदाज बिल्कुल अलग था। उन्होंने मैच के दौरान नियमों को तोड़ते हुए पूरी तरह हील (विलेन) का रूप अपना लिया। कोडी ने आखिरकार जीत हासिल कर ली, लेकिन मैच खत्म होने के बाद रैंडी ओर्टन ने उन्हें अपने अंदाज में करारा जवाब दिया और जोरदार पंट मारकर यह जता दिया कि कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। कोडी भले ही अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन बन गए हों, लेकिन आखिर में रैंडी ओर्टन टाइटल को हाथ में पकड़े दिखे। पहले दिन का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था।

इस इवेंट का सबसे बड़ा सरप्राइज पेज की वापसी रही। ब्री बेला के साथ टीम बनाकर उन्होंने विमेंस टैग टीम मैच में हिस्सा लिया। मैच में पेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलेक्सा ब्लिस पर रैंपेज मूव लगाकर जीत हासिल की।

## एलिना रिबाकिना ने पोर्श टेनिस ग्रैंड प्री में बिखेरा जलवा

**स्टटगार्ट।** एलिना रिबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी बार पोर्श टेनिस ग्रैंड प्री का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में रिबाकिना ने कैरोलिना मुचोवा को हराया।

एलिना रिबाकिना ने रविवार को कैरोलिना मुचोवा को 7-5, 6-1 से हराकर दूसरी बार पोर्श टेनिस ग्रैंड प्री का खिताब जीत लिया। यह पहली बार है जब 26 वर्षीय 2024 की चैंपियन ने अलग-अलग टूर्नामेंटों में पहले 12 खिताब जीतने के बाद किसी खिताब को दोबारा जीता है।

दूसरी रैंकिंग वाली रिबाकिना ने मुचोवा को एक घंटे 18 मिनट में हरा दिया। मुचोवा कतर में जीतने के बाद इस साल अपना दूसरा फाइनल खेल रही थीं। वह अपने करियर का तीसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रही थीं।

## कास्टिंग काउच पर हंसिका मोटवानी के विचार से असहमत नजर आए यूजर

**मुंबई।** एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर अपनी बात रखी है। इसके लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हंसिका ने 90 के दशक के आखिर में चाइल्ड एक्ट्रेस के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। उनके मुताबिक उन्हें कभी भी इसका सामना नहीं करना पड़ा, इसलिए वह इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकतीं। इसके बाद उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। हॉटरफ्लाई के साथ बातचीत में हंसिका से इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच के बारे में पूछा गया। कास्टिंग काउच के बारे में अपनी राय रखते हुए हंसिका ने कहा मुझे लगता है कि जिसको काम करना है, उसके साथ यह सब होता नहीं होगा। मैं उस (सोच) से आती हूं क्योंकि मेरे साथ नहीं हुआ।

# डेज ऑफ अवर लाइव्स फेम पैट्रिक मुल्डून का निधन, 57 की उम्र में ली अंतिम सांस



मुंबई। अभिनेता पैट्रिक मुल्डून का 57 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जाता है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। एक्टर और प्रोड्यूसर पैट्रिक मुल्डून का 19 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 साल के थे। वह शो डेज ऑफ अवर लाइव्स और फिल्म स्टारशिप ट्रूपर्स में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे।

बचपन में एक्टिंग की शुरुआत की

कैलिफोर्निया के सैन पेड्रो में जन्मे मुल्डून ने यूएससी से ग्रेजुएशन किया। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में ही एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। तब उन्हें सिटकॉम हूज द बॉस? के दो एपिसोड में काम करने का मौका मिला।

टीवी में किया काम

मुल्डून ने डेज ऑफ अवर लाइव्स में ऑस्टिन रीड का किरदार निभाया था, जिसे उन्होंने 1992 से 1995 तक और फिर 2011 से 2012 तक दोहराया। उन्होंने मेलरोज प्लेस के तीसरे से पांचवें सीजन तक विलेन का किरदार भी निभाया। 1990 के दशक के आखिर और 2000 के दशक में कई टीवी फिल्मों में भी काम किया।

इस साल रिलीज होगी आखिरी फिल्म

बड़े पर्दे पर, मुल्डून ने 1997 की फिल्म स्टारशिप ट्रूपर्स में अभिनय किया। उनकी आखिरी फिल्म, क्राइम थ्रिलर डर्टी हैंड्स इसी साल रिलीज होने वाली है।

म्यूजिक था शौक

मुल्डून ने कई फिल्मों को एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूस भी किया, जिनमें %अरकंसास%, %मार्लो% और रिफ राफ शामिल हैं।

मुल्डून को संगीत से बहुत प्यार था। वे हमेशा पार्टियों की जान होते थे। उन्हें अक्सर अपने गिटार के साथ देखा जाता था।

# नमाज के फायदे गिनाने पर मिली गालियां; नमिता थापर का ट्रोलर्स पर पलटवार



**मुंबई।** हाल ही में नमिता थापर ने नमाज पढ़ने के सेहत के फायदे बताए थे। इस वीडियो को लेकर उन्हें काफी ट्रोल किया गया। अब उन्होंने एक दूसरा वीडियो बनाकर रिएक्शन दिया है।

रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया की जज नमिता थापर अपने एक वीडियो को लेकर चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक रील बनाकर उसमें बताया था कि नमाज पढ़ने से सेहत को क्या फायदे होते हैं। उनके इस वीडियो पर कई रिएक्शन आए। कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल किया। उनके धार्मिक होने पर भी सवाल उठाए। नमिता ने एक नया वीडियो जारी करके पुराने वीडियो पर आ रहे रिएक्शन के बारे में बताया है। उन्होंने उस वीडियो को लेकर अपना स्टैंड भी साफ किया है। सोमवार को, नमिता ने एक्स पर एक नया वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने पिछले वीडियो को लेकर कहा पिछले तीन हफ्ते से मुझे लोग लगातार गालियां दे रहे हैं। मेरी मां को भी गंदे-गंदे नाम दे रहे हैं। ऐसा इसलिए कि मैंने नमाज पढ़ने के सेहत के फायदे बताए थे। मैं एक हेल्थ केयर प्रोफेशनल हूं। मैंने इतने सारे धर्मों के सेहत के फायदों पर रील बनाई है।

हर योगा डे पर आसन, खासकर सूर्य नमस्कार की रील बनाई है, तब तो किसी ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने आगे कहा, मुझे सिखाया गया है धर्म का सम्मान करें। तो आप इस तरह से धर्म का सम्मान करते हैं? खासकर महिलाओं का? रिजर्वेशन बिल पास नहीं हुआ, तो सब बोल रहे हैं लेकिन जब महिलाओं की ऐसी बेइज्जती होती है, तो फिर लोग चुप क्यों हैं? मैंने बहुत पहले सीखा है, आपके लिए कोई नहीं है, आपको अपने लिए बोलना होगा। तो, मेरे सभी ट्रोल्स आप लोग प्लीज बुराई करते रहिए। मुझे धार्मिक होने पर गर्व है। भगवान देख रहा है।

ख्याल रहे कि नमिता ने एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने नमाज पढ़ने के सेहत के फायदे बताए थे। उन्होंने इसे पूरे शरीर की एक्सरसाइज बताया जो शरीर को लचीला बनाने में सुधार करती है।

इससे जोड़ सही रहते हैं। इससे शरीर में खून की दौड़ान भी सही रहती है। उन्होंने नमाज को योगा से भी जोड़ा था।

# जारी हुआ पति पत्नी और वो दो का टीजर, मुश्किल में फंसे आयुष्मान खुराना




**मुंबई।** काफी इंतजार के बाद आखिरकार मेकर्स ने आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म पति पत्नी और वो दो का टीजर रिलीज किया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली थी। हालांकि किसी वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी। टीजर रिलीज करने के साथ इस फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान किया गया है। जानिए टीजर में क्या खास है। कॉमेडी फिल्म पति पत्नी और वो दो के एक मिनट 22 सेकंड के टीजर में कई दौर दिखाए गए हैं। इसमें दिखाया गया है कि हर दौर के हिसाब से कई चीजें बदली हैं लेकिन पतियों की फितरत नहीं बदली है। इसके बाद आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं।

टीजर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना कई महिलाओं के साथ रोमांस करने को लेकर मुश्किल में फंसते हैं। वह महिलाओं से बचते हुए नजर आते हैं। ट्रेलर में विजय राज भी दिखें हैं, जिन्होंने पुलिस वाले का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी थी कि यह कब रिलीज होगी। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ पति पत्नी और वो दो के लिए तैयार। क्योंकि यह 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो का सीक्वल है।

# बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई के बाद ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में 'धुरंधर 2',



**मुंबई।** 'धुरंधर 2' रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म ने रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड तोड़े और अभी भी मूवी सिनेमाघरों में लगी हुई है। अब फैंस इसके जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए एक्साइटेड हैं। जानिए फिल्म कब और किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। भूत बंगला के रिलीज के बाद भी इसकी बुकिंग जारी है। इसलिए अभी इसे ओटीटी पर रिलीज होने में थोड़ा समय लग सकता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक धुरंधर 2 मई के आखिर या जून के शुरूआत में ओटीटी पर रिलीज हो सकती है।

इसका पहला पार्ट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, लेकिन 'धुरंधर द रिवेंज' डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार के पास हैं। जियो हॉटस्टार 150 करोड़ की डील साइन कर इसके राइट्स लिए हैं। इसका मतलब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह दो-भागों वाली स्पाई थ्रिलर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही है। मूवी में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी अहम किरदार में नजर आए हैं। दिसंबर 2025 में रिलीज हुई पहली किस्त ने दुनिया भर में लगभग 1300 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी अगला पार्ट, जिसका नाम धुरंधर~ द रिवेंज है, 19 मार्च 2026 में रिलीज हुई। यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई। इसने अब तक दुनिया भर में 1750 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। अब फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में है।

## एटली फैमिली में डबल जश्न! बेटे मीर के बाद घर में गूंजी बेटी की किलकारी

**मुंबई।** फिल्ममेकर एटली कुमार और उनकी पत्नी, प्रोड्यूसर-एक्ट्रेस प्रिया एटली कुमार के घर एक बार फिर खुशियां आ गई हैं। कपल के घर बेटी ने जन्म लिया है। एटली कुमार और उनकी पत्नी, प्रोड्यूसर-एक्ट्रेस प्रिया एटली कुमार ने बताया है कि उनके परिवार में एक नया सदस्य जुड़ गया है। बेटे मीर के जन्म के बाद अब 20 अप्रैल को उन्होंने एक प्यारी सी बेटी का स्वागत किया है। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पर शेयर कर दी।

दोनों ने इंस्टाग्राम पर बेहद क्यूट अंदाज में यह खुशखबरी शेयर की। पोस्ट में एक स्केच था, जिसमें 'बड़ा भाई मीर' लिखा हुआ दिख रहा है। इसमें छोटा मीर खिलौना कार पर बैठा मुस्कुराते हुए नजर आ रहा है, जैसे वह अपनी छोटी बहन के आने की खुशी मना रहा हो।

## केरल में नया सर्जिकल सेफ्टी प्रोटोकॉल लागू, ऑपरेशन के दौरान गलती रोकने के लिए सख्त नियम



**तिरुवनंतपुरम** केरला के सरकारी अस्पतालों में सर्जरी के दौरान होने वाली गलतियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नया सख्त प्रोटोकॉल जारी किया है। अब ऑपरेशन से पहले मरीज की पहचान, रिस्टबैंड, साइट मार्किंग और चेकलिस्ट अनिवार्य होगी। ओटी में अनावश्यक बातचीत पर रोक, उपकरणों की गिनती और अलग-अलग सहमति प्रक्रिया लागू कर मरीज सुरक्षा को मजबूत किया गया है। केरल में मरीजों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नया सर्जिकल सेफ्टी प्रोटोकॉल जारी किया है। केरल के सरकारी अस्पतालों में ऑपरेशन के दौरान होने वाली गलतियों और लापरवाही की शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया है, जिसने हाल ही में राजनीतिक विवाद भी खड़ा कर दिया था। 15 अप्रैल के आदेश के अनुसार अब ऑपरेशन से पहले मरीज की पूरी पहचान और सभी जरूरी जांच अनिवार्य कर दी गई है। मरीजों को खास पहचान के लिए रिस्टबैंड पहनाया जाएगा, जिसमें उनकी सर्जरी से जुड़ी जानकारी होगी। साथ ही ऑपरेशन वाली जगह को पहले से स्पष्ट रूप से चिन्हित करना जरूरी होगा, ताकि गलत जगह सर्जरी की कोई संभावना न रहे। ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में अब अनावश्यक फोन कॉल और बातचीत पर रोक लगा दी गई है, ताकि डॉक्टरों का पूरा ध्यान सर्जरी पर रहे।

## महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ जबरन धार्मिक बातें थोपने के आरोप

**शिकायत**

मानकापुर थाने के पुलिस इंस्पेक्टर हरेश कलसेकर ने इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को चार लड़कियां शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची थीं।



**मुंबई।** नागपुर में एक एनजीओ के डायरेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चार महिला कर्मचारियों ने उन पर छेड़छाड़ और जबरन धार्मिक बातें थोपने का आरोप लगाया है। आरोपी ने लड़कियों के चरित्र पर भी गलत टिप्पणी की थी। फिलहाल अदालत ने आरोपी 23 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मानकापुर थाने के पुलिस इंस्पेक्टर हरेश कलसेकर ने इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को चार लड़कियां शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची थीं। ये सभी लड़कियां %यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी नाम के एनजीओ में काम करती हैं। इस एनजीओ के डायरेक्टर का नाम रियाज फाजिल काजी है। लड़कियों की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी को पकड़ लिया।

शिकायत करने वाली एक लड़की ने बताया कि दो-तीन साल पहले उसके जन्मदिन पर डायरेक्टर ने उसे परेशान किया था। वहीं अन्य लड़कियों का कहना है कि रियाज उन पर जबरदस्ती मुस्लिम रीति-रिवाजों और परंपराओं की जानकारी थोपता था। लड़कियां ये बातें नहीं सुनना चाहती थीं, फिर भी उन्हें यह सब सुनने के लिए मजबूर किया जाता था।

यह मामला तब और बढ़ गया जब डायरेक्टर ने एक पूर्व कर्मचारी की मां को फोन किया। उस लड़की ने आठ दिन पहले ही नौकरी छोड़ी थी। डायरेक्टर ने उसकी मां से बात करते हुए वहां काम करने वाली दूसरी लड़कियों के चरित्र के बारे में बेहद आपत्तिजनक बातें कहीं। जब बाकी लड़कियों को इस बात का पता चला, तो वे सब एकजुट हो गईं और पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की और उसी दिन आरोपी रियाज फाजिल काजी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे 23 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी एक्ट की धाराएं लगाई हैं।

यह एनजीओ मुख्य रूप से मजदूर परिवारों के गरीब बच्चों को शिक्षा देने का काम करता है। पुलिस का कहना है कि अभी चार पीड़ित लड़कियां सामने आई हैं।

पुलिस को अंदेशा है कि जांच आगे बढ़ने पर और भी लड़कियां शिकायत लेकर सामने आ सकती हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।

## पारा 45°C के पार: दिल्ली में झुलसाने वाली गर्मी, यूपी से राजस्थान तक लू का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में इस बार गर्मी का प्रकोप और बढ़ने वाला है। ईएमडी ने चेतावनी दी है कि अप्रैल से जून के बीच कई राज्यों में भीषण हीटवेव चल सकती है, जिससे तापमान सामान्य से काफी ऊपर पहुंच सकता है। देश में गर्मी का असर इस साल और तेज होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने अप्रैल से जून तक कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि मार्च के अंत में जारी किए गए पूर्वानुमान में साफ संकेत दिए गए थे कि इस गर्मी में कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार इस गर्मी का सबसे ज्यादा असर देश के कई बड़े हिस्सों में देखने को मिल सकता है। पूर्वी और दक्षिण भारत में दक्षिण बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जैसे राज्यों में हीटवेव की स्थिति बनने की संभावना है। वहीं उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा और इंडो-गंगा के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान तेजी से बढ़ सकता है, जिससे भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अलावा पश्चिम और मध्य भारत में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण हालात चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। कुल मिलाकर इन क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान और लंबे समय तक चलने वाली गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। यूपी में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी का आलम यह है कि दिन के साथ रात में भी हवाओं में तपिश महसूस की जा रही है। उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से फिलहाल एक हफ्ते तक राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी इलाकों के 11 जिलों में हीटवेव यानी लू चलने की चेतावनी जारी किया है। वहीं पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर जैसे छह जिलों में उष्ण रात्रि यानी बेहद गर्म रात होने की भी बात कही है।भीषण गर्मी और तपिश किसानों, मेहनतकश और आमजन पर कहर बनकर टूट रही है। उन्हें बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## असम राइफल्स ने मणिपुर के कामजोंग जिले में चलाया बड़ा ऑपरेशन

**इंफाल।** पकड़े गए लोग प्रतिबंधित संगठनों प्रीपैक (प्रो) और केवाईकेएल (सोरेपा) से जुड़े बताए गए हैं। इनके पास से मोबाइल फोन और विदेशी मुद्रा भी बरामद की गई। गिरफ्तारी के बाद सभी को उनके सामान सहित पुलिस के हवाले कर दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच हो सके। यह ऑपरेशन 11 और 12 अप्रैल 2026 की रात के बीच किया गया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने मेटल डिटेक्टर और एक विशेष प्रशिक्षित डॉग की मदद ली। इसी दौरान एक संदिग्ध जगह की पहचान हुई, जहां जमीन के अंदर छिपाकर रखा गया हथियारों का बड़ा जखीरा मिला। इसमें कई तरह के हथियार, गोलियां, विस्फोटक और अन्य युद्ध-सामग्री शामिल थी। बरामद सभी सामान को बाद में आगे की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

# बंगाल में भाजपा का चुनावी अभियान तेज

**नई दिल्ली।** देश के तीन राज्यों असम, केरल और पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब राजनीतिक हलचल का केंद्र पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु बन गए हैं, जहां अलग-अलग चरणों में वोटिंग होनी है। सभी दल और गठबंधन चुनावी जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। नेता विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव से जुड़ी हर बड़ी अपडेट यहां पढ़ें। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह बैठक राजनीतिक तौर पर अहम मानी जा रही है। मुलाकात के बाद दोनों नेता आज चेन्नई में संयुक्त रोड शो भी करेंगे

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बीच अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने जोरदार चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को विजय ने पोननेरी विधानसभा क्षेत्र के पंचट्टी इलाके में बड़ा रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने उनका जोरदार समर्थन किया। भीड़ और तेज धूप के कारण कई समर्थकों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला समर्थक को पार्टी कार्यकर्ताओं ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया, जबकि कुछ लोग गर्मी से बेहोश भी हो गए।

विजय इस चुनाव में पहली बार राजनीति में उतर रहे हैं। वे तिरुचिरापल्ली ईस्ट और पेरंबुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उनका मुकाबला डीएमके के उम्मीदवारों से है। रोड शो के बाद उन्होंने पार्टी का चुनावी घोषणापत्र भी जारी किया। इसमें उन्होंने महिलाओं के लिए हर महीने ?2,500 की सहायता देने का वादा किया है। साथ ही, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 8 ग्राम सोना और साड़ी देने का भी ऐलान किया है। छात्रों के लिए उन्होंने कहा कि शिक्षा ऋण के लिए बिना गारंटी ?20 लाख तक का लोन दिया जाएगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग भी दी जाएगी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्ध) का इस्तेमाल होगा। विजय ने कहा कि उनकी पार्टी ईमानदार शासन के सिद्धांत पर काम करेगी और वे अन्य दलों पर खोखले वादों का आरोप लगाते हुए उन्हें एक जैसा बताया।

**वोटिंग**

अब राजनीतिक हलचल का केंद्र पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु बन गए हैं, जहां अलग-अलग चरणों में वोटिंग होनी है।



चुनाव आयोग ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदान प्रक्रिया के दौरान सख्ती बढ़ा दी है। आयोग ने आदेश दिया है कि दोनों राज्यों में अगले 48 घंटे तक ड्राई डे लागू रहेगा। इसका मतलब है कि इस अवधि में शराब की बिक्री, खरीद और वितरण पूरी तरह बंद रहेगा। यह नियम मतदान खत्म होने तक लागू रहेगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हो सके। आयोग ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, मतदाताओं को प्रभावित करने या कानून-व्यवस्था की समस्या को रोका जा सके। कार्ति चिदंबरम ने तमिलनाडु के पुडुकोट्टई में कहा कि डीएमके-कांग्रेस गठबंधन राज्य में सबसे बड़ा गठबंधन है और उसे स्वाभाविक बढ़त हासिल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की छवि बहुत अच्छी है, इसलिए गठबंधन को चुनाव में निर्णायक जीत मिलने की उम्मीद है।

## पासपोर्ट विवाद में घिरे पवन खेड़ा, अग्रिम जमानत की मांग लेकर पहुंचे गौहाटी हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** इस पूरे मामले में पहले तेलंगाना हाई कोर्ट ने 10 अप्रैल को पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी, ताकि वह संबंधित अदालत में जाकर राहत मांग सकें। लेकिन इसके खिलाफ असम पुलिस सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को तेलंगाना हाई कोर्ट के इस आदेश पर रोक लगा दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने अब असम में दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत (एंटिसिपेटरी बेल) के लिए गौहाटी हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें पासपोर्ट को लेकर विवाद सामने आया है।

दरअसल, पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी भुइयां सरमा के पास एक से ज्यादा पासपोर्ट हैं। इसी बयान के बाद उनके खिलाफ गुवाहाटी क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराएं लगाई गई हैं, जिनमें चुनाव से जुड़े गलत बयान, धोखाधड़ी, जालसाजी, मानहानि और शांति भंग करने जैसे आरोप शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर पवन खेड़ा असम की अधिकार क्षेत्र वाली अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो उनके मामले पर निष्पक्ष तरीके से विचार किया जाएगा और पहले के आदेश का उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके बाद खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट से स्टे हटाने और ट्रांजिट बेल बढ़ाने की मांग भी की, लेकिन कोर्ट ने यह मांग ठुकरा दी। इसी कानूनी स्थिति को देखते हुए अब पवन खेड़ा ने सीधे गौहाटी हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है।

## ट्रंप ने मुनीर से की बातचीत, ईरान बोला- शांति वार्ता में शामिल होने की कोई योजना नहीं



**वाशिंगटन।** अक्तूबर 2023 में गाजा पर इस्राइल के नरसंहार युद्ध की शुरुआत के बाद से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना और बसने वालों के हमलों में कम से कम 1,151 फलस्तीनी मारे गए हैं और 11,885 से अधिक घायल हुए हैं। इसी अवधि में, 23,000 से अधिक फलस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया है। 1 अप्रैल तक, कम से कम 9,560 फलस्तीनी इस्राइली जेलों में बंद हैं, जिनमें से 3,532 को बिना किसी आरोप के हिरासत में लिया गया है।

एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से कहा कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी पर उनकी सलाह को ईरान के साथ शांति वार्ता में एक बाधा के रूप में देखेंगे।

इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लॉक्स का कहना है कि ईरान में इंटरनेट बंद 1224 घंटे बाद 52वें दिन में प्रवेश कर चुका है। जनवरी की शुरुआत में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के फिर से शुरू होने के बाद ये प्रतिबंध लगाए गए थे और फरवरी के अंत में ईरान पर अमेरिका-इस्राइल युद्ध शुरू होने के बाद ये और भी तीव्र हो गए। इस इंटरनेट बंद से पूरे देश में रोजगार और कारोबार प्रभावित हुए हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने सोमवार को कहा कि तेहरान की अमेरिका के साथ किसी भी वार्ता में शामिल होने की अभी कोई योजना नहीं है। उन्होंने वार्ता में ईरान के शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया। इस्लामाबाद के अधिकारी वार्ता के एक और दौर की तैयारी कर रहे थे, जो संभवतः इस सप्ताह वहां हो सकता था। बघाई ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, अभी तक, जब तक मैं यहां हूं, हमारे पास वार्ता के अगले दौर के लिए कोई योजना नहीं है और इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

ईरान के न्यायपालिका प्रमुख, गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई ने कहा है कि हालिया बाहरी आक्रमण के खिलाफ ईरानी राष्ट्र एकजुट होकर खड़ा रहा और दावा किया कि देश ने अपनी मूल मांगों पर कोई रियायत नहीं दी है। यह जानकारी ईरानी सरकारी मीडिया आईएसएनए ने दी है। एजेई ने संघर्ष के दौरान अभूतपूर्व राष्ट्रीय एकजुटता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरे देश ने आक्रमणकारियों को खदेड़ने के लिए एकजुट होकर काम किया। उन्होंने कहा, पूरा ईरान और समाज के सभी वर्ग इन आक्रमणकारियों का सामना करने, उनसे लड़ने और उनका बचाव करने के लिए एक एकजुट मैदान बन गए।

## जंग के लिए इस्राइल ने नहीं उकसाया: तनाव के बीच ट्रंप का बड़ा दावा, ईरान से बातचीत को लेकर बड़े संकेत भी दिए

**वॉशिंगट।** नईरान को लेकर बढ़ते तनाव और कूटनीतिक खींचतान के बीच अब हालात बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंचते दिख रहे हैं। बयानबाजी से लेकर बैकचैनल बातचीत तक, हर कदम पर दुनिया की नजर टिकी हुई है। इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा बयान दिया है जिसने सियासी गलियारों में हलचल और तेज कर दी है। ट्रंप ने साफ संकेत दिया है कि अगर बातचीत में ठोस नतीजा निकलता है, तो वह सीधे ईरान के शीर्ष नेतृत्व से आमने-सामने बातचीत करने को तैयार हैं।

दूसरी ओर ट्रंप ने ईरान के नए नेतृत्व को एक स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि ईरान के नेता स्मार्ट यानी समझदार हुए, तो उनके देश का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के साथ कूटनीतिक बातचीत का माहौल अनिश्चितता से भरा हुआ है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह टिप्पणी की, जिसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और भविष्य को लेकर अमेरिका के रुख पर एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है।

**हलचल**

ईरानी विदेश मंत्री की पाकिस्तानी विदेश मंत्री से बातचीत की

अपने पोस्ट में ट्रंप ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को हुई घटनाओं ने इस राय को और भी मजबूत किया है। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि इस्राइल ने उन्हें ईरान के साथ युद्ध में शामिल होने के लिए प्रेरित नहीं किया, बल्कि यह उनके अपने विचारों का परिणाम था। इसके साथ ही, ट्रंप ने मीडिया द्वारा फैलाई जाने वाली फेक न्यूज़÷ और पक्षपातपूर्ण सर्वेक्षणों पर भरोसा न करने की बात कही, जिनका उद्देश्य जनता को गुमराह करना होता है।



इसके अलावा न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी टीम, जिसमें जेडी वेंस, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल हैं, बातचीत के लिए इस्लामाबाद पहुंचने वाली है। अपने बयान में ट्रंप ने आगे इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका ईरान के साथ बातचीत की तैयारी कर रहा है और उन्हें उम्मीद है कि इस स्तर पर कोई भी पक्ष खेल नहीं खेलेगा, यानी बातचीत को गंभीरता से लिया जाएगा। ट्रंप ने साफ कहा कि इस पूरी बातचीत की सबसे अहम शर्त यह है कि ईरान को अपने पास परमाणु हथियार रखने का इरादा छोड़ना होगा। उनके मुताबिक, यह एक ऐसी मांग है जिस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

हालांकी दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच संभावित बातचीत को लेकर चल रही अनिश्चितता के बीच ईरान और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर बातचीत हुई है। ईरान

## होर्मुज में अमेरिकी कार्रवाई पर भड़का ईरान- ट्रंप को दी धमकी, कहा- अभी तक नहीं सीखा कोई सबक



**तेहरान।** पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका-ईरान के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी कार्रवाई के बाद ईरान ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि वह फिलहाल शांति वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरान ने सीधे तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा है कि वॉशिंगटन ने अपने पिछले अनुभवों से कोई सबक नहीं सीखा है और अब इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी तक अमेरिका के साथ अगले दौर की बातचीत को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने अमेरिका पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया और कहा कि एक तरफ वह कूटनीति की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ सैन्य कार्रवाई करता है। बघाई ने कहा कि ऐसे विरोधाभासी कदमों से भरोसा टूटता है और इससे हालात और खराब होंगे।

दरअसल, अमेरिका ने होर्मुज के पास ओमान की खाड़ी में एक ईरानी कार्गो जहाज टौस्का को रोककर अपने कब्जे में ले लिया। राष्ट्रपति ट्रंप के मुताबिक, जहाज को कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन उसने आदेश नहीं माना। इसके बाद अमेरिकी नौसेना ने जहाज के इंजन रूम को निशाना बनाकर उसे रोक दिया और मरीन कमांडो ने जहाज को कब्जे में ले लिया। इस कार्रवाई को ईरान ने सीधा हमला बताया है।

ईरान के सैन्य अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई हाल ही में हुए युद्धविराम का उल्लंघन है। उनका कहना है कि यह जहाज चीन से ईरान जा रहा था और यह एक व्यापारिक जहाज था। ईरान ने इसे समुद्री लूट बताते हुए चेतावनी दी है कि इसका जवाब जल्द दिया जाएगा। ईरान ने यह भी कहा कि अमेरिका ने कूटनीति को दो बार धोखा दिया है।

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने ऐलान किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद कर दिया गया है।

## होर्मुज के हालात नाजुक, भारतीय शिप पर फायरिंग को लेकर चीन ने जताई चिंता

**बीजिंग।** चीन ने होर्मुज से गुजर रहे भारतीय झंडे वाले जहाज पर फायरिंग को लेकर बयान दिया है। विदेश मंत्रालय ने उकसावे से बचने की अपील की है। नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ये बात कही। इसके साथ ही चीन ने ईरानी झंडे वाले जहाज को रोकने और फिर उसे कब्जे में लेने की अमेरिकी कार्रवाई पर चिंता जताई है। चीन के अनुसार सभी पक्षों को जिम्मेदारी के साथ सीजफायर का पालन करना होगा। वो प्रेस की ओर से पूछे सवालों का जवाब दे रहे थे। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, उनसे भारतीय शिप पर हमले को लेकर पूछा गया कि ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय झंडे वाले एक जहाज पर फायरिंग की थी, जिससे नेविगेशनल सेफ्टी को लेकर चिंता बढ़ गई थी। चीन इस तनाव को कैसे देखता है और स्ट्रेट में अपने शिपिंग और एनर्जी हितों की सुरक्षा के लिए वह किन उपायों पर विचार कर रहा है?

इसके जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जियाकुन ने कहा कि होर्मुज की स्थिति बहुत नाजुक है, लेकिन चीन को उम्मीद है कि सभी पक्ष इसकी गंभीरता को समझेंगे। उन्होंने कहा, ÷मैंने होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर चीन का रुख पहले ही बता दिया है। हम यह दोहराना चाहेंगे कि होर्मुज स्ट्रेट एक इंटरनेशनल वॉटरवे है, और इसे नेविगेशन के लिए खुला रखना इस इलाके के देशों और इंटरनेशनल कम्युनिटी के हक में है।

उनके अनुसार सब मिलकर काम करेंगे और चीन अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के साथ मिलकर कोशिशें जारी रखने को तैयार है। उन्होंने सभी पक्षों से अपील की कि वे तनाव बढ़ाने से बचें और ऐसा माहौल बनाएं जिससे इस रास्ते पर सामान्य आवाजाही शुरू हो सके। ईरानी जहाज को कब्जे में लेने की बात अमेरिका ने की थी। कहा था कि उसने एक ईरानी जहाज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे कब्जे में ले लिया, क्योंकि वह ईरानी बंदरगाहों पर लगी नाकाबंदी से बचने की फिराक में था।

## लेबनान में मूर्ति विवाद पर बवाल- इस्राइली सैनिक के शामिल होने का दावा, नेतन्याहू ने किया खारिज

बेरूत। इस्राइल-लेबनान तनाव के बीच दक्षिण लेबनान में मूर्ति तोड़फोड़ का मामला भड़क गया। वायरल वीडियो में गलत दावा फैलने के बाद नई तस्वीर से इस्राइली सैनिक की भूमिका सामने आई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने घटना को गंभीर बताते हुए जांच और सख्त कार्रवाई के आदेश दिए, साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पर खेद जताया।



इस्राइल और लेबनान के बीच जारी भीषण संघर्ष के बीच एक नया विवाद भड़क उठा है, जिसने हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है। धर्म से जुड़े इस मामले ने राजनीतिक और सामाजिक टकराव का रूप ले लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दावा किया गया कि मुसलमानों ने ईसा मसीह की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है, जिसके बाद आरोप-प्रत्यारोप और विरोध प्रदर्शन तेज हो गए। इस वीडियो ने आग में घी डालने का काम किया और क्षेत्र में पहले से मौजूद तनाव को और उग्र कर दिया। अब यह मामला सिर्फ घटना नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बहस का विषय भी बन चुका है।

पूरी घटना को ऐसे समझिए कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुसलमानों ने ईसा मसीह की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि बाद में सामने आई एक नई तस्वीर ने इन दावों को गलत साबित कर दिया और नया दावा यह सामने आया कि घटना में एक इस्राइल सैनिक शामिल था। बता दें कि यह घटना दक्षिण लेबनान की बताई जा रही है, जहां एक धार्मिक प्रतीक को नुकसान पहुंचाया गया। वायरल तस्वीर में एक सैनिक को हथौड़े से मूर्ति पर हमला करते हुए देखा गया, जिसके बाद मामला तेजी से फैल गया।

इस घटना पर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना गंभीर और दुखद है और इस पर देश के लगभग सभी लोग हैरान और दुखी हैं।

# कुल्हनामऊ में भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर जिले के कुल्हनामऊ चौराहे पर स्थापित 11 फीट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन एवं अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन मुरलीधर चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी समाजसेवी एवं उद्योगपति प्रमोद पाठक के संयोजन में किया गया। शाम शुरू हुए कार्यक्रम में 51बटुको द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना, आरती और परशुराम चालीसा का पाठ किया गया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई।इस मौके पर प्रमोद पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक समाज के नहीं बल्कि पूरे समाज के आराध्य हैं। उन्होंने कहा कि 'भगवान को जातियों में बांटना गलत सोच है, वे सर्व समाज के लिए समान रूप से पूजनीय हैं।'

कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोगों की सहभागिता इस संदेश को मजबूत करती दिखी।राजनीतिक चर्चाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, इसे किसी प्रकार के शक्ति प्रदर्शन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वहीं विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने धर्म की रक्षा में भगवान परशुराम के योगदान पर प्रकाश डाला प्रतिमा अनावरण के इस अवसर पर राजनीतिक सीमाओं से परे हटकर विभिन्न जन प्रतिनिधि एक साथ नजर आए वक्ताओं ने एक स्वर में कहा की कुल्हनामऊ का यह जमदग्निपुरम पार्क न केवल पर्यटन का केंद्र बनेगा बल्कि युवाओं को धर्म और पुरुषार्थ की सीख भी देगा वहीं विधायक बदलापुर ने सोशल मीडिया पर हो रही आलोचनाओं पर उन्होंने कहा कि जनता स्वयं सही-गलत का निर्णय करेगी।आयोजन की सफलता में कई लोगों का योगदान रहा, जिसमें परमिशन से लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तक विभिन्न स्तरों पर सहयोग मिला। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में इस स्थल को 'परशुराम चौक' या 'परशुराम पार्क' के रूप में विकसित करने की योजना है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों सहित हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। इस मौके पर विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, मंत्री गिरीश चंद्र यादव,जफराबाद विधायक जगदीश राय, मड़ियाहूं विधायक रविन्द्र कुमार पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष मौर्या उद्योगपति ज्ञानप्रकाश सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं श्रीपति उपाध्याय जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह राजा सिंगरामऊ शिवबाबा, संतोष मिश्रा सुग्गु, अनिल मिश्रा, पंकज शुक्ला, पंकज मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बृजेश तिवारी ने किया।

## आधा अधूरा जल जीवन मिशन के काम पर ग्रामीण आक्रोशित

**जौनपुर (जफराबाद)।** सिरकोनी विकास खण्ड के कोतवालपुर गांव में जल जीवन मिशन की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने अधूरे पड़े कार्य और पानी की समस्या को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन और अन्य कार्य शुरू तो किए गए, लेकिन उन्हें बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया। इसके चलते गांव के लोगों को अब भी पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि योजना का कार्य पूरा हो जाता, तो उन्हें नियमित और स्वच्छ पेयजल मिल सकता था। लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से बजट का दुरुपयोग कर काम अधूरा छोड़ दिया गया। साथ ही, जहां काम हुआ भी है, वहां साफ-सफाई का अभाव है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा।

# नवनिर्मित कार्यालय राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का डीएम ने किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जनपद की तकनीकी कार्यकुशलता एवं प्रशासनिक सुगमता को सुदृढ़ करने की दिशा में कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के नवनिर्मित कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त वाराणसी एस0 राजलिंगम द्वारा वर्चुअल माध्यम से नवीन एनआईसी भवन का उद्घाटन किया गया तथा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा फीता काटा गया तथा विधिवत पूजन अर्चन किया गया और पुजारी को अंगवस्त्रम प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में एनआईसी कार्यालय वर्षो पुराने भवन में संचालित हो रहा था, जिसकी जर्जर स्थिति के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में छतों से पानी टपकने से तकनीकी उपकरणों, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) में बाधाएं उत्पन्न होती थीं। उक्त समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु 'क्रिटिकल गैप्स फंड' के अंतर्गत इस आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण कराया गया है। नवीन कार्यालय में अत्याधुनिक सर्वर, उच्च गति इंटरनेट सुविधा एवं उन्नत वीसी कक्ष की व्यवस्था की गई है, जिससे शासन एवं जनपद प्रशासन के मध्य निर्बाध संवाद सुनिश्चित होगा। जिलाधिकारी ने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं वहां कार्मिकों को परिसर में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि द्वितीय चरण में 'हॉल' के निर्माण की योजना भी प्रस्तावित है, जिसका उपयोग बैठकों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सुनील भारती, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 अरुण यादव, ईडीएम प्रतीक उपाध्याय, कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं एनआईसी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक धरती और जौनपुर जनपद आगामी 21 अप्रैल से पूरी तरह सनातन धर्म के रंग में रंगने जा रहा है। शहर के प्रतिष्ठित बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक, श्रद्धेय शिवानंद भाई श्री महाराज द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कलेक्ट्री कचहरी स्थित पत्रकार संघ भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान, सनातन धर्म के ध्वजवाहक और जनमानस के प्रिय शिवानंद महाराज ने इस वृहद आयोजन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जौनपुर के इतिहास में अपनी तरह का अनूठा और ऐतिहासिक संगम होगा।

**प्रतिदिन सायं 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक-** व्यवस्थाः कथा पांडाल में एक साथ 10,000 श्रद्धालुओं के बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है। कथा के प्रत्येक दिन आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का विशेष प्रबंध रहेगा। महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। जौनपुर की धर्मपरायण जनता पिछले काफी समय से इस पल की प्रतीक्षा कर रही थी। बीआरपी इंटर कॉलेज का विशाल मैदान अब श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने के लिए तैयार है। स्थानीय प्रशासन और आयोजकों द्वारा सुरक्षा एवं स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। 21 अप्रैल से शुरू होने वाला यह भक्ति का महाकुंभ शहर में आध्यात्मिक चेतना का नया संचार करेगा।

# मनो-सामाजिक, चिकित्सकीय उपायों पर विशेषज्ञों का मंथन

**अवधनामा संवाददाता**



- पीयू में 'ड्रग-फ्री कैंपस' पर राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न
- 'नई सुबह' संस्था, के साथ विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर समझौता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'मिशन ड्रग फ्री कैंपस एवं सोसाइटी' अभियान के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सोमवार संपन्न हुई। अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग एवं डीन छात्र कल्याण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास के विभिन्न आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

कार्यशाला का विषय 'ड्रग-फ्री सोसाइटी एवं कैंपस का निर्माणः मनो-सामाजिक, चिकित्सकीय एवं आध्यात्मिक मार्ग' रहा। विशेषज्ञों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में नई सुबह, वाराणसी और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ । इस समझौते का उद्देश्य शैक्षणिक, शोध एवं सामुदायिक कार्यक्रमों में संयुक्त सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर कई गतिविधियाँ संचालित करेंगे, जिनमें अतिथि व्याख्यान, विशेषज्ञ वार्ता, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, छात्र प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं फील्डवर्क, संयुक्त कार्यशालाएँ, सेमिनार एवं सम्मेलन, शोध सहयोग एवं प्रकाशन शामिल हैं।

साथ ही मनोवैज्ञानिक आकलन, परामर्श एवं थेरेपी अनुभव, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, 'नशा मुक्त भारतञ्च2047' अभियान के अंतर्गत ड्रग-फ्री कैंपस एवं समाज अभियान, आत्महत्या रोकथाम पहल, विश्वविद्यालय छात्रों के लिए मुफ्त टेली-काउंसलिंग तथा मासिक ऑफलाइन मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन एवं परामर्श शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। समझौते के तहत प्रशिक्षण एवं वार्षिक भ्रमण के लिए न्यूनतम बैच आकार आपसी सहमति से तय होगा तथा प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नई सुबह और विश्वविद्यालय का 'आनंदमः सेंटर फॉर एक्सीलेंस' मिलकर सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, हैप्पीनेस अध्ययन, प्रशिक्षण एवं सामुदायिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देंगे। इस समझौता ज्ञापन को मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और छात्र कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मुख्य अतिथि प्रो. आर. बी. कमल ने कहा कि नशा समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि कर्नल आलोक डी. सिंह ने अनुशासन और जागरूकता को नशा उन्मूलन का प्रभावी माध्यम बताया, जबकि देवेश सिंह (क्षेत्राधिकारी सदर, जौनपुर) ने प्रशासनिक स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने की। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर को नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया। सह-संरक्षक एवं मुख्य वक्ता डॉ. अजय तिवारी (नई सुबह, वाराणसी) ने मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास के क्षेत्र में समन्वित प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। तकनीकी सत्रों में डॉ. विनोद वर्मा (मनोरोग विभागाध्यक्ष, मेडिकल कॉलेज) ने चिकित्सा एवं मनोचिकित्सकीय दृष्टिकोण से नशा मुक्ति पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. क्षितिज शर्मा (आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु) ने आध्यात्मिक उपायों की भूमिका को रेखांकित किया। रागिनी प्रसाद, श्रेया गुप्ता, खुशबू मोदनवाल, ईशा एवं डिम्पल सैनी द्वारा नशा मुक्ति से जुड़े केस स्टडी प्रस्तुत किए गए।

# मुठभेड़ में एक गोतस्कर घायल, दो फरार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र में पुलिस और कथित गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार खुटहन थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि रसूलपुर स्थित रामअधार इंटर कॉलेज के पास जंगल क्षेत्र में कुछ लोग छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़कर वध के लिए ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने सेवई नाला के आगे रसूलपुर जाने वाले कच्चे मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस का दावा है कि खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण की चेतावनी दिए जाने के बावजूद फायरिंग जारी रही। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की।पुलिस के मुताबिक जवाबी फायरिंग में हसनैन उर्फ गज्जू के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी की पहचान हसनैन उर्फ गज्जू पुत्र हद्दीश निवासी बीरी समसुद्दीनपुर थाना खुटहन, हाल निवासी लेदरही थाना खेतासराय के रूप में हुई है।घटना के दौरान इकबाल उर्फ गज्जू निवासी लमहन थाना महाराजगंज और आशिक निवासी बीरी समसुद्दीनपुर थाना खुटहन मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।पुलिस ने मौके से एक देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक अवैध चाकू, रस्सी और एक मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी पर पहले से गोवध निवारण अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

# हनुमंत कथा से पहले निकली भव्य एवं विशाल कलश यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**

- पीले वस्त्रों में महिलाएं शामिल, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद



**प्रयागराज।** प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह की ओर से 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक नैनी के देवरख क्षेत्र स्थित गंगा तट पर राष्ट्र हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिनों तक हनुमंत कथा करेंगे। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। कथा सुनने के लिए लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की भीड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

प्रयाग उत्थान समिति की ओर से आयोजित पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की राष्ट्र हनुमंत कथा का शुभारंभ सोमवार को मुट्ठीगंज स्थित जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में हजारों महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल हुईं। जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से शुरू होकर गऊघाट, मुट्ठीगंज, राम भवन और मानसरोवर चौराहा होते हुए श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी के प्रांगण में संपन्न हुई।यात्रा में मेरठ के बैंड, घुड़सवार और दिव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। साथ ही चिकित्सा शिविर के साथ व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की राष्ट्र श्री हनुमंत कथा से पहले सोमवार को मंगल कलश यात्रा निकाली गई। इसमें पांच हजार से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश और श्री फल लेकर पूरे शहर में भ्रमण किया। घुड़सवार, रथ, डीजे आदि के साथ हजारों लोग चल रहे थे। रथ पर सवार रामानंद सागर के रामायण सीरियल के राम (अरुण गोविल), सीता (दीपिका चिखलिया) और लक्ष्मण (सुनील लहरी) को देखने के लिए लोग आतुर दिखे। मंगल कलश यात्रा मुट्ठीगंज से निकलकर शहर के कई इलाकों से होते हुए रामबाग पथरचट्टी रामलीला मैदान पहुंची।इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी पूर्व पार्षद विजय वैश्य पार्षद कुसुमलता गुप्ता डा सुशील कुमार सिन्हा, उमेश चंद्र केसरवानी दादा, एवं कृष्ण भगवान केसरवानी ने आरती किया। मंगल कलश यात्रा का स्वागत किया और समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह आए हुए सभी महिलाओं का और भक्तों का के प्रति आभार व्यक्त किया।

यात्रा का संचालन करते हुए महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे अरैल माघ मेला क्षेत्र में बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की हनुमंत कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

मंगल कलश यात्रा की अगुवाई - धीरेंद्र प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह, राजेश केसरवानी, शिवम अग्रहरी, रोशनी अग्रवाल, बबलू पांडे, गोपाल जी केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, आलोक केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, अभिलाष केसरवानी, पार्षद रूद्रसेन जायसवाल, राकेश जायसवाल, निखिल पांडे, गगन दास गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सुमित केसरवानी अन्नू ने किया।

# डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा से फिर की गई छेड़छाड़

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में एक बार फिर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति से छेड़छाड़ की गई। यहां बने पार्क आंबेडकर के अलावा संत रविदास और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर नीला पेंट डालकर अभद्र भाषा लिख दी गई। सोमवार सुबह इसकी जानकारी होने के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। उनमें गुस्सा भी रहा। पुलिस पार्क में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए असामाजिक तत्वों के बारे में पता लगा रही है।

बताया जाता है कि रविवार रात झूंसी स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संरक्षण समिति पार्क में स्थापित भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, महात्मा बुद्ध की प्रतिमाएं लगी हुई हैं। इन प्रतिमाओं को नीले रंग से पेंट कर उसकी बाउंड्री पर आपत्तिजनक शब्द लिख दिए गए। एक कमरे का दरवाजे का ताला काट कर अंदर घुसे लोगों ने आंबेडकर प्रतिमा का चश्मा तोड़ दिया और दो पंखा खोल ले गए।

सोमवार सुबह टहलने गए अरविंद सहित अन्य लोगों की नजर जब पड़ी तो संस्था को सूचना देते हुए पुलिस को बताया। थोड़ी ही देर में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से लोगों में रोष व्याप्त है।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले भी झूंसी क्षेत्र में आंबेडकर की प्रतिमा खंडित की गई थी। बसपा जिलाध्यक्ष चिंतामणि वर्मा का कहना है कि अराजकतत्वों ने यह कृत्य किया है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। थाने में रिपोर्ट लिखाई जाती है लेकिन पुलिस सख्ती नहीं करती इसलिए अराजकतत्वों के हौसले बुलंद हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार ओ.पी. गर्ग 'अन्वेषी' का निधन



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** वरिष्ठ पत्रकार एवं शंभूनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस से लंबे समय तक जुड़े रहे ओ.पी. गर्ग 'अन्वेषी' का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत सहित विभिन्न संस्थानों में शोक की लहर दौड़ गई है। ओ.पी. गर्ग 'अन्वेषी' एक उत्कृष्ट पत्रकार होने के साथ-साथ कुशल फाइनेंस ऑफिसर भी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। शंभूनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में उनके 22 वर्षों का समर्पण उनकी निष्ठा, कर्मठता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक रहा। उनकी लेखनी और विचारों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिलाई। उनके द्वारा स्थापित मानक और सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनके निधन पर संस्थान के सचिव कौशल कुमार तिवारी, प्रबंध निदेशक अभिषेक तिवारी तथा निदेशक डॉ. आर.के. सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## जन गणना के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे चरण का डीएम ने किया शुभारंभ

**जौनपुर।** भारत की जनगणना 2027 हेतु मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे चरण में जनपद के 8 केंद्रों पर प्रारंभ हुआ। तहसील सदर में टी0 डी0 बालिका इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं प्रशिक्षुओं को जनगणना के राष्ट्रीय महत्व के बारे में संबोधित करते हुए प्रशिक्षण की शुरुआत की। अपर जिलाधिकारी(वि. रा.)/जिला जनगणना अधिकारी परमानंद झा द्वारा तहसील मडियाहूं के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया एवं जनगणना के महत्व से अवगत कराया गया। जनपद में दिनांक 16 अप्रैल 2026 से 06 मई 2026 तक कुल 216 बैचों में 10,000 से अधिक गणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून तक जनगणना के इस प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जानी है।

# तपते प्रयागराज में सबसे अधिक तापमान 44.7ए सेल्सियस

- तपती धूप में बेहाल शहर, घरों से निकलना मुश्किल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज सहित इन जिलों के लिए है लू की चेतावनी**
बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही व आसपास के इलाकों में मौसम विभाग ने लू की चेतावनी जारी की है।

**प्रयागराज।** प्रयागराज में इन दिनों भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। अप्रैल के महीने में ही तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। इससे प्रयागराज प्रदेश के सबसे गर्म जिलों में शामिल हो गया है।

अधिकतम तापमान की वजह से दो दिन सूबे में दूसरे नंबर पर रही संगम नगरी सोमवार को 44.7 डिग्री सेल्सियस के साथ तपिश में टॉप कर गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सबसे गर्म दिन होने की वजह से तपिश ने यहां नौ साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले वर्ष 2017 में 20 अप्रैल को अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले सात दिन हीटवेव के आसार हैं। इस दौरान झुलसाने वाली गर्मी प्रभावी रहेगी।


सूरज के तल्ख तेवर और हर दिन प्रचंड हो रही गर्मी की वजह से अधिकतर सड़कों पर शाम तक सन्नाटा पसरा रहा। 25 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ रात में भी तपिश प्रभावी रही। घर से बाहर निकले लोगों ने गर्मी से बचाव के तमाम उपाय किए लेकिन तेज धूप शरीर के खुले हिस्सों को झुलसाती रही। हीटवेव की वजह से लोगों का गला बार-बार सूखता रहा। दोपहिया वाहन सवार छांव की तलाश करते फिर संयत होने पर आगे बढ़ते।

सुबह से ही तेज धूप लोगों को झुलसाने लगती है और दोपहर तक हालात और गंभीर हो जाते हैं। गर्म हवाएं और चुभती धूप से ऐसा लगता है जैसे आग बरस रही हो। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है और जो लोग बाहर निकलते हैं, वे सिर ढककर या छाता लेकर चलते नजर आते हैं। संगम क्षेत्र की रेत पर सबसे ज्यादा गर्मी महसूस की जा रही है।

इस भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। दोपहर में छुट्टी होने के कारण बच्चों को तेज धूप में घर लौटना पड़ता है, जिससे थकान, डिहाइड्रेशन और लू जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। कई बच्चे गर्मी से परेशान दिखाई दे रहे हैं। अभिभावक बच्चों को टोपी, छाता, पानी की बोतल और ग्लूकोज देकर भेज रहे हैं, लेकिन राहत कम मिल रही है।

# विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** पैराडाइज पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्तमान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियानों से प्रेरित रहा, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व को चित्रों के जरिए प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके पोस्टरों में 'नारी शक्ति ', 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'समान अधिकार' जैसे संदेश प्रमुख रूप से देखने को मिले। वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 9 एवं 10 की लगभग 86 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने अपने निबंधों में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता, समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका तथा शिक्षा के महत्व पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उनके लेखन में जागरूकता, संवेदनशीलता और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से झलक रहा था।

इसके अतिरिक्त कक्षा 12 की छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को तर्कसंगत एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता ने छात्राओं के आत्मविश्वास, वक्तृत्व कला एवं तार्किक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश पांडे तथा चेयरपर्सन पुष्पलता पांडे ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है और ऐसे कार्यक्रम उन्हें आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए एक प्रतियोगिता का मंच था, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ। पैराडाइज परिवार ने इस सफल आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि महिला सशक्तिकरण ही एक मजबूत और समृद्ध समाज की नींव है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.–II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के NBP-JNH, JNH-SQN और JNH-BYHA सेक्शन के बीच 03 स्थानों पर IBS से संबंधित इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य का प्रावधान, Janghai, Nibhapur और Baryaram स्टेशनों पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में जोड़ और परिवर्तन और सरायकंसराय स्टेशन पर इनडोर सिग्नलिंग कार्य। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु.7,80,02,873.78 (रुपये सात करोड़ अस्सी लाख दो हजार आठ सौ तिहत्तर और पैसा अठहत्तर केवल) |
| 4 | निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 13.05.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 13.05.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहॉ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 23.04.2026 से 13.05.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहतं CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

**निविदा सूचना संख्याः– 287-सिग/सी.–II/लखनऊ/निविदा/01/26 दिनांकः 21.04.2026**

1310/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# BoM का चौथी तिमाही का मुनाफा 35ल बढ़कर 2014 करोड़ रुपये हुआ




**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2,014 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो मुख्य आय और खराब ऋणों में कमी से समर्थित है। पुणे स्थित इस बैंक ने पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,493 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में बताया कि इस तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय एक साल पहले के 7,711 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 8,693 करोड़ रुपये हो गई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान ब्याज से आय बढ़कर 7,755 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 6,731 करोड़ रुपये थी।

शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 3,116 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 3,702 करोड़ रुपये हो गई। एनआईआई में वृद्धि मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में ऋणों में 22 प्रतिशत की वृद्धि होकर 2.92 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने के कारण हुई।

हालांकि, बैंक ने रिपोर्टिंग तिमाही में कुल जमा राशि में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़कर 3.50 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही के अंत में यह 3.07 लाख करोड़ रुपये थी।

तिमाही नतीजे घोषित करते हुए, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट (क्नभरू) की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधु सक्सेना ने कहा कि बोर्ड ने चालू वित्त वर्ष में कारोबार की वृद्धि के लिए ऋण और इक्विटी के मिश्रण के माध्यम से 7,500 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि इसमें से 5,000 करोड़ रुपये इक्विटी से और शेष 2,500 करोड़ रुपये ऋण से आएंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये जुटाने को भी मंजूरी दे दी है, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस बैंक के फोकस क्षेत्रों में से एक है।

उन्होंने कहा कि बोर्ड ने गिफ्ट सिटी शाखा के माध्यम से अपने वैश्विक व्यापार विकास को वित्त पोषित करने के लिए 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने को भी मंजूरी दे दी है।

## एक्स्ट्रा करिकुलर और AI को पाठ्यक्रम में शामिल कर रहे हैं कॉलेजः रवि भूषण




**नई दिल्ली।** रवि भूषण ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े अनेक कॉलेजों में पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान दौर में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की ओर तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसे में छात्रों को नई तकनीकों और वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों की जानकारी देना आवश्यक हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए कॉलेजों में एआई और अन्य आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हालांकि, यह भी स्वीकार किया कि कुछ कॉलेजों में अभी भी पढ़ाई का स्तर अपेक्षित मानकों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके बावजूद संस्थान समय के साथ खुद को ढालते हुए सुधार की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैन यूनिवर्सिटी का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो भविष्य में बेहतर कॉरपोरेट संस्कृति का निर्माण कर सकें।

## डेल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत में ए.आई-पॉवर्ड डेल 15 लॉन्च किया, जो रोजमर्रा के जीवन को स्मार्ट बनाने के लिए डिज़ाईन किया गया है



**नई दिल्ली।** डेल टेक्नोलॉजीज़ ने आज भारत में डेल 15 पेश किया, जो दैनिक कामों में ज्यादा उत्पादकता लाने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसमें एरो लेक आर्किटेक्चर के साथ इंटेल कोर अल्ट्रा 2 सीरीज़ एच प्रोसेसर और एडवांस्ड ऑन-डिवाईस ए.आई के लिए एक समर्पित एन.पी.यू दिया गया है। इसलिए डेल 15 ज्यादा स्मार्ट और सुगम मल्टीटास्किंग करने में सक्षम है, जिससे पढ़ाई करने, काम करने और परिवार व दोस्तों के साथ कनेक्ट होने में मदद मिलती है। डेल 15 में विंडोज़ 11 में तुरंत इंटैलिजेंट असिस्टैंस प्राप्त करने के लिए एक समर्पित को-पायलट की दी गई है। एडैप्टिव थर्मल टेक्नोलॉजी की मदद से यह बहुत स्मूथ और शांत परफॉर्मेंस प्रदान करता है तथा तेजी से चार्ज होने के लिए इसमें एक्सप्रेस चार्ज भी है। इसलिए डेल 15 के साथ यूज़र्स विभिन्न टास्क आसानी से कर सकते हैं और ज्यादा लंबे समय तक कनेक्टेड रह सकते हैं। डेल 15 के साथ यूज़र्स को विश्वसनीयता, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी, तीनों फीचर्स एक ही डिवाईस में मिलते हैं, जो बेहतर तरीके से काम करने के लिए जरूरी हैं।

परफॉर्मेंस और ए.आई इंटीग्रेशन डेल 15 में इंटेल आर्क ग्राफिक्स और ए.आई वर्कलोड को आसानी से संभालने के लिए एक समर्पित एनपीयू दिया गया है। इनकी मदद से बैटरी पर अधिक जोर डाले बिना प्रेज़ेंटेशन एडिट करने और वीडियो कॉल करने जैसे काम आसानी से किए जा सकते हैं। साथ ही सुगम ऑन- डिवाईस ए.आई प्रोसेसिंग इन कामों को और अधिक आसान बना देती है। डेल 15 दो कॉन्फिगुरेशन, इंटेल कोर अल्ट्रा 5 225एच और कोर अल्ट्रा 7 255एच में उपलब्ध है, जो परफॉर्मेंस और एफिशियंसी को संतुलित करते हुए 28 वॉट की पॉवर के साथ आता है। इसमें दी गई समर्पित कोपायलट की यूज़र्स को इंटैलिजेंट असिस्टैंस की क्विक एक्सेस प्रदान करती है, टास्क मैनेजमेंट को स्ट्रीमलाईन करती है तथा कंटेंट क्रिएशन एवं रोजमर्रा की कंप्यूटिंग में मदद करती है।

## एडब्लूएस ने इंडिया.ए.आई मिशन को ए.आई इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए एसएचआई के साथ सहयोग किया

**नई दिल्ली।** आज अमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने इंडिया.ए.आई. मिशन के अंतर्गत स्वदेशी ए.आई मॉडल के विकास में सहयोग करने के लिए एडब्लूएस पार्टनर नेटवर्क (एपीएन) पार्टनर, एसएचआई इंडिया (पूर्व में लोकज़) के साथ सहयोग किया। इस अभियान के अंतर्गत भारत में सरकारी विभागों, स्टार्टअप्स, एंटरप्राईज़, शैक्षणिक संस्थानों और आरएंडडी संस्थानों को ए.आई क्षमताएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इंडिया.ए.आई मिशन के पैनल में शामिल एसएचआई अमेज़ॉन सेजमेकर जैसी एडब्लूएस सेवाएं प्रदान कर चुका है, जिससे संगठनों को जटिल ए.आई इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपर्टाईज़ के बिना ही लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स को प्रशिक्षित और कस्टमाईज़ करने में मदद मिली है। एडब्लूएस की जनरेटिव ए.आई टेक्नोलॉजी एचएसआई की स्थानीय क्रियान्वयन क्षमताओं के साथ अमेज़ॉन बेडरॉक और अमेज़ॉन सेजमेकर के माध्यम से भारत में टेक्नोलॉजिकल आत्मनिर्भरता और ए.आई लीडरशिप का विकास करने में मदद करेगी। अमेज़ॉन सेजमेकर ऑटोमेटेड क्लस्टर सेटअप, चेकपॉईंट-रहित ट्रेनिंग और सेल्फ-हीलिंग नोड रिकवरी के माध्यम से व्यापक स्तर पर जीपीयू आधारित मॉडल ट्रेनिंग की ऑपरेशनल चुनौतियों का समाधान पेश करता है।

## हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च की नई डीवीसी

**शिशुओं को मजबूत और स्वस्थ बनाने वाले रोज़मर्रा के पलों को किया उजागर**

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड्स में से एक, हिमालया बेबीकेयर, जिसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं, ने हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लिए नया डीवीसी (डिजिटल वीडियो विज्ञापन) जारी किया है जो बचपन के शुरुआती दौर पर एक ताजगी भरा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और माता-पिता को याद दिलाता है कि शिशु होना जितना आसान दिखता है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है।

यह फिल्म उन रोज़मर्रा के प्रयासों का उत्सव मनाती है जो शिशु मजबूत बनने के लिए करते हैं, साथ ही दैनिक मालिश को एक पोषणकारी परंपरा के रूप में रेखांकित करती है, जो उनकी ताकत, विकास और समग्र कल्याण का समर्थन करती है। यह फिल्म एक शिशु के मनमोहक दृष्टिकोण से आगे बढ़ती है, जो बताता है कि शिशु होना कितना चुनौतीपूर्ण होता है। जहां वयस्कों को लगता है कि शिशु दिनभर आराम करते हैं, वहां कहानी हास्यपूर्ण ढंग से उनकी व्यस्त दिनचर्या को उजागर करती है - अपने आसपास की दुनिया को देखना, नई चीजें सीखना, वजन बढ़ना और यहां तक ??कि उनके पहले दांत निकलना। इस रोचक प्रस्तुति के माध्यम से फिल्म यह संदेश देती है कि बड़ा होना शिशुओं के लिए एक पूर्णकालिक काम है। इस संप्रेषण के केंद्र में हिमालया बेबी मसाज ऑयल है, जो अश्वगंधा और बला सहित प्राकृतिक अवयवों के गुणों से समृद्ध है, जिन्हें पारंपरिक रूप से ताकत और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। यह फिल्म दैनिक मालिश को शिशु की दिनचर्या का एक आवश्यक हिस्सा मानती है, जो शुरू से ही ताकत को पोषित करने और स्वस्थ विकास में सहायक होती है। इस अभियान के बारे में बात करते हुए, हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक श्री एनवी चक्रवर्ती ने कहा, हिमालया बेबीकेयर में, हम मानते हैं कि एक शिशु का विकास देखभाल और जुड़ाव के उन रोज़मर्रा के क्षणों से आकार लेता है जिनका वह अनुभव करता है।

# सैमसंग इंडिया की विरासत सिर्फ उत्पादों तक सीमित नहीं, 1.5 मिलियन जीवनों को छू चुकी है

**लखनऊ।** भारत में सैमसंग की कहानी का एक पहलू वह है जिसे लोग अक्सर मार्केट शेयर, स्मार्टफोन लॉन्च और नोएडा की उस विशाल फैक्ट्री से जोड़ते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल फोन निर्माण इकाइयों में से एक है। यह कहानी निश्चित रूप से प्रभावशाली है, लेकिन पूरी तस्वीर पेश नहीं करती।

पूरी कहानी इससे कहीं आगे जाती है - प्रोडक्ट लॉन्च की खबरों से परे। यह कहानी भारत के मानव संसाधन के लिए कहीं अधिक महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यह कहानी उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के स्कूलों में, महाराष्ट्र की कोडिंग लैब्स में और IIT दिल्ली के इनक्यूबेशन सेंटर में लिखी जा रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि सैमसंग ने यह तय किया है कि उसका सबसे बड़ा निवेश अगला डिवाइस नहीं, बल्कि एक ऐसा इनोवेशन इकोसिस्टम बनाना है, जहां डिजिटल इंडिया आगे बढ़ सके।

सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट, एस. पी. चुन कहते हैं, भारत में तीन दशक पूरे करते हुए, हम मानते हैं कि इनोवेशन और शिक्षा प्रगति का आधार भी हैं और सभी को साथ लेकर चलने का माध्यम भी। आगे हमारा फोकस इस बात पर है कि इस क्षमता को बड़े स्तर पर असरदार बनाया जाए। सैमसंग में हम ऐसे युवा इनोवेटर्स को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें कौशल, रचनात्मकता और मिलकर काम करने की सोच हो, ताकि वे जटिल सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकें और एक बेहतर व समावेशी भविष्य बना सकें।

## हिंदी ज़ी 5 ने 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' की घोषणा की, जिसका प्रीमियर 27 अप्रैल को होगा

**नई दिल्ली।** हिंदी ज़ी 5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' का दमदार और रोमांचक ट्रेलर जारी किया है। एक सांस्कृतिक संदर्भ में रची-बसी कहानी, जो दिखाती है कि किन वजहों से किसी व्यक्ति का रुझान अपराध की ओर बनता है। रिवरलैंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और राघव दर के निर्देशन में बनी यह सीरीज़ 27 अप्रैल को प्रीमियर होगी। लॉरेंस ऑफ़ पंजाब एक अपराधी की पहचान के सफर को संस्कृति, व्यवस्था और पहचान के नजरिए से प्रस्तुत करता है। छात्र राजनीति और संगीत से लेकर विचारधारा और मीडिया के प्रभाव तक, यह सीरीज़ दिखाती है कि कैसे महत्वाकांक्षा, शक्ति और धारणा आपस में मिलकर एक नए दौर के डिजिटल सिंडिकेट को आकार देती हैं। इस पूरे परिदृश्य में लॉरेंस बिश्नोई को एक प्रमुख उदाहरण के रूप में रखते हुए, कहानी केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि व्यापक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ की पड़ताल करती है और इसके परिणामों पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

कावेरी दास, बिज़नेस हेड - हिंदी ज़ी 5 और चीफ चैनल ऑफिसर &TV, ने कहा हिंदी ज़ी 5 पर हम लगातार अपनी कहानी कहने की शैली को विकसित कर रहे हैं, ताकि वह हमारे दर्शकों की बदलती सोच और भावनाओं के अनुरूप हो सके। लॉरेंस ऑफ पंजाब के साथ हमारा उद्देश्य अपराध की कहानियों तक सीमित रहना नहीं था बल्कि आगे बढ़कर उन गहरे सांस्कृतिक संदर्भों को समझना है, जो इन्हें आकार देते हैं।

## निप्पॉन पेंट इंडिया ने एक उच्च निष्पादन की प्रीमियम ऑटो-कार रेंज FX10 लांच की

**नई दिल्ली।** निप्पी ग्रुप का हिस्सा- जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स की अनुषंगी और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने अपने वाहनों के रखरखाव में गर्व करने वाले विवेकी वाहन मालिकों के लिए डिजाइन की गई एक उच्च निष्पादन ऑटोमोटिव केयर रेंज FX10लांच करने की आज घोषणा की। यह लांचिंग ऑटोमोटिव आफ्टरकेयर वर्ग में निप्पॉन पेंट इंडिया की उपस्थिति बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी की योजना FX10 रेंज को चरणबद्ध तरीके से चुनिंदा वैश्विक बाजारों में भी ले जाने की है जिसमें ऑटो-केयर सेगमेंट में इसके विस्तार के लिए भारत के प्रमुख लांचपैड के तौर पर काम करेगा। FX10 प्रोफेशनल डिटेलिंग और डू-इट-योरसेल्फ के बीच एक सेतु का काम करने को तैयार है जिससे उपभोक्ता न्यूनतम प्रयास में एक बेदाग, शोरूम जैसी फिनिश हासिल करने में समर्थ होंगे। इस पोर्टफोलियो को उन उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है जो इस्तेमाल में आसान ऐसे सॉल्यूशंस के साथ अपनी कार की देखभाल पर स्वयं नियंत्रण रखना पसंद करते हैं जो दिखाई देने वाला परिवर्तन प्रदान करे।

# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, द्वारा लखनऊ में बुंदेलखंड क्रेटॉन की खनिज संभावनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



लखनऊ, 20 अप्रैल 2026 भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने 20 अप्रैल 2026 को अपने उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ में बुंदेलखंड क्रेटॉन की खनिज संभावनाएं महत्वपूर्ण खनिजों पर विशेष ध्यान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एवं भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई)I के महानिदेशक असित साहा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर जोयेश बागची, श्री रजिन्द्र कुमार सहित विभिन्न हितधारकों, नीति-निर्माताओं, आईआईटी/विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और देशभर के शिक्षाविदों ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। यह कार्यशाला बुंदेलखंड क्रेटॉन की खनिज संभावनाओं पर विचार-विमर्श, अनुभवों के आदान-प्रदान और गहन चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। इसमें भारत की भविष्य की संसाधन सुरक्षा के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने क्रेटॉन के टेक्टोनिक विकास, भू-वैज्ञानिक ढांचे और धात्विक संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। अपने संबोधन में असित साहा ने बुंदेलखंड क्रेटॉन को महत्वपूर्ण खनिजों की खोज के लिए एक प्रमुख क्षेत्र बताया और इसकी अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्नत तकनीकों–जैसे आइसोटोपिक एवं उच्च-सटीक विश्लेषण–के उपयोग से संभावित भंडारों की पहचान के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वित एवं दूरदर्शी रणनीति विकसित करने का आह्वान किया, जिससे छिपे एवं गहरे खनिज भंडारों की खोज के लिए एक मजबूत कार्ययोजना तैयार की जा सके।

एडीजी पीएसएस श्री जोयेश बागची ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेलखंड क्रेटॉन एक ओर चुनौतीपूर्ण है, वहीं दूसरी ओर अत्यंत संभावनाशील क्षेत्र भी है। उन्होंने इसे भू-वैज्ञानिक दृष्टि से जटिल, लेकिन महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ मृदा तत्व खनिजों के लिए समृद्ध क्षेत्र बताया। उन्होंने वैज्ञानिक, समेकित एवं तकनीक-आधारित अन्वेषण पद्धति अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे संभावित क्षेत्रों की पहचान कर इसकी पूर्ण खनिज क्षमता को सामने लाया जा सके। रजिन्द्र कुमार ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के उत्तरी क्षेत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब तक 32 भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट, 19 भू-वैज्ञानिक ज्ञापन और 5 एक्सप्लोरेशन लाइसेंस ब्लॉक्स नीलामी के लिए सौंपे जा चुके हैं। इन कार्यों में वैनाडियम, आयरन, जिरकोनियम, पोटाश, लिथियम और बेस मेटल्स जैसे प्रमुख खनिज शामिल हैं। उन्होंने क्षेत्र में चल रही विस्तृत भू-मानचित्रण, भू-भौतिकीय सर्वेक्षण और भू-रासायनिक जांच गतिविधियों का भी उल्लेख किया और महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ मृदा तत्व खनिजों की खोज में उत्तरी क्षेत्र की सक्रिय भूमिका को रेखांकित किया।

## डीएस ग्रुप ने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए अपना पहला टीवीसी लॉन्च किया




**लखनऊ।** एफएमसीजी समूह और मल्टी बिजनेस कारपोरेशन धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक लोकप्रिय ब्रांड कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने अपने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए पहली बार एक टीवी विज्ञापन (टीवीसी) लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह विज्ञापन डेंट्सू क्रिएटिव वेबचटनी ने बनाया है। इस कैंपेन के जरिए डीएस ग्रुप अब मसालों और स्प्रिंकलर्स से आगे बढ़कर नमक कैटेगरी में भी अपनी बात रख रहा है। इस टीवीसी का मकसद लोगों को डीएस ग्रुप के नमक के बारे में जागरूक करना है। यह टीवी, सोशल मीडिया और ओटीटी पर दिखाया जाएगा।

विज्ञापन में एक मोहल्ले के पार्क जैसी जगह का मज़ेदार और आम दिनचर्या का सीन दिखता है, जहाँ दो माँएँ और उनके बच्चे बातें कर रहे होते हैं। कहानी के बीच में एक छोटी लड़की बड़े ही भोलेपन से कैच प्रीमियम पिंक रॉक सॉल्ट के फायदे और इसके आने की कहानी समझाती है। अर्नब घटक चौधरी, जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस ने कहा, ÷इस कैंपेन के जरिए हमने नमक के फायदों को एक आम रोज़मर्रा के सीन में पेश करने की कोशिश की है। विज्ञापन में दो पड़ोसियों के बीच होती बातचीत के जरिए हमने कैच पिंक रॉक सॉल्ट की खासियतों को दिखाया है। यह कैंपेन हमारी सोच 'क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता' को और मजबूत करता है।'

## राघव कौशिक के नए ट्रैक सुन रे पिया के साथ सभी पर चढ़ेगा लाए प्यार का फीवर



**नई दिल्ली।** उभरते हुए इंडी पॉप कलाकार राघव कौशिक अपने नवीनतम सिंगल सुन रे पिया के साथ वापस लौटे हैं। यह एक ऐसा गीत है जो बेइंतहा प्यार में होने की उथल-पुथल और आकर्षण को दर्शाता है। अपने आत्मनिरीक्षण वाले गीत-लेखन और भावपूर्ण आवाज़ के लिए जाने जाने वाले, राघव ने इस ट्रैक के साथ एक ताज़गी भरा नया मोड़ लिया है और इसके सबसे भावुक रूप में प्यार का जश्न मनाया है। अमृता सलूजा द्वारा लिखित और राघव कौशिक द्वारा प्यार का फीवर चढ़ने लगा के विचार पर गाए गए इस गीत में उस पल को कैद किया गया है, जहाँ भावनाएं तर्क पर हावी हो जाती हैं और दिल अपना नियंत्रण कर लेता है। यह एक ऐसे युवक की कहानी है जो प्यार में इस कदर डूब गया है कि उसे वास्तविकता में वापस बुलाने वाले अपने दोस्तों की आवाज़ें भी सुनाई नहीं देती हैं। यह गाना प्यार से होने वाली उथल-पुथल के एक ऐसे चित्रण के रूप में सामने आता है, जिससे लोग आसानी से खुद को जोड़ सकते हैं। सुन रे पिया राघव की अभिव्यंजक आवाज़ को एक उत्साहित, ड्रम-आधारित रचना के साथ मिलाता है, जो एक ऐसी ऊर्जा पैदा करता है जो श्रोताओं को केवल महसूस करने के लिए ही नहीं बल्कि उस पर थिरकने के लिए भी आमंत्रित करता है। यह आत्मा और संगीत की लय के बीच एक बेहतरीन संतुलन बनाता है, जो उस बेचैनी और जुनून को सामने लाता है जो गीत की भावनात्मक तीव्रता को दर्शाता है। यह ट्रैक श्रोताओं को प्यार की उथल-पुथल को अपनाने के लिए कहता है, जो कि सरल और आकर्षक है, और एक ऐसी भावना को छूता है जिससे अधिकांश श्रोता तुरंत जुड़ाव महसूस करेंगे।

# टाटा एआईए ने छात्रों के लिए पेश किया खास टर्म प्लान, एजुकेशन लोन के बोझ से सुरक्षित रहेंगे परिवार

**मुंबई।** आज के दौर में भारत और दुनिया भर के ज़्यादा से ज़्यादा छात्र उच्च शिक्षा का सपना पूरा कर रहे हैं। अपनी पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए इनमें से कई छात्र अब एजुकेशन लोन का सहारा ले रहे हैं।

ये लोन करियर के बेहतर रास्ते तो खोलते हैं, लेकिन साथ ही एक बड़ी आर्थिक जिम्मेदारी भी लाते हैं। आमतौर पर, पढ़ाई खत्म होने और नौकरी मिलने के बाद इन लोन की किश्तें शुरू होती हैं। लेकिन अगर किसी कारणवश छात्र इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए मौजूद न रहे, तो क्या होगा? ऐसी स्थिति में कर्ज का पूरा बोझ परिवार पर आ जाता है, जो दुख की घड़ी में उनके लिए बड़ी आर्थिक मुसीबत बन सकता है।

इसी चिंता को दूर करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपना छात्र-केंद्रित टर्म इंश्योरेंस पेश किया है, जो कंपनी के प्रमुख टाटा एआईए संपूर्ण रक्षा प्रॉमिस के तहत एक अतिरिक्त फीचर के रूप में उपलब्ध है। यह नया समाधान सुनिश्चित करता है कि यदि छात्र की असामयिक मृत्यु हो जाती है और वह अपना कर्ज नहीं चुका पाता, तो उसके परिवार को एजुकेशन लोन के पुनर्भुगतान के बोझ से आर्थिक सुरक्षा मिले। इस समाधान के बारे में अधिक जानकारी tataaia.com पर उपलब्ध है।

इस सुरक्षा के साथ, छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जबकि परिवारों को इस बात की मानसिक शांति रहेगी कि किसी अनहोनी की स्थिति में उन पर कर्ज का बोझ नहीं आएगा।

**एजुकेशन लोन की सुरक्षा के लिए एक व्यापक समाधान**

आज ज़्यादा से ज़्यादा छात्र अपने उच्च शिक्षा के सपने पूरे करने के लिए एजुकेशन लोन ले रहे हैं, लेकिन किसी अनहोनी की स्थिति में इस लोन को चुकाने का जोखिम एक बड़ी चिंता बन गया है। आमतौर पर, शिक्षा ऋण का पुनर्भुगतान तब शुरू होता है जब छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर कमाई करना शुरू कर देता है। लेकिन दुर्भाग्यवश अगर छात्र की असामयिक मृत्यु हो जाए, तो लोन चुकाने की ज़िम्मेदारी परिवार पर आ जाती है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का छात्र-केंद्रित टर्म इंश्योरेंस परिवार को इस वित्तीय तनाव से बचाकर एक ठोस समाधान प्रदान करता है।

यह योजना उस स्थिति में भी उपलब्ध है जहाँ कोई एजुकेशन लोन नहीं लिया गया है। ऐसी स्थिति में, लाइफ कवर का निर्धारण माता-पिता की योग्यता के आधार पर किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बच्चे का बीमा बना रहे और उसे व्यापक सुरक्षा मिले। योग्यता और कवरेज से संबंधित अतिरिक्त जानकारी tataaia.com पर देखी जा सकती हैं।

इस नई योजना के बारे में बात करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, संजय अरोरा ने कहा, आज के समय में किसी भी परिवार का सबसे मूल्यवान निवेश बच्चों की शिक्षा में होता है।

## 'मीट-क्यूट में सृति झा और शबीर अहलूवालिया संग सजा पुराने दौर के रोमांस का खास जश्न




**मुंबई।** स्टार प्लस ने शनिवार को मुंबई में अपने बहुप्रतीक्षित शो 'तुम देना साथ मेरा' के प्रीमियर से पहले एक खास कम्युनिटी इवेंट 'मीट-क्यूट' का आयोजन किया। वास्तविक जुड़ाव और कहानी कहने की कला का संगम बने इस इवेंट में सिंगल मिलेनियल्स और मीडिया कपल्स का एक चुनिंदा समूह शामिल हुआ, जहाँ एक अर्थपूर्ण और पुराने दौर के रोमांस का जश्न मनाया गया।विंटेज लव की खूबसूरती को केंद्र में रखकर तैयार किए गए इस अनुभव ने एक आत्मीय और दिलचस्प माहौल बनाया, जहाँ मेहमानों ने खुलकर बातचीत की, इंटरैक्टिव एक्टिविटीज़ में हिस्सा लिया और हल्के-फुल्के पलों का आनंद लिया, जिससे सच्चे कनेक्शन बनने की प्रेरणा मिली। अपनी थीम के अनुरूप, 'मीट-क्यूट' ने क्लासिक रोमांस की यादों को ताज़ा किया–विंटेज सजावट, सौम्य रोशनी और सोच-समझकर चुने गए तत्वों के साथ, जो उस दौर की झलक दिखाते हैं जब रिश्ते गहराई, धैर्य और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित होते थे।इस इवेंट में चार चाँद लगाने के लिए लीड कलाकार सृति झा और शबीर अहलूवालिया भी शामिल हुए, जिन्होंने उपस्थित मेहमानों और मीडिया से बातचीत की। 'तुम देना साथ मेरा' एक हिंदी रोमांटिक ड्रामा है, जो सृति झा और शबीर अहलूवालिया की बहुप्रतीक्षित ऑन-स्क्रीन जोड़ी को प्रस्तुत करता है।

# कम वोल्टेज से 50% तक बढ़ सकती है एसी की बिजली खपतः वी-गार्ड स्टडी

**नई दिल्ली।** बिजली की बढ़ती कीमतों और मौसम की अनिश्चितता के इस दौर में, वी-गार्ड इंडस्ट्रीज ने बिजली की गुणवत्ता और ऊर्जा दक्षता के बीच छिपे महत्वपूर्ण संबंध पर एक निर्णायक अध्ययन जारी किया है। एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित इस शोध से पता चला है कि खराब वोल्टेज न सिर्फ उपकरणों को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह एक बड़े एफिशिएंसी टैक्स की तरह काम करता है, जो एयर कंडीशनर (एसी) की बिजली खपत को 50% तक बढ़ा सकता है।

इस अध्ययन में देश के प्रमुख ब्रांड्स के कई 1.5 टन वाले एसी यूनिट्स का परीक्षण किया गया। नतीजे चौंकाने वाले रहे जब इनपुट वोल्टेज 140V से 180V के बीच गिर जाता है (जो भारत में गर्मियों में पीक टाइम पर आम बात है), तो एसी के कंप्रेसर की थर्मोडायनामिक एफिशिएंसी प्रभावित हो जाती है। इससे एसी को वही ठंडक देने के लिए बहुत ज्यादा समय तक चलना पड़ता है, जिससे बिजली की खपत तेजी से बढ़ जाती है।

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मिथुन के. चित्तिलप्पिल्ली ने कहा, 'स्टेबलाइजर-फ्री' उपकरणों को लेकर लोगों में एक बड़ा गलतफहमी है। आधुनिक एसी वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से बच तो सकते हैं, लेकिन उनमें पीक एफिशिएंसी बनाए रखने की क्षमता नहीं होती। हमारा शोध साबित करता है कि एसी को डेडिकेटेड स्टेबलाइजर पर चलाने से सिर्फ सुरक्षा ही नहीं मिलती बल्कि इससे बिजली की बचत भी होती है। यदि आप स्टेबलाइजर का इस्तेमाल करते हैं तो एसी के बिजली बिल को आधा कर सकता है।

**कम वोल्टेज आपकी जेब कैसे खाली करता है**

वी-गार्ड के अध्ययन में साफ-साफ बताया गया है कि खराब पावर क?वॉलिटी आपका बिजली बिल क्यों बढ़ा देती है-

स्लो-मोशन कूलिंग का जालः जब वोल्टेज कम होता है, तो एसी का कंप्रेसर पूरी ताकत से काम नहीं कर पाता। उसे रेफ्रिजरेंट गैस को तेज गति से पंप करने के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती। नतीजतन, कमरे को ठंडा करने में बहुत ज्यादा समय लग जाता है कभी-कभी सामान्य वोल्टेज की तुलना में कहीं ज्यादा समय। वही काम जो स्थिर वोल्टेज पर जल्दी हो जाता, कम वोल्टेज पर बहुत धीरे होता है।

50% तक बढ़ा हुआ बिजली बिलः यह अतिरिक्त चलने का समय सीधे आपके बिजली मीटर पर असर डालता है। कम वोल्टेज पर एसी को सेट तापमान तक पहुँचने में 2 से 3 गुना ज्यादा समय लग सकता है। हर अतिरिक्त मिनट आपको महंगा पड़ता है। इस अक्षमता के कारण आपका मासिक एसी बिल 50% तक बढ़ सकता है।

# फाइलों का खेल होगा बेनकाब : डीआईओएस श्रवण कुमार लोकायुक्त जांच के घेरे में

अवधनामा ब्यूरो

- भ्रष्टाचार, फर्जी नियुक्ति और एरियर भुगतान के आरोपों की होगी जांच, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी त्रिसदस्यीय समिति
- 61 पन्नों के परिवाद और सीडी साक्ष्यों के आधार पर लोकायुक्त का आदेश, 30 अप्रैल तक देनी होगी जांच रिपोर्ट

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब राजधानी तक पहुंच गया है। गंभीर आरोपों से घिरे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त अब लोकायुक्त की आधिकारिक जांच के दायरे में आ गए हैं। जांच के आदेश जारी होने के बाद विभागीय कार्यालय सहित संबंधित शिक्षकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार लोकायुक्त कार्यालय से जारी पत्र संख्या 68-2026/06, दिनांक 8 अप्रैल 2026 के तहत कुशीनगर निवासी परिवादी विरेंद्र सिंह द्वारा प्रस्तुत 61 पन्नों के परिवाद और सीडी साक्ष्यों के आधार पर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि जिलाधिकारी कुशीनगर की अध्यक्षता में एक त्रिसदस्यीय समिति गठित की जाए, जिसमें एक वित्त एवं लेखाधिकारी तथा एक शिक्षा विभाग के अधिकारी को शामिल किया जाए, ताकि वित्तीय और प्रशासनिक दोनों पहलुओं से मामले की गहराई से जांच हो सके। लोकायुक्त ने यह भी निर्देश दिया है कि जांच प्रक्रिया में परिवादी की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकर्ता भी सीधे जांच का हिस्सा बन सके। साथ ही पूरी जांच रिपोर्ट 30 अप्रैल 2026 तक लोकायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त पर आरोप है कि उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले शिक्षकों को संरक्षण दिया तथा बिना कार्य किए लाखों रुपये का एरियर भुगतान कराने में भूमिका निभाई। आरोपों के अनुसार जिले के कप्तानगंज स्थित कनोडिया इंटरमीडिएट कॉलेज के सहायक अध्यापक श्याम नारायण पाण्डेय और विरेंद्र पाण्डेय से जुड़े एरियर भुगतान तथा महात्मा गांधी इंटर कॉलेज सखवनिया में मृतक आश्रित के रूप में लिपिक अविनाश गुप्ता की कथित नियम विरुद्ध नियुक्ति भी जांच के दायरे में है। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित शिक्षकों द्वारा लगभग दो वर्षों तक कार्य न करने के बावजूद करीब दस-दस लाख रुपये का एरियर भुगतान कराया गया, जो गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करता है। इसके अलावा वेतन निर्धारण, सेवा पुस्तिका में संशोधन, नियुक्तियों की वैधता और स्थानांतरण जैसे मामलों में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं। विभाग के भीतर फाइलों के निस्तारण में कथित तौर पर 'रेट तय' होने और बिना लेन-देन के फाइल आगे न बढ़ने की चर्चाओं ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शिकायतकर्ता ने डीआईओएस पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का भी आरोप लगाया है, जिसकी जांच अब समिति के लिए एक बड़ी चुनौती मानी जा रही है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जांच समिति को डीआईओएस कितना सहयोग करते हैं या फिर मामले को दबाने की कोशिश होती है। हालांकि जानकारों का मानना है कि लोकायुक्त जांच के दायरे में आने के बाद इस प्रकरण से बच निकलना आसान नहीं होगा।

## आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 मय स्टाफ द्वारा IGRS का निस्तारण किया गया। तत्पश्चात आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, दुकानों से रैंडम आधार पर परिक्षण हेतु सैंपल लिए गए । स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा। ?

# सीएमओ ने सीएचसी मोतीचक का किया निरीक्षण, दो स्वास्थ्य कर्मी मिले अनुपस्थित

- सीएमओ ने कहा-शासन के मंशानुरूप मरीज को समय से मिले बेहतर उपचार

अवधनामा संवाददाता



सीएचसी मोतीचक में कोल्ड चैन कक्ष में टीकाकरण की जानकारी लेते सीएमओ

**मथौली, कुशीनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, कोल्ड चैन, लेबर रूम, लैब, दंत कक्ष, फार्मासिस्ट कक्ष, ईटीसी रूम, एक्सरे तथा बीपीएमयू कक्ष सहित समस्त वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही कर्मचारियों के उपस्थित रजिस्टर की भी जांच की। इस दौरान दो कर्मचारी में अनुपस्थित मिले जबकि दो छुट्टी पर थे।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता और व्यवस्थाएं बेहतर रहनी चाहिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सीएमओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ शत-प्रतिशत जनता तक पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान डॉ सुनील तिवारी बाल रोग विशेषज्ञ व एक अन्य स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थिति मिले जबकि ईटीसी स्टॉफ नर्स ऑनलाइन छुट्टी तथा एक फार्मासिस्ट प्रतिकर अवकाश पर थे। अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ सीएमओ ने कार्रवाई के निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया, डॉ सुधीर तिवारी, बीपीएम सुनील कुमार, हेल्थ पर्यवेक्षक राकेश कुमार मद्धेशिया बीएचडब्ल्यू आदित्य नाथ सिंह, फार्मासिस्ट इंद्रजीत प्रसाद, अजय वर्मा, एलटी अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, दंत चिकित्सक श्रीदयाल, राजेश भारती, नर्सिंग ऑफिसर प्रिया राय, शकुंतला चौहान, शैली सिंह, एसटीएस अमित श्रीवास्तव, लिपिक उदय प्रताप सिंह के सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहें।

# कुशीनगर में पर्यटन विकास को बड़ी सौगात, 11 परियोजनाओं के लिए 6.94 करोड़ रुपये स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो

- धार्मिक स्थलों व घाटों का होगा विकास, श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**कुशीनगर।** जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की 11 परियोजनाओं के लिए 694 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है, जिसे गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कुशीनगर की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों के विकास के लिए कुल 1031.70 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम चरण में 694 लाख रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रामकोला विधानसभा क्षेत्र में गुरु गोरक्षपीठ स्थित राम जानकी मंदिर के विकास के लिए 73 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं हाटा विधानसभा क्षेत्र में श्री राम जानकी मंदिर के लिए 67 लाख रुपये, फाजिलनगर में शंकर जी मंदिर के लिए 58 लाख रुपये तथा पडरौना विधानसभा क्षेत्र में पौराणिक स्थल बांसी नदी घाट के पर्यटन एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 60 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी क्रम में तमकुहीराज स्थित राम जानकी मंदिर घूरपट्टी के विकास के लिए 82 लाख रुपये, खड्डा विधानसभा क्षेत्र के हड़ावा मंदिर के लिए 82 लाख रुपये, कोक माता भुवनेश्वरी देवी मंदिर के लिए 65 लाख रुपये तथा पडरौना के रामघाट पर बहुउद्देशीय हाल आदि के निर्माण के लिए 55 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पडरौना क्षेत्र में ही एक अन्य बहुउद्देशीय हाल के निर्माण के लिए 59 लाख रुपये, हाटा क्षेत्र के कर्महा स्थित नाथ संप्रदाय के प्राचीन मंदिर में बहुउद्देशीय हाल के लिए 38 लाख रुपये तथा रामकोला क्षेत्र के रामकोला में खोटहीं मनी ताल पर बहुउद्देशीय हाल के निर्माण के लिए 55 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार भारतीय आस्था से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इन परियोजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## लेखपाल संघ का धरना : 'फार्मर रजिस्ट्री कृषि विभाग का काम, हम पर क्यों दबाव?



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला कार्यकारिणी के निर्देशानुसार सोमवार को फार्मर रजिस्ट्री कार्य को लेकर लेखपालों पर बनाए जा रहे दबाव के विरोध में जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर लेखपाल धरने पर बैठ गए।

लेखपालों का आरोप है कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में उनसे अनावश्यक सत्यापन, प्रोटोकॉल प्रविष्टि, स्पष्टीकरण तथा अन्य अतिरिक्त कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे उन पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। लेखपाल संघ का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कृषि विभाग का है, लेकिन इसे जबरन लेखपालों पर थोपा जा रहा है और इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी की जा रही है। अधिकारियों द्वारा इस कार्य को लेकर लगातार दबाव और मानसिक उत्पीड़न किए जाने से लेखपालों में नाराजगी बढ़ रही है। लेखपालों ने चेतावनी दी कि यदि लेखपाल साथियों का निलंबन या अन्य विभागीय कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो वे धरना जारी रखेंगे। धरने में लेखपाल संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कप्तानगंज तहसील में धरने पर बैठे लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता, संगम प्रसाद, राहुल सिंह, आशुतोष कुशवा, सुनील निगम सहित अन्य शामिल थे।

# अनफिट स्कूली वाहनों व मॉडिफाइड साइलेंसर पर चला प्रशासन का डंडा, 32 वाहनों का चालान

- तीन वाहन थाने में निरुद्ध, ?2.61 लाख का जुर्माना; अनाधिकृत बसों व बाइक पर भी कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** शासन के निर्देश पर जनपद में अनाधिकृत व अनफिट स्कूली वाहनों तथा मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मु. अजीम के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में कुल 32 वाहनों का चालान किया गया तथा 3 वाहनों को थाना रामकोला व कप्तानगंज में निरुद्ध किया गया। इस दौरान ?2.61 लाख का प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

**स्कूली वाहनों पर सख्ती :** अभियान के तहत स्कूलों के नाम पंजीकृत तथा अनाधिकृत रूप से बच्चों को ढो रहे 11 वाहनों का चालान किया गया। इनमें से 3 वाहनों को थाने में निरुद्ध किया गया।

**बाइक व बसों पर भी कार्रवाई :** प्रवर्तन टीम ने 10 मोटरसाइकिलों के खिलाफ कार्रवाई की, जिनमें 2 बाइक मॉडिफाइड साइलेंसर के कारण चालान की गई। वहीं बिहार से दिल्ली संचालित 2 अनाधिकृत बसों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई।

**पोर्टल पर हो रहा स्कूली वाहनों का सत्यापन :** शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी विद्यालयों को ऑनबोर्ड कर स्कूली वाहनों का निरीक्षण व भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा शपथ-पत्र एवं निरीक्षण विवरण क्कस्ड्ढस्क्क पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करने के लिए विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है।

**जनहित में अपील :** परिवहन विभाग ने अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि बच्चों के परिवहन के लिए केवल मानक व फिट वाहन का उपयोग करें, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# आग की घटनाओं को देखते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा जनता से सावधानी बरतने की की गई अपील

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ हो चुकी है। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अग्निकांड की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है, विशेषकर गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं। इन घटनाओं की रोकथाम हेतु श्री अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित सावधानियां अपनाने की अपील की गई है–

**अग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियां:**

फसल कटने के बाद अवशेष को खेतों में न जलाएं। तेज हवाओं के समय चूल्हे/भट्ठी पर भोजन न पकाएं।

जलती हुई माचिस, बीड़ी या सिगरेट इधर-उधर न फेंकें। खाना बनाते समय ढीले-ढाले एवं पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। बच्चों की पहुंच से माचिस, स्टोव, पटाखे एवं एसिड दूर रखें। ज्वलनशील सामग्री को गैस सिलेंडर एवं चूल्हे से दूर रखें।

बिजली के उपकरणों (पंखा, एसी, कूलर, फ्रिज, हीटर, इंडक्शन) की नियमित जांच करें तथा एमसीबी अवश्य लगवाएं। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों में ज्वलनशील पदार्थ न ले जाएं।

आग लगने की स्थिति में निकटतम निकास मार्ग/सीढ़ियों का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि कोई व्यक्ति पीछे न रह जाए।

कपड़ों में आग लगने पर 'स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल' अपनाएं।

किसी भी भवन से बाहर निकलने के कम से कम दो रास्तों की जानकारी रखें। आग के समय धुएं से बचने के लिए नीचे झुककर चलें तथा मुंह को गीले कपड़े से ढकें।

ट्रांसफार्मर के आसपास 3 मीटर क्षेत्र तक फसल समय से पहले काट लें। जलती हुई इमारत में पुनः प्रवेश न करें। सीढ़ियों एवं गलियारों को अवरुद्ध न रखें।

आग लगने की घटना पर तत्काल पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को सूचित करें।

पेट्रोलियम पदार्थों से लगी आग बुझाने हेतु बालू या फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग करें।

आपातकालीन सेवाओं के टोल फ्री नंबर–102/108 (स्वास्थ्य), 112 (पुलिस), 101 (अग्निशमन), 1077 (आपदा) को सदैव याद रखें।

**महत्वपूर्ण दूरभाष नंबरः**

जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटरः 9454416457, 05692-235077

फायर स्टेशन फतेहगढ़ः 9454418424, 9454418423

जनहित में जारी।

(अरूण कुमार सिंह)

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), फर्रुखाबाद।

## सर्वसमाज का हित बसपा के साथ : धर्मराज कोरी

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की जिला कमेटी की बैठक में तैयार की गई कार्ययोजना सोमवार को पूरी तरह लागू नहीं हो पाई। 20 अप्रैल को तय की गई आठ बैठकों में से केवल एक बैठक ही हो पाई।तेज गर्मी और गेंहू की मड़ाई के काम के चलते गांवों में कार्यकर्ता निर्धारित जगहों पर उपस्थित नहीं हो पाए।गोरियाबाद में बसपा के विधानसभा प्रभारी मोती लाल और विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज कोरी ने दो बूथों की बैठक एक साथ करके बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया।

विधानसभा प्रभारी मोती लाल ने कहा बहुजन समाज पार्टी की स्थापना का उद्देश्य बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों का भारत बनाना है। बहुजन समाज पार्टी देश में समता स्वतंत्रता बंधुत्व और न्याय पर आधारित समाज व्यवस्था का निर्माण चाहती है। धर्मराज कोरी ने कहा कि कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों और भाजपा की गलत नीतियों के कारण ही देश में गरीबी बेरोज़गारी और मंहगाई की समस्याएं दूर नहीं हो पा रही हैं। केन्द्र और राज्य की सरकारों की नीति और नीयत में अंतर है।

# ठकराहा में अनुदेशक भर्ती प्रक्रिया शुरू, 15 मई तक करें आवेदन



अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुदेशक पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद ठकराहा प्रखंड में आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रखंड में कुल दो पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रघुनंदन कुमार राघव एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) राकेश कुमार ने प्रखंड कार्यालय परिसर में आधिकारिक सूचना चस्पा कर दी। बीईओ राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई तक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह नियुक्तियां शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पदों पर की जाएंगी, जिनके लिए अलग-अलग विज्ञापन जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। यह भर्ती युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे तकनीकी शिक्षा को मजबूती मिलेगी और संस्थानों में शिक्षण गुणवत्ता में सुधार होगा। सरकार की इस पहल से राज्य में कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक (बड़े बाबू) नौशाद अहमद भी उपस्थित रहे।

## बढ़ाया मान, एयर इंडिया में मयंक बने पायलट



**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा मठिया भोकरिया के होनहार युवक मयंक राय ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मयंक का चयन देश की प्रतिष्ठित विमानन कंपनी एयर इंडिया में कमर्शियल पायलट (एयरबस) के पद पर हुआ है। उक्त ग्रामसभा निवासी मयंक राय, राम इकबाल राय के पुत्र एवं स्वः मैनेजर राय के पौत्र हैं। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद एविएशन क्षेत्र में करियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया और उसे हासिल करने के लिए लगातार प्रयासरत रहे। उन्होंने कनाडा के स्काई क्वेस्ट एविएशन (वैंकूवर) तथा दुबई (यूएई) के फ्लाई लेवल से प्रोफेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग प्राप्त की। कठिन प्रशिक्षण और समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। मयंक की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इसे गर्व और प्रेरणा का विषय बताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों ने मयंक राय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## फाजिलनगर उपचुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सख्त निर्देश जारी

**कुशीनगर।** नगर पंचायत फाजिलनगर के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों को प्रचार के लिए केवल एक वाहन की अनुमति होगी तथा उसमें चालक सहित अधिकतम छह लोग बैठ सकेंगे। बिना अनुमति झंडे, बैनर, पोस्टर लगाने तथा लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभा, रैली या जुलूस के आयोजन के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी तथा धार्मिक स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार की रिश्वत, डराने-धमकाने या मादक पदार्थों के वितरण पर सख्त रोक रहेगी। मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं मतदान से 48 घंटे पूर्व सभी प्रकार के चुनाव प्रचार बंद कर दिए जाएंगे।

# लू से बचाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, जारी हुई एडवाइजरी

अवधनामा ब्यूरो

- दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें, अधिक से अधिक तरल पदार्थ लें

**कुशीनगर।** बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव (लू) को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वैभव मिश्रा ने आम जनमानस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लू से बचाव के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। जिला प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

एडवाइजरी के अनुसार गर्मी के मौसम में घर से बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखें और हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय गमछा, चश्मा, छाता, टोपी और जूते का उपयोग करें। समय-समय पर शीतल जल, नींबू पानी, शिकंजी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। यात्रा के दौरान अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें और संभव हो तो गीले कपड़े से चेहरा, सिर और गर्दन को ढककर रखें। प्रशासन ने सलाह दी है कि घर और कार्यस्थल पर सूर्य की सीधी रोशनी से बचाव के लिए पर्दों की व्यवस्था करें तथा गर्मी के दिनों में ओआरएस घोल का सेवन भी लाभदायक है।

बच्चों, बीमारों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने के साथ ही जानवरों को छायादार स्थान में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। नंगे पैर या बिना शरीर ढके धूप में न निकलें और गहरे रंग के कपड़े पहनने से बचें। इसके अलावा अत्यधिक प्रोटीन युक्त व बासी भोजन का सेवन न करें तथा शराब, चाय, कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक का अधिक सेवन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

## सड़कें उगल रही आग झुलस रहे राहगीर

**अमेठी।** आसमान से अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में ही आग बरस रही है जनजीवन और पशु पक्षी सभी बेहाल हैं।सोमवार को भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण जनजीवन बेहाल हो गया। पिछले दिनों हुई हल्की बारिश के कारण तापमान में कुछ गिरावट आई थी किंतु गर्मी और धूप फिर अपने शराब पर है। आसमान से आग बरस रही है तपती सड़कों पर आवागमन दुश्वार हो गया है। सड़कें आग उगल रही हैं जिसकी तपिश में राहगीर झुलस रहे हैं।

चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन बेहाल कर दिया है।पिछले दिनों से चल रहे तेज लू के थपेड़े राहगीरों को झुलसा रहे हैं।चिलचिलाती धूप भीषण गर्मी और लू से जन जीवन त्रस्त है। सुबह 9 बजे के बाद से शाम के 5 बजे तक सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है। गर्म हवा और लू के थपेड़े राहगीरों को बेहाल करने लगे हैं।चिलचिलाती धूप राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रही है।बढ़ती गर्मी से मवेशी और पक्षी भी बेहाल नजर आ रहे हैं।

# गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने की गो संरक्षण एवं संवर्धन समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की संवेदनशील पहल के क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं सदस्य दीपक गोयल ने जिलाधिकारी संजय चौहान तथा पुलिस अधीक्षक सरवणन टी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गो सेवा को केवल प्रशासनिक दायित्व न मानते हुए मानवीय सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार किया गया है।

इसी दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए व्यापक और बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार द्वारा प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 7700 से अधिक गो-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं जहां 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास नियमित आहार स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के माध्यम से गो संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक लाखों गोवंश इच्छुक एवं जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। प्रत्येक गोवंश के पालन-पोषण हेतु 50 रुपये प्रतिदिन की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। इससे एक ओर गोवंश का संरक्षण हो रहा है वहीं दूसरी ओर गोपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है।

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही विद्या भारती का लक्ष्य - दीक्षित




**भेंटुआ (अमेठी)।** सरस्वती शिक्षा मंदिर ग्रामभारती परितोष में चल रही चार दिवसीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक के तीसरे दिन वंदना सत्र आयोजित हुआ। प्रदेश निरीक्षक राज बहादुर दीक्षित ने कहा कि संस्कारयुक्त बाल केंद्रित व क्रियात्मक शिक्षा विद्या भारती का लक्ष्य है। बैठक में काशी प्रयाग व सुल्तानपुर संभाग के निरीक्षकों समेत करीब 70 विद्यालयों के प्रधानाचार्य वार्षिक योजना का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसी दौरान 37 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर वरिष्ठ प्रधानाचार्य राज बहादुर यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया।

# गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए डीएम ने जिले के अधिकारियों को दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण बहराइच को दिये गए निर्देश के क्रम में बढ़ती हुई गर्मी व हीट वेव से बचाव हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा आमजनमानस, पशु-पक्षी आदि सभी को राहत दिये जाने के उद्देश्य से ड्रेनेज, नलकूप, वन व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी अमृत सरोवरों व जल स्त्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को गर्मी के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम ने नगर निकाय, पंचायती राज व जल निगम को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। डीएम ने अधि.अभि. नलकूप को निर्देश दिया है कि शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। डीएम ने सभी कार्यालयों में शीतल पेयजल की व्यवस्था के तहत कम से कम प्राकृतिक फ्रिज (मटके) की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे प्रबन्ध किये जायें जिससे बच्चे, वृद्धजन व अस्वस्थ व्यक्ति हीटवेव से प्रभावित न होने पाये।

ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफामर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहॉ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। डीएम ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जनपद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु हरे चारे, पानी, छांव, भूसे, उपचार की माकूल व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पंखों की व्यवस्था भी करायी जाय। डीएम ने बीडीओ व सीवीओ को निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंश किसी भी दशा में धूप में न रहने पायें। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य पर दृष्टि बनाये रखें।

डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी आवश्यक दवाओं के प्रबन्ध के साथ-साथ सभी पीएचसी व सीएचसी पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि आमजनमानस द्वारा अपनायी जाने वाली सावधानियों इत्यादि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा एडवाईज़री भी जारी कर दें ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि लू व गर्मी का प्रकोप होने पर उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है।

## वित्तपोषण हेतु सहायता योजना से ओडीओपी योजना को लगेंगे पंख

**बहराइच।** प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम अन्तर्गत नवीन योजना वित्तपोषण हेतु सहायता योजना संचालित की गई है जिसके तहत जनपद बहराइच हेतु चिन्हित गेंहू के डण्ठल से निर्मित कलाकृति एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद के अर्न्तगत उद्योग, सेवा तथा व्यवसाय क्षेत्र में बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि योजना अन्तर्गत रू. 25 लाख से रू. 150 लाख तक परियोजनाओं पर 10 से 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी देय होगी। श्री वर्मा ने बताया कि योजना अन्तर्गत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियो को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक, महिला एंव दिव्यांग के लाभार्थियो को 05 प्रतिशत अुशदान के रूप में जमा करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में उद्योग जिला उद्योग एंव उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच से सम्पर्क योजना से सम्बन्धित विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र अथवा अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने सौ सैयायुक्त सम्बद्ध चिकित्सालय का सघन निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनपद स्थित 200 सैयायुक्त स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सौ सैयायुक्त सम्बद्ध चिकित्सालय का सघन निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों को मिल रहें उपचार की गुणवत्ता को परखा, निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सीधे जनरल वार्ड में पहुंचे और वहां भर्ती मरीजों से सम्वाद किया, बाल किशन नामक मरीज से वार्ता करते हुए उन्होने विशेष रूप से पूंछा कि उन्हे अस्तपाल से दवाईया मिल रहीं है या बाहर से खरीदनी पड रही है, इस पर बाल किशन ने अस्पताल परिसर में दवा मिलने की बात कहीं, उन्होने जनरल वार्ड में शिल्पी नामक मरीज से भी वार्ता की तथा रोगियों के उनके स्वास्थ्य और उनको मिल रहें इलाज के बारें में जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री ने एनआईसीयू और अन्य महत्वपूर्ण विभागों की कार्यप्रणाली को देखा, उन्होने साफ सफाई और उपकरणों की उपलब्धता को देखा, उन्होने साफ-सफाई और उपकरणों की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए, निरीक्षण के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, सीएमएस और सीएमओ कडे शब्दों में निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समस्त अनुमन्य सुविधाऐं अनिवार्य रूप मुहैया कराई जाए, मरीजों को बाहर से दवा लिखने की शिकायत नही मिलनी चाहिए, ''जन सेवा ही प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त् नही की जाएगी'', उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, और मरीजों की सुविधा में कमी पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस निरीक्षण के दौरान सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर सहित जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य आदि उपस्थित रहें।

## महिला कांस्टेबल का एटीएम बदलकर 97,500 रुपये की ठगी, मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर।** अमेठी के एलआईयू विभाग में तैनात हेड कांस्टेबल प्रतिभा पाण्डेय के साथ एटीएम फ्रॉड का मामला सामने आया है। जालसाजों ने उनका एटीएम कार्ड बदलकर 24 घंटे के भीतर 97,500 रुपये निकाल लिए। घटना के बाद नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता सुल्तानपुर स्थित महिला थाना परिसर में बने सरकारी आवास में अपने बच्चों के साथ रहती हैं। उनकी दो बेटियां शास्त्रीनगर के सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ती हैं। 6 अप्रैल को बेटियों के एडमिशन के लिए स्कूल पहुंची प्रतिभा पाण्डेय के पास पैसे कम पड़ गए, जिसके बाद वह मुख्य मार्ग स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचीं। बताया जा रहा है कि एटीएम के अंदर पहले से मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने मदद के बहाने उनका कार्ड अपने पास लेकर मशीन में लगाने की बात कही। इसी दौरान उन्होंने धोखाधड़ी करते हुए उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और दूसरा कार्ड थमा दिया। उस समय पीड़िता को इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

# तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण प्रारम्भ



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बेहद सख्त रुख अख्तियार किया है, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा ने प्रशिक्षण सत्र से अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों के खिलाफ जनगणना अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन ही सभी कार्मिकों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी गई थी, साथ ही उन्हें अवगत कराया गया था की जनगणना जैसा राष्ट्रीय कार्य अनिवार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या लापरवाही पाए जाने पर सीधे जनगणना अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा, प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य कार्य को त्रुटिहीन बनाना है, ऐसे में अनुपस्थिति सीधे तौर पर कार्यों में बाधा डालने के समान है।

# एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर हादसा, शादी में आए युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर रविवार रात करीब आठ बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक शादी समारोह में शामिल होने आया था। घटना की सूचना मिलते ही शादी वाले घर की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव गार्डन नगला सिंघी निवासी 25 वर्षीय नीरज पुत्र राकेश अपने साले मुस्तफा निवासी नगला बेहड़, डौकी शादी में शामिल होने बाइक से आया था।

शादी समारोह के बाद वह रिश्तेदारों से मिलने गांव नरी, डौकी चला गया था। देर शाम करीब आठ बजे जब वह वापस लौट रहा था, तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर नरी पुलिया के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीरज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर थाना डौकी के थानाध्यक्ष सुनीत शर्मा व वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जैसे ही हादसे की खबर शादी समारोह में पहुंची, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि नीरज की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व पूनम देवी निवासी मीटपुरा, थाना फतेहाबाद से हुई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक वर्ष की मासूम बेटी खुशी को छोड़ गया है। नीरज मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

## 250 पद पर होगी सीधी भर्ती

**फिरोजाबाद।** जिले में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए भर्ती कैम्प एसआईएस सिक्योरिटी द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप का अयोजन किया जा रहा है। जिनकी तारीखें इस तरह से हैं। 22 अप्रैल को एका ब्लॉक, 23 अप्रैल को नारखी ब्लॉक, 24 अप्रैल को, शिकोहाबाद ब्लॉक, 25 अप्रैल को शिकोहाबाद ब्लॉक, 27 अप्रैल को फिरोजाबाद ब्लॉक हैं जिनमें भर्ती केम्प का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। कमांडेंट कार्यालय राकेश चौधरी ने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवा की उम्र 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी की ऊँचाई 168 से 170 सेमी एवं वजन 55 से 90 किलोग्राम होना आवश्यक है। अभ्यर्थी अपनी 10 वीं व 12 वीं सहित समस्त शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटोकॉपी एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

## डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टूंडला।** विधानसभा के ग्राम सिकरारी में रविवार को भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामजी लाल सुमन रहे। उनके साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्य प्रकाश सागर, विधानसभा अध्यक्ष सनी सागर, पूर्व एडीएम अमर सिंह, नौरंगी यादव, सूरज कुमार ठेकेदार तथा संजय जाटव सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों और उनके द्वारा समाज को दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

# रात में गांव पहुंचकर एडीएम अरविंद कुमार ने लगाई चौपाल

अवधनामा संवाददाता

■ हल्का लेखपाल लापरवाही के चलते निलंबित



**शाहजहांपुर।** जनपद के अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार को ग्रामीणों ने अवगत कराया कि उनके गांव में फार्मर रजिस्ट्री के लिए ना कोई कैंप लगाया गया है ना फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है इस शिकायत को अरविंद कुमार ने गंभीरता से लिया और रविवार की रात्रि वह गांव पहुंच गए गांव में पहुंचते ही आनन-फानन में पंचायत घर के अंदर प्रकाश व्यवस्था की गई और एडीएम ने रात में ही चौपाल लगा दी जहां गांव के सैकड़ो लोग अपनी जन समस्याएं लेकर पहुंच गए इस दौरान तहसील सदर क्षेत्र के

ग्राम चंदौरा बहादुर के ग्रामीणों में विकास द्वारा अपने भाई के ऐक्सिडेंट में मृत्यु होने पर कृषक दुर्घटना योजना का लाभ न मिलने , संगीता द्वारा विरासत और फॉर्मर रजिस्ट्री, गीता देवी पति के एक्सीडेंट पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना, वारिसान, फॉर्मर रजिस्ट्री ना बनने,रामनिवास द्वारा कुरा बंटवारा न करने

वहीं सोनेलाल यादव, रामनरेश , लंकुश, संतोष, शांति देवी, बुधा , रामनिवास, राममिलन, अनिल, सहित काफी संख्या में लोगों द्वारा बताया गया कि 1 अप्रैल से गांव-गांव फार्मर रजिस्ट्री कैंप लगाने के निर्देश हुए हैं लेकिन गांव में लेखपाल द्वारा आज तक कोई कैंप नहीं लगाया गया है ना ही कोई फार्मर रजिस्ट्री की गई है खानापूर्ति के लिए लेखपाल एक दिन आए थे और फिर दोबारा देखने नहीं आए इस दौरान ग्रामीणों ने आय जाति, निवास, प्रमाण पत्रों को मनमाने तरीके से बनाने, कृषक दुर्घटना की फाइल रिपोर्ट ना लगाने, गौशाला की जमीन की पैमाईश ना करने जैसी तमाम समस्याएं बताई कई गंभीर आरोपों का संज्ञान लेकर अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने ग्राम चंदौरा बहादुर में तैनात लेखपाल आशीष कुमार यादव को निलंबन की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जिसके परिणामस्वरूप उप जिलाधिकारी सदर द्वारा लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है। अरविंद कुमार अपर जिलाधिकारी बिश रा. द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री की समीक्षा लगातार की जा रही है। 30 अप्रैल तक पंचायत भवन पर कैंप लगाकर कर फॉर्मर रजिस्ट्री का काम किया जा रहा है जहां लेखपाल, पंचायत सहायक, जनसेवा केंद्र के लोग बैठ रहे हैं। तथा उनका सहयोग हेतु ग्राम प्रधान और कोटेदार भी निर्देशित किया गया। ऐसे में किसी के द्वारा लापरवाही बरती जाएगी तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई किया जाएगी।

## गोसाईगंज पुलिस ने लकड़ी चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार



**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के थाना गोसाईगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने खेतों से पेड़ काटकर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की लकड़ी बरामद की गई है, साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी सीज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 7 अप्रैल 2026 को रविशंकर शुक्ला ने अपने खेत से 24 यूकेलिप्टस (सफेदा) के पेड़ चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और मुखबिर की सूचना पर 20 अप्रैल को घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने शुभम यादव (22), करन (18), रोशनलाल (19) और आदित्य पटेल (18) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के पास से सफेदा (यूकेलिप्टस) के कुल 43 बोटे बरामद किए गए हैं, जिनमें 25 बोटे 4 फीट के और 18 बोटे 3 फीट के हैं। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक कैलाश सिंह समेत पुलिस टीम के अन्य जवानों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## विधायक की पहल पर मायंग से नौगवातीर मार्ग में प्रगति शीघ्र

**सुल्तानपुर।** भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह की पहल पर मायंग से नौगवातीर मार्ग के निर्माण को लेकर बड़ी प्रगति हुई है। यूपी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने उनके पत्र का संज्ञान लेते हुए पैकेज नंबर यूपी-68208 में वेरिएशन किए जाने की मांग को स्वीकार कर लिया है। मांग स्वीकृत होने के बाद अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अंकुर कौशिक ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव को इस संबंध में पत्र भेजा है, जिससे आगे की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। इस फैसले की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने छोटे पुत्र जिसका नाम मोहम्मद जोहान खां (Mohammad Zohan Khan) है उसका नाम बदलकर मोहम्मद यसा खां (MOHAMMAD YASAA KHAN) रख लिया है। तथा शपथी के पुत्र को आज के बाद से मोहम्मद यसा खां (MOHAMMAD YASAA KHAN) नाम से जाना जाये और उसके सभी सर्टिफिकेट मे नाम बदल दिया जाये।

फैज, अहमद खाँ आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र फजलुद्दीन खान निवासी 359/418, कटरा खुदायार खान, जनपद लखनऊ-226003

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सैय्यद जायर हुसैन (SYED ZAIR HUSSAIN) था, जिसे बदल कर मैंने अपना नाम जायर हुसैन (ZAIR HUSAIN) कर लिया है। भविष्य में मुझे जायर हुसैन के नाम से ही जाना-पहचाना जाए।

जायर हुसैन (ZAIR HUSAIN)
पुत्र यावर हुसैन
निवासी 546/310, सरफराजगंज, हरदोई रोड, बालागंज लखनऊ।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत-पकड़ी मदरहां**
**विकास खण्ड- मोतीचक, जनपद-कुशीनगर**

पत्रांक/मेमो/पंचायत/निविदा आपूर्ति/2026-27 दिनांक : 20.04.2026

**-:: अल्पकालिक निविदा/सामग्री आपूर्ति सूचना ::-**

ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, VB G Ram G/मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बैंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट व हाई मास्क, ओपेन जीम सामग्री, आर0ओ0, स्टेशनरी सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री, चेयर, ई रिक्सा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जी.एस.टी., कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जी.एस.टी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत एफ.डी.आर. एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अलाउद्दीन**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- पकड़ी मदरहां**
**विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर**

**शिवेंद्र कुमार गुप्ता**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत- पकड़ी मदरहां**
**विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बशीरपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 20/04/2026

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 20-04-2026 से 27-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 28-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**पूनम निषाद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. बशीरपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अंकेश कुमार सरोज**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. बशीरपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बेसिक, राजकीय तथा सहायता प्राप्त विद्यालयों के लगभग आधे सैकड़ा सेवानिवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित।

अटेवा इटावा के तत्वावधान में भव्य सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में आयोजन रविवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट)के प्रशिक्षण हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में लंबे समय तक योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना और उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा। समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्रेमपाल सिंह, उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट ने की व अटेवा के कार्यों की सराहना करते हुए सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए जीवन जीने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और उनका अनुभव हमेशा प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र बैच और प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान को पाकर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें भावुक नज़र आये। संचालन प्रवक्ता शिव शंकर यादव(पूर्व सैनिक)एवं मधुर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रशिक्षण ज्ञानेंद्र सिंह, स्टेट रिसोर्स पर्सन मीनाक्षी पाण्डेय, प्रद्युम्न कश्यप, पंकज चौहान, रमेश चौधरी, अरुण यादव, अभिजीत चौधरी, मनोज यादव, विजय पटेल, राघवेंद्र मौर्य, आलोक चौहान, आलोक यादव, जयवीर पाल, हरेंद्र सिंह, मुनीश कुमार, विनोद राजपूत, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शफी अहमद बालक उर्दू मोहल्ला वार्ड के निर्विरोध सभासद निर्वाचित



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नगर पालिका परिषद के उर्दू मोहल्ला वार्ड में सभासद की मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव में पूर्व सभासद का समर्थन मिलने और नामांकन वापस लेने से पूर्व सभासद शफी अहमद बालक वार्ड के निर्विरोध सभासद निर्वाचित हुए। एडीएम आफिस में रिटर्निंग आफिसर सन्दीप कुमार ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। उर्दू मोहल्ला वार्ड के उपचुनाव में मृतक जावेद हुसैन सभासद की पत्नी शादमा भी प्रत्याशी बनना चाहती थीं लेकिन वह अंतिम दिन नामांकन प्रक्रिया में आठ मिनट की देरी से पहुंचीं जिसके चलते वह अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सकीं। इस कारण चुनावी मैदान में मुकाबला सीमित हो गया और अन्य संभावनाएं खत्म हो गईं। रविवार देर शाम पूर्व सभासद शफीक मस्त खां ने शफी अहमद को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। इस फैसले के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई। शफीक मस्त खां द्वारा अपना नामांकन वापस लेने से शफी अहमद बालक निर्विरोध सभासद निर्वाचित हुए। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 10 से 16 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए गए, 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच हुई और सोमवार को शफीक मस्त खां के नाम वापसी के बाद शफी अहमद बालक निर्विरोध सभासद चुन लिए गए। नवनिर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक इससे पूर्व भी सभासद पद पर रहते अपने वार्ड का विकास कराने के साथ वार्ड के लोगों के दुख-सुख में भागीदार रहते थे।

# स्मार्ट मीटरों से बढ़ता जनाक्रोश, सपा ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा।** कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को लेकर आम जनता में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। बढ़े हुए बिजली बिलों और तकनीकी समस्याओं से परेशान लोगों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। लोगों का आरोप है कि समान बिजली खपत के बावजूद बिल पहले की तुलना में कई गुना अधिक आ रहे हैं। इसके अलावा प्रीपेड बैलेंस सिस्टम, अचानक बिजली कटौती, सर्वर संबंधी दिक्कतें और तकनीकी खामियों के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि सभी स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराई जाए तथा बढ़े हुए और गलत बिलों में तत्काल संशोधन किया जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक बिजली बिलों की वसूली और कनेक्शन काटने की कार्रवाई पर रोक लगाने, शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष शिविर लगाने, व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पोस्टपेड मीटर लागू करने की मांग भी की गई है।

पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। संबंधित विभाग को पत्र भेजकर अवगत करा दिया गया है और जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सांसद प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू, युवजन सभा के जिला सचिव अभिलाष, छात्र सभा के जिला सचिव आशीष लखेरा, प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, डॉ. मुबीन, राम दत्त, अतुल यादव, नीलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किया प्रदर्शन, जांच और बंद करने की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया और विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के नेता संदीप मिश्र ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर योजना ऐजुकेटेड जेबकतरो की स्कीम बन गई है, जिससे आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जनपद में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और बिजली विभाग की विजिलेंस टीम की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई), एसडीओ और अधिशासी अभियंता की कार्यप्रणाली की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही किसानों के गेहूं की खरीद सभी केंद्रों पर तत्काल शुरू कराने की भी मांग उठाई गई। मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गांवों में गरीब किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने इसे जनहित के खिलाफ बताते हुए योजना को तत्काल बंद करने की मांग की। इस दौरान विन्दू प्रसाद खरवार, मुखलाल चेरो, नगेंद्र धागर, प्रमोद तिरकी, आकाश चौहान, शत्रुधन बिंद, विवेक जाटव, धीरज कनौजिया, विक्की पटेल, धीरेन्द्र मौर्य, सर्वेश तिवारी, अनीश पासवान, राहुल विश्वकर्मा, संजय बियार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंजाब नेशनल बैंक परिसर में निःशुल्क प्याऊ का उद्घाटन

**सोनभद्र।** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विंध्य कन्या महाविद्यालय राबर्ट्सगंज द्वारा सोमवार को छपका स्थित पंजाब नेशनल बैंक परिसर में निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. प्रसन्न पटेल ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर डॉ. प्रसन्न पटेल ने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में राहगीरों और आम लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करना अत्यंत पुनीत और सराहनीय कार्य है। उन्होंने महाविद्यालय की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विंध्य कन्या महाविद्यालय समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यों के जरिए समाज सेवा की मिसाल कायम करता रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली विक्रम सिंह ने बताया कि इस प्याऊ के माध्यम से राहगीरों, बैंक ग्राहकों और स्थानीय लोगों को निशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी।

# बी.एन. सिंह ने हीट वेव से बचाव के निर्देश दिए

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में भीषण गर्मी एवं संभावित हीट वेव/लू से जनसामान्य, पशुधन तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। शिक्षा विभाग विद्यालयों के समय में आवश्यक परिवर्तन किय गया है तथा छात्रों हेतु पेयजल, बिजली, पंखे एवं छायादार स्थानों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मिड-डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं विद्यालय भवनों में हीट रेजिस्टेंट उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकाय एवं नगर पंचायतों को सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड एवं अस्पताल परिसरों में शीतल पेयजल, छाया एवं कूलिंग सेंटर की व्यवस्था करने, पाइप जलापूर्ति की निगरानी रखने तथा पार्कों में छायादार स्थान विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायती राज एवं ग्राम विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के टैंकर, हैंडपंपों की मरम्मत, पंचायत भवनों में कूलिंग शेल्टर, तालाबों व जल स्रोतों की सफाई एवं संरक्षण तथा मनरेगा श्रमिकों के कार्य समय में परिवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पेयजल, टीकाकरण, दवाओं की उपलब्धता, पशुशालाओं में कूलिंग व्यवस्था एवं पशुपालकों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। वन विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण, जंगलों में आग से बचाव एवं वन्यजीवों के लिए जल स्रोतों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 24 घंण्टे अलर्ट मोड में रखते हुए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी उपकेंद्रों पर त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, खराब लाइनों की समय से मरम्मत तथा आपात स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारियाँ सभी सरकारी अस्पतालों, सीएचसी/पीएचसी में हीट वेव/लू वार्ड या अलग बेड की व्यवस्था करना। डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की 24 घंण्टे ड्यूटी सुनिश्चित करना। ओआरएस, ग्लूकोज, दवाइयों और आईवी फ्लूइड की पर्याप्त उपलब्धता रखना। एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड में रखना। हीट स्ट्रोक के मरीजों का तत्काल उपचार और रेफरल व्यवस्था सुनिश्चित करना। लोगों को लू से बचाव के उपाय (क्या करें/क्या न करें) के बारे में जागरूक करना।

## अभिषेक गोयल होंगे हमीरपुर के नए जिलाधिकारी, अरविंद कुमार वर्मा बने एएसपी



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में प्रशासनिक फेरबदल के तहत जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती की गई है। अब अभिषेक गोयल को हमीरपुर का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि वर्तमान जिलाधिकारी घनश्याम मीना का स्थानांतरण उन्नाव के जिलाधिकारी पद पर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खाद्य एवं रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात रहे अभिषेक गोयल को हमीरपुर जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा के स्थानांतरण के बाद जिले में प्रशासनिक स्तर पर यह बड़ा बदलाव किया गया है। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पद पर भी बदलाव किया गया है। करीब एक वर्ष दस माह तक हमीरपुर में तैनात रहे एएसपी मनोज कुमार गुप्ता का स्थानांतरण पीटीसी सीतापुर कर दिया गया है। उनकी जगह चित्रकूट में तैनात रहे अरविंद कुमार वर्मा द्वितीय को हमीरपुर का नया एएसपी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि मनोज कुमार गुप्ता की तैनाती 26 जुलाई 2024 को हमीरपुर में हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। अब उनकी जगह अरविंद कुमार वर्मा जिले की कानून-व्यवस्था की कमान संभालेंगे। इस प्रशासनिक बदलाव को जिले की व्यवस्था में नई गति और दिशा देने के रूप में देखा जा रहा है।

## घर में घुसकर मारपीट के वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** मुस्करा थाना क्षेत्र के कंधौली गांव में वर्ष 2015 के घर में घुसकर मारपीट के मामले में वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के तहत धारा 323, 504, 506 व 452 आईपीसी से संबंधित अभियुक्त सुरेश लोधी पुत्र प्रभुदयाल निवासी कंधौली को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजीव कुमार साहू व कांस्टेबल रोहित यादव शामिल रहे।

## जनगणना के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू, डोर-टू-डोर सर्वे की दी जा रही जानकारी




**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** लगभग डेढ़ दशक बाद होने वाली जनगणना को लेकर शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण नगरपालिका के मीटिंग हॉल में 22 अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया, पूछे जाने वाले प्रश्नों तथा निर्धारित प्रपत्रों में सही तरीके से जानकारी दर्ज करने के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़े अपलोड करने की विधि भी समझाई जा रही है। पहले बैच में करीब 50 शिक्षक शामिल हुए, जबकि दूसरा बैच 26 अप्रैल से शुरू होगा।

## बांदा मार्ग पर लग रहा जाम

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के बीच से गुजर रहे स्टेट हाईवे बांदा-पैलानी-तिंदवारी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की धीमी गति के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को दोपहर 12 बजे से लगा जाम करीब दो बजे तक रेंगता रहा, जिससे राहगीरों को भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी। जाम का असर नेशनल हाईवे-34 के यातायात पर भी पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों किनारों की पटरी खोदकर छोड़ देने से समस्या बढ़ गई है। लोगों ने कार्य में तेजी लाने की मांग की है।

## रेलवे स्टेशन पर पेयजल संकट, यात्री हो रहे परेशान



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या दो और तीन सहित बाहर पेयजल संकट गहराने से यात्री परेशान हैं। स्थिति यह है कि स्टेशन पर केवल एक वाटर कूलर ही चालू है, जिससे यात्रियों को पानी मिल पा रहा है। प्लेटफार्म पर लगी टोटियां सूखी पड़ी हैं। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन के बाहर लगा वाटर कूलर भी पिछले आठ माह से खराब है और नगर पंचायत द्वारा अब तक पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों को मजबूरी में पानी खरीदना पड़ रहा है।

## 79 लाख की लागत से बने बरात घर का लोकार्पण

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के वार्ड संख्या दो में 79 लाख रुपये की लागत से बने बरात घर का लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने विधिवत रूप से किया। संस्कृत विद्यालय के सामने बने इस बरात घर का उद्घाटन पं. बलदेव प्रसाद शास्त्री की उपस्थिति में हुआ। लोकार्पण के बाद इसे कस्बा निवासी नंदू श्रीवास की पुत्री मुस्कान के विवाह के लिए खोल दिया गया। नगर पंचायत द्वारा विवाह आयोजन के लिए 10 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाँदा मे अवैध मौरंग खनन मे उतरे बाहुबली से लेकर व्यापारी और सफेदपोश

अवधनामा संवाददाता




जनपद की लगभग 24 संचालित खदानों का सच यही है कि बाहुबली, सफेदपोश, और लोकल के गुर्गों की दम पर हो रहा है अवैध मौरंग का परिवहन और नदी की जलधारा से खनन

**बांदा।** अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पिछले कुछ माह मे इस कदर बढा है जैसे सेंसेक्स बढता है , अभी हाल के कुछ महिनों मे ही देखा जाये तो जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन मे कोई बडी कार्यवाही नही की गयी है जिससे मौरंग का खनन करने वाले कारोबारी इस समय फुल फार्म मे नजर आ रहे है , अवैध खनन की परिभाषा ही बदल दी है खनिज एवं जिला प्रशासन ने अब नदी की जलधारा मे मशीन डालकर और नदी की जलधारा के ऊपर ट्रक चलाने को अवैध नही बल्कि वैध की संज्ञा देकर अवैध खनन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

जनपद मे मरौली के खंड संख्या 4 के द्वारा नदी की जलधारा मे खनन करने और नदी की जलधारा से ट्रक संचालन के वीडियो आने के बाद भी जिला प्रशासन मूक क्यों है , क्या सफेदपोश नेताओ का डर है या अवैध खनन मे हिस्सेदारी है ये तो समय ही बतायेगा परंतु एकबात तो सच है कि इतने वीडियो और साक्ष्य होने के बाद भी प्रशासन कार्यवाही क्यों नही कर रहा है , कुछ वीडियो तो जियो टैगिंग के साथ है जिससे ये भ्रम भी समाप्त हो जाता है कि ये मरौली 4 की जगह किसी अन्य मौरंग खंड का वीडियो है या फिर ये तो पुराना वीडियो है।

भीषण गर्मी मे जबकि तापमान पुरे देश मे सर्वाधिक बाँदा जनपद का ही है तब निःसंदेह पर्यावरण एवं हरित पर्यावरण क्षेत्र की होना आवश्यक है और उसपर भी केन नदी मे अगर अवैध रूप से नदी की जलधारा से ट्रक चलकर इसपार से उसपार जायेगे तो क्या नदी का असतित्व बचेगा क्या नदी मे विचरण करने वाले जलीय जीवजंतु ट्रको की चपेट मे नही आयेगे। ऐसे मे हो सकता है कि आने वाले कुछ दिनो मे ट्रैफिक पुलिस नदी मे सिग्नल व्यवस्था चालू करवाकर जलीय जीव जंतुओ को ट्रैफिक नियमावली पढायी जाने लगे , ये हंसने का विषय नही है गंभीर चिंतन का विषय है कि नदी की जलधारा पर जलीय जीव जंतुओं का जीवन चक्र चलता है जब ट्रक और ट्रैक्टर चलेगे नदी मे तो क्या मछलियां चलेगी सडको पर!

## नारी वंदन सम्मान समारोह में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**सोनभद्र।** नगर स्थित साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में नारी वंदन सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं गुप्त काशी विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पंडित पारसनाथ मिश्र ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं नारी सशक्तिकरण में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को शिक्षा, निर्णय लेने की क्षमता, आर्थिक स्वतंत्रता और समान अधिकार देना है, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं गुप्त काशी विकास परिषद के अध्यक्ष पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

# पढ़ाई और खेल पर पूरा ध्यान दें : डॉ. मुकेश यादव

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर है। खेलों में बेहतर प्रदर्शन करके देश और प्रदेश में नाम रोशन किया जा सकता है लेकिन इसके लिए हमे खेल पर पूरा फोकस करना होगा और बुराइयों से बचना होगा। उक्त बात सह जिला विद्यालय निरीक्षक डा. मुकेश यादव ने कहीं। खो-खो एसोसिएशन की ओर से राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका टूर्नामेंट के लिए हुए ट्रायल में का शुभारंभ करते हुए डॉ.मुकेश यादव ने कहा की पढ़ाई और खेल पर पूरा ध्यान दें। खेल में जाते समय स्वाभाविक रूप से कुछ बुराइया आज आने की आशंका बनी रहती है, उनसे बचे रहें तभी खेलों में अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ट्रायल की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष व विद्यालय के निदेशक डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि प्रतिभा प्रदर्शन के लिए खेल एक अच्छा प्लेटफार्म है। इससे सेहत भी ठीक रहती है और इसमें बेहतर प्रदर्शन करके एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसके लिए लगन और परिश्रम की जरूरत है। शुरुआती दौर में ही परेशान नहीं होना है बल्कि एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगे रहना है । कार्यक्रम का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव हिमांशु यादव ने किया। इस ट्रायल में विभिन्न विद्यालयों के करीब एक सैकड़ा बच्चे पहुंचे, जिन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और टीम में जगह बनाने के लिए भरपूर मेहनत की। इनमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा, जिन्हें बाद में खो-खो की प्रीमियर लीग में खेलने का भी अवसर मिलेगा। एसोसिएशन की ओर से लालू यादव, ऋषभ कुमार ने मुख्य अतिथि व अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर संजय सक्सेना, नरदेव आर्य, अश्वनी कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भोले सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# नगर निकायों में सुनी गई रहवासियों की समस्याएं

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में आयोजित किए जा रहे समाधान दिवस सम्भव के तहत सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद एवं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से की। जनसुनवाई के दौरान जिले भर से कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 1, चुर्क घुर्मा में 2, चोपन में 2, ओबरा में 5, पिपरी में 2, दुद्धी में 3, डाला बाजार में 1 तथा अनपरा में 2 शिकायतें शामिल रहीं, जबकि रेनुकूट में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्राप्त सभी शिकायतें साफ-सफाई, पेयजल, मार्ग प्रकाश सहित अन्य जनसुविधाओं से संबंधित थीं, जिनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस दौरान जेई राज कुमार राज, सभासद अनवर अली, राकेश कुमार, मनोज चौबे, अजीत सिंह, विमलेश, राजीव कुमार, आकाश कुमार सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद बांदा में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुरू

अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जनपद बांदा में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार से सभी तहसीलों, नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं में कर दी गई है। यह प्रशिक्षण संबंधित चार्ज अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जनगणना कार्य में लगाए गए प्रगणक एवं पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मकान सूचीकरण ब्लॉक में कार्यरत कार्मिक आंकड़ों का संग्रह पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ करें। इस बार जनगणना में मोबाइल ऐप के माध्यम से कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसमें भवन की स्थिति, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, शौचालय, प्रकाश स्रोत, ईंधन, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन, अनाज, फोन, वाहन, टीवी एवं इंटरनेट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। सभी आंकड़े डिजिटल माध्यम से सुरक्षित किए जाएंगे तथा जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना-2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी, जो विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का आधार बनेगी। जिला प्रभारी जनगणना श्री शैलेश कुमार ने प्रभावी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्मिकों को पूरी दक्षता के साथ प्रशिक्षित किया जाए।

अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री कुमार धर्मेंद्र ने कहा कि जनगणना कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित होगा। इसके अलावा नागरिकों को पहली बार 7 से 21 मई तक सेल्फ एन्यूमरेशन का विकल्प दिया गया है, जिससे वे स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी उप जिलाधिकारी, चार्ज अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, इसी पथ पर चल रही सरकार: सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में एक-एक फरियादी से मिलकर सुनीं समस्याएं

अवधनामा ब्यूरो

- हर जरूरतमंद को योजनाओं के तहत लाभ दिला रही सरकार: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

**दर्द लेकर आई, दुआ देकर गई-** बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं।

**आवास की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने किया आश्वस्त-** 'जनता दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

**अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों में निर्देश-** मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

सीएम ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

## कृषि विकास में मिलेट्स (श्रीअन्न) की अहम भूमिका

**लखनऊ।** मानव सभ्यता के विकासक्रम में कृषि का स्थान सर्वोपरि रहा है, और इस कृषि यात्रा में मिलेट्स यानी श्रीअन्न हमारे सबसे प्राचीन साथी रहे हैं। हज़ारों वर्षों से भारत की शुष्क और अर्ध-शुष्क भूमियों पर ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सावां, कंगनी और कुटकी जैसी फसलों ने न केवल पेट भरा, बल्कि समाज को रोगमुक्त भी रखा। विडंबना यह रही कि हरित क्रांति के दौर में गेहूं और धान की अधिक उपज वाली किस्मों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण, ये सुपरफूड्स हमारी थालियों से धीरे-धीरे ओझल हो गए और इन्हें गरीबों का अनाज कहकर हाशिए पर धकेल दिया गया। लेकिन आज, जब पूरी दुनिया लाइफस्टाइल के कारण विभिन्न रोगो डिजीज जैसे मधुमेह, हृदय रोग और मोटापे की चपेट में है, तब उत्तर प्रदेश की पावन धरा पर इन पोषक तत्वों का पुनरुद्धार एक नई आशा की किरण बनकर उभरा है।

# सूने मकान को बनाया निशाना लाखों की चोरी से सनसनी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के सरोसा-भरोसा बॉर्डर के पास मौंदा गांव में चोरों ने एक सूने मकान में घुसकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के बाहर होने का फायदा उठाते हुए बदमाश घर के ताले तोड़कर अंदर दाखिल हुए और पूरे मकान को खंगाल डाला। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है।

बताया जा रहा है कि मौंदा गांव निवासी राजपाल यादव अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर बाहर गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। रविवार रात जब परिवार वापस लौटा तो घर के हालात देखकर सन्न रह गया। कमरे अस्त-व्यस्त थे, अलमारियां टूटी पड़ी थीं और कीमती सामान गायब था।

पीड़ित के अनुसार, चोर घर से नकदी के साथ-साथ लाखों रुपये के जेवरात ले गए हैं। इनमें सोने-चांदी के कई आभूषण शामिल हैं। बदमाशों ने घर के हर हिस्से को खंगालते हुए सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। उनका कहना है कि इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासा करने की मांग की है।

# ऑल इंडिया कैफी आज़मी एकेडमी की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आल इण्डिया कैफ़ी आज़मी एकेडमी लखनऊ के कार्यकारिणी की बैठक एकेडमी के सद्र प्रो. अली अहमद फात्मी की सदारत में एकेडमी कार्यालय गुरूद्वारा रोड, पेपर मिल कालोनी, निशातगंज लखनऊ में बुलाई गई। जिसका एजेण्डा दिनांक 10 मई 2026 को कैफ़ी आज़मी की यौमे वफ़ात (पुण्य तिथि) के मौके पर होने वाले कार्यक्रम पर विचार विमर्श करना था। बैठक में सब सदस्यों से विचार विमर्श के बाद एकेडमी के सद्र प्रो. अली अहमद फ़ात्मी ने कहा कि प्रोग्राम तीन सेशन में होगा। पहला सेशन शाम 4:00 बजे से 5:00 बजे तक होगा जिसमें फ़िल्म हीरराँझा की कुछ झलकियाँ दिखाई जायेंगी और उस पर डिस्कशन होगा जिसमें भारतेन्दु नाट्य एकेडमी के साबिक डायरेक्टर सुरमोहन कुलश्रेष्ठ, प्रो. खान अहमद फ़ारूख (कानपुर यूनिवर्सिटी) और प्रो. नदीम हसनैन (एल.यू.) डिस्कशन करेंगे। दूसरा सेशन शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक होगा। जिसमें कैफ़ी आज़मी की पुस्तक ''नई गुलिस्ताँ'' पर प्रो. अली अहमद फ़ात्मी (इलाहाबाद यूनिवर्सिटी), डा. उदयभान यादव (आजमगढ़) अपना आर्टिकिल पढ़ेंगे। तीसरा सेशन शाम 6:30 बजे से शहज़ाद रिज़्वी और फ़रज़ाना मेंहदी, अशफ़ाक उल्ला खाँ पर दास्तानगोई पेश करेंगे। कार्यक्रम की सदारत प्रो. अली अहमद फ़त्मी और निज़ामत प्रो. रेश्मा परवीन करेंगी। सै. फ़्राहिम हुसैन को कार्यक्रम का इंचार्ज बनाया गया। बैठक में प्रो. अली अहमद फत्मी, प्रो. नलिन रंजन, प्रो. रेशमा परवीन, डा. अतहर रिज़्वी, डा. अज़रा रिज़्वी, करूणाशंकर, आशीष यादव, फ़रहीन मेंहदी, फ़्राहिम हुसैन, डा. प्रियंका, मसरूर फ़ात्मा, विशाल सिंह, सै. आबिस मेंहदी ने भाग लिया।

# फरियादियों से सीधे रूबरू हुए डिप्टी सीएम

- कब्जे और विवादों पर सख्त: केशव मौर्य ने दिए जांच के आदेश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' में जन-सेवा और प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक नई मिसाल पेश की।

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि उप मुख्यमंत्री ने औपचारिकताओं को परे रखते हुए स्वयं एक-एक फरियादी के पास जाकर, उनसे सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं को अत्यंत आत्मीयता के साथ सुना। प्रदेश के विभिन्न सुदूर जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा साझा की, जिस पर मौर्य ने न केवल उन्हें ढांढस बंधाया, बल्कि समस्याओं के समाधान हेतु मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की।

जनता दर्शन के दौरान बांदा जनपद से आए रामदत्त और ओम प्रकाश ने भूमि से दबंगों द्वारा किए गए अनाधिकार कब्जे को हटवाने की गुहार लगाई। वाराणसी से आए विजय शर्मा ने गंभीर बीमारी के उपचार हेतु चिकित्सा सहायता अनुदान और राजेंद्र कुमार ने जटिल भूमि विवाद के त्वरित निस्तारण का आग्रह किया। इसी क्रम में कानपुर देहात के दीपक कुमार ने अपने विरुद्ध दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमे को निष्पक्ष जांच कर निरस्त कराने की अपील की, तो कासगंज के चंदन सिंह ने जमीन से जुड़े पुराने विवाद के न्यायसंगत निपटारे की मांग रखी। बदायूं जिले से आए फरियादियों की संख्या भी पर्याप्त रही, जिसमें राम विलास ने वैध विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद दर्ज हुए मुकदमे की जांच कराने, चंद्रपाल ने बिजली संबंधी अन्य प्रकरणों और राम अवतार शाक्य ने अपनी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का पत्र दिया, साथ ही, बलरामपुर के राम अक्षयबर ने असाध्य रोग के इलाज के लिए आर्थिक मदद, फर्रुखाबाद की प्रेमवती शाक्य व सीतापुर के दीपू ने आवास दिलाने और महोबा के दयाशंकर ने अपनी पट्टे की जमीन को दबंगों के चंगुल से छुड़ाने की व्यथा सुनाई। इन तमाम प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने शासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय दिया और कई जिलों के जिलाधिकारियों एवं (एसएसपी/एसपी) से दूरभाष पर सीधी वार्ता की और निर्देश दिये कि धरातल पर पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि चिकित्सा सहायता, आवास और अंत्योदय से जुड़े मानवीय मामलों में तत्काल प्रक्रिया पूरी कर राहत पहुँचाई जाए।

## राज्य नियोजन संस्थान के अंतर्गत मूल्यांकन प्रभाग के लिए 50 लाख रूपये मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य नियोजन संस्थान के अंतर्गत मूल्यांकन प्रभाग के लिए 50 लाख रूपये मंजूर किए है। यह धनराशि मूल्यांकन प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मूल्यांकन की प्रक्रिया में विशेषज्ञों की सेवाओं के उपयोग हेतु मंजूर की गई है। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, मूल्यांकन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान के निवर्तन पर रखी गई है।

नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिया है। आदेशानुसार विभिन्न मदों के अंतर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के सापेक्ष किए गए व्यय पर नियंत्रण के संबंध में निर्गत आदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में ईरान में शहीद बच्चों को दी गई श्रद्धांजलि



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने आयतुल्लाह खामेनई को श्रद्धांजलि अर्पित की और 28 फरवरी को ईरान के मिनाब में अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमले में शहीद हुई शाजरे तैय्यबा गर्ल एलिमेंट्री स्कूल की छात्राओं को याद किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और स्टाफ ने मिनाब के स्कूल के बच्चों की याद में पेंटिंग्स बनाई और शहीद बच्चों के परिजनों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। आयतुल्लाह अली हुसैन सिस्तानी के कार्यालय के प्रतिनिधि मौलाना मोहम्मद हुसैन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से ईरान निर्दोष लोगों, ख़ासकर स्कूली बच्चों की हत्या बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि भारत समेत दुनिया भर के लोग आयतुल्लाह खामेनई और करीब 165 स्कूली बच्चों की मौत से दुखी हैं। एकेडमी के मैनेजर प्रो. आगा परवेज मसीह ने कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने शिक्षा के क्षेत्र में कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है, लेकिन स्कूलों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। प्रिंसिपल रेशमा हसन ने कहा कि भारतीय छात्र मीनाब घटना की निंदा करते हैं। पत्रकार असद रिज़्वी ने कहा कि छात्रों को निशाना बनाना शिक्षा का विरोध है और यह अज्ञानता फैलाने की कोशिश है।

## अजय राय का पीएम पर तीखा हमला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बड़े ही कुटिल तरीके से महिलाओं के आरक्षण जिस पर पहले ही निर्णय हो चुका था परिसीमन के साथ जोडने का कुत्सित प्रयास किया। पूरे विपक्ष ने उनकी इस चाल को समझ लिया और इस चालाकी भरे प्रयास को निर्णायक रूप से पराजित कर दिया। यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था, हमारे ढांचे और संविधान की जीत है। श्री राय सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद और मीता गौतम, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष ड्क्षहदवी व प्रवक्ता शुचि विश्वास के साथ पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। वार्ता के आरम्भ में श्री राय ने वर्ष 2023 का वीडियो दिखाया जिसमें प्रधानमंत्री समस्त विपक्ष को महिला आरक्षण बिल पास होने पर बधाई दे रहे हैं और वर्ष 2026 में उनका राष्ट्र के नाम सम्बोधन दिखा रहे हैं, जिसमें वह बिल पास न होने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। श्री राय ने कहा कि मोदी तय नहीं कर पा रहे कि वे क्या कहें, क्या इल्जाम लगाएं। सच तो यह है कि वह खुद अपने ही जाल में फंस गये हैं।

# मत्स्य विभाग में बंपर भर्ती : खाली पदों को जल्द भरने के निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

- एक्शन में डॉ. संजय निषाद: फाइलों की पेंडेंसी पर अधिकारियों को कड़ी फटकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक में कहा कि मछुआ (चतुर्थ श्रेणी तकनीकी) पद पर भर्ती के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर पद भरे जाएं। विभाग में जो भी पद खाली हैं उन पर नियमानुसार शीघ्र भर्ती की जाए। डॉ निषाद ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासन या निदेशालय स्तर पर किसी भी पटल पर कोई भी पत्रावली लंबित न रहे। पत्रावलियों निर्धारित अवधि में पूर्ण की जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।

डा0 निषाद ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वित्तीय वर्ष 2026-27 प्राप्त बजट हेतु सुदृढ़ कार्ययोजना बनायी जाए और निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित अवधि में ही कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा जाए। मत्स्य पालकों के हित में संचालित योजनाओं का व्यापक तरीके से प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य दक्षता एवं टेऊनिंग कराई जाए। मत्स्य विकास मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डा0 निषाद ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में और वन ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करने में मत्स्य विकास विभाग की विशेष भूमिका है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम मत्स्य पालन के परम्परागत पेशे का वैज्ञानिक विधि एवं तकनीकी के समन्वय से आधुनिकीकरण करें और मछुआ समुदाय की आर्थिक उन्नति के साथ ही प्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं अग्रणी बनाए। मत्स्य दुर्घटना बीमा योजना की व्यापक समीक्षा करते हुए मंत्री ने योजना मे अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को आच्छादित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों के गठन के लंबित प्रस्तावों का निस्तारण एवं विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाए।

# आर.डी.एस.ओ. में 'संकल्प' हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आर.डी.एस.ओ. में 20 अप्रैल 2026 कोनवनिर्मित हिंदी पुस्तकालय 'संकल्प' का उद्घाटन महानिदेशक प्रभास दनसाना द्वारा किया गया। अभिकल्प-भवन के भूतल पर स्थापित यह पुस्तकालय अब पाठकों के लिए एक ऐसा मंच बनेगा, जहाँ ज्ञान, कौशल और संवेदनशील सोच,तीनों का संतुलित विकास संभव होगा। डॉ. वीणाकुमारीवर्मा, मुख्य राजभाषा अधिकारी, आर.डी.एस.ओ. ने पुस्तकालय की कार्य-प्रणाली समझाते हुए बताया कि यह केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि पाठकों की जरूरतों के अनुसार ज्ञान का एक व्यवस्थित और उपयोगी केंद्र है। महानिदेशक दनसाना ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि डिजिटल दौर में भी पुस्तकालय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमें गहराई से सोचने, बेहतर निर्णय लेने और मानवीय मूल्यों को समझने की क्षमता देती हैं, जो किसी भी व्यक्ति के करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य है। पाठकों के अधिकतम लाभ के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि पुस्तकालय में नियमित साहित्यिक संगोष्ठियाँ आयोजित हों और विभिन्न निदेशालयों की तकनीकी बुलेटिन भी उपलब्ध कराई जाएँ। इससे पाठकों को एक ही स्थान पर साहित्यिक और तकनीकी दोनों प्रकार का ज्ञान मिलेगा, जो उनके पेशेवर विकास में सहायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी पुस्तकालय को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। 'संकल्प' हिंदी पुस्तकालय अब केवल पढ़ने का स्थान नहीं, बल्कि सीखने, सोचने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाला एक सशक्त ज्ञान-केंद्र बनकर उभरेगा।

# मोबाइल टॉवर है, पूर्णतः सुरक्षित, अफवाहों से बचें: दूरसंचार विभाग

अवधनामा ब्यूरो

- उत्तर प्रदेश पूर्व एलएसए का आधिकारिक स्पष्टीकरण



**लखनऊ।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत दूरसंचार विभाग की उत्तर प्रदेश पूर्व लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने मोबाइल टावरों से उत्सर्जित होने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड (EMF) रेडिएशन के संबंध में जनमानस में व्याप्त भ्रांतियों के निवारण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया है। विभाग ने आश्वस्त किया है कि 5G, 4G, सहित सभी तकनीकों के मोबाइल टावरों से उत्सर्जित तरंगें, दूरसंचार विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के पूर्णतः अंतर्गत होते हैं और आम जनता को रेडिएशन संबंधी किसी भी भ्रामक जानकारी पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि 5G या अन्य किसी भी नेटवर्क के टावर रेडिएशन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात पूर्णतः निराधार है। 2G से लेकर 5G तक, सभी मोबाइल नेटवर्क 'नॉन-आयनाइजिंग' (Non-ionizing) रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करते हैं। इन तरंगों में ऊर्जा का स्तर इतना न्यून होता है कि ये मानव शरीर अथवा डीएनए को कोई क्षति नहीं पहुंचा सकतीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी इस तथ्य की पुष्टि की जा चुकी है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित ईएमएफ (EMF) उत्सर्जन मानक अंतर्राष्ट्रीय (ICNIRP) मानकों की तुलना में 2 गुना अधिक कठोर हैं, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

आम जनमानस की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, उत्तर प्रदेश पूर्व एलएसए द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में स्थापित सभी मोबाइल टावरों की निरंतर निगरानी और ईएमएफ (EMF) रेडिएशन अनुपालन परीक्षण सुनिश्चित किया जाता है। दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा सभी टावरों का स्व-प्रमाणन प्रस्तुत किया जाता है, जिसके उपरांत विभाग की टीम द्वारा प्रत्येक वर्ष कुल लगाए गए मोबाइल टावर के 5G टॉवरों का औचक निरीक्षण और ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण किया जाता है।

उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए क्षेत्र में स्थापित कुल 1,21,866 बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) में से 6,240 का वर्ष 2025-26 के दौरान ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण किया गया है और ये सभी बीटीएस निर्धारित सुरक्षित सीमाओं के भीतर कार्य करते पाए गए हैं। मानकों का उल्लंघन करने वाले दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर भारी आर्थिक जुर्माना लगाने के साथ-साथ सम्बंधित बीटीएस को तत्काल प्रभाव से बंद करने का सख्त प्रावधान भी लागू है। बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) की सुरक्षा प्रणाली को पुष्ट करते हुए, उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए के अपर महानिदेशक दूरसंचार, अरुण कुमार वर्मा ने कहा, विभाग नागरिकों को पूर्णतः आश्वस्त करना चाहता है कि उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए में संचालित सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) (चाहे वह 2G हो या 5G) दूरसंचार विभाग के ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण की कसौटी पर अभी तक खरे उतरे है। विभाग की नियमित ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण यह सुनिश्चित करता है कि जन-स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। '

पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दूरसंचार विभाग द्वारा 'तरंग संचार' पोर्टल (tarangsanchar.gov.in) संचालित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी नागरिक सुगमतापूर्वक अपने आवास अथवा कार्यालय के समीप स्थापित मोबाइल टावरों की स्थिति देख सकता है। इसके साथ ही, यह भी सत्यापित किया जा सकता है कि संबंधित टावर सुरक्षित ईएमएफ (EMF) रेडिएशन मानकों का अनुपालन कर रहा है या नहीं। पोर्टल पर वैज्ञानिक तथ्य एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) भी जन-जागरूकता हेतु उपलब्ध हैं।

यदि किसी नागरिक को अपने आवास, कार्यालय अथवा परिसर के समीप स्थित किसी विशिष्ट मोबाइल टावर से उत्सर्जित रेडिएशन के विषय में तनिक भी संशय है, तो वह इसकी जांच हेतु आधिकारिक अनुरोध कर सकता है। इच्छुक व्यक्ति 'तरंग संचार पोर्टल' [https://tarangsanchar.gov.in/EMFPortal/Request/Dmeasurement] के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर टावर की ईएमएफ रेडिएशन जांच करवा सकता है। इस व्यक्तिगत ईएमएफ रेडिएशन परीक्षण हेतु मात्र 4000/- का नाममात्र शुल्क निर्धारित किया गया है।

दूरसंचार विभाग डिजिटल इंडिया के संकल्प को साकार करने की दिशा में 5त्र एवं अन्य दूरसंचार सेवाओं के सुचारू, बाधारहित एवं सुरक्षित विस्तार हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# द्रौपदी मुर्मु से प्रशिक्षु रेलवे अधिकारियों ने की मुलाकात

- रेलवे अधिकारियों को राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने का संदेश
- रेल सेवाओं को बताया आमजन के जीवन का अहम हिस्सा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (यातायात), भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा और भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। रेलवे सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश का एक बड़ा हिस्सा हर दिन रेल का इस्तेमाल करता है। रेलवे सेवा अधिकारियों के रूप में, उन्हें हमारी गतिशीलता को बढ़ाने और इस तरह हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभानी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रेलवे सेवाएं बड़ी संख्या में लोगों के दैनिक जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करती हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह ध्यान में रखने की सलाह दी कि वे राष्ट्र के लिए एक बदलाव के वाहक और सेवा प्रदाता के रूप में रेलवे की समग्र प्रभावशीलता के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने भारत के राष्ट्रपति को पिछले एक दशक में रेल बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में हुए विकास और रेलवे की अन्य चल रही परियोजनाओं से अवगत कराया, जो आत्मनिर्भर राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। दो भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (यातायात) परिवीक्षाधीन अधिकारियों , डॉ दीपशा भट्टाचार्य और प्रांजल जैन ने प्रशिक्षण का संक्षिप्त विवरण दिया तथा यह प्रण लिया कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी सेवा देने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर सदस्य (वित्त), रेलवे बोर्ड, मंजुषा जैन, महानिदेशक (एचआर) , रेलवे बोर्ड, अरुणा नायर, महानिदेशक आरपीएफ, सोनाली मिश्रा (IPS) , भारतीय परिवहन प्रबंधन संस्थान, की महानिदेशक अपर्णा गर्ग, और लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी के आईजी सह निदेशक बी वेंकटेश्वर राव एवं रेलवे बोर्ड, नयी दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।